✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 279 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 9 मार्च 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




पटना में बिहार संग्रहालय के सामने पुनर्विकसित किए जा रहे 60 आवास एवं आफिसर्स हास्टल कैम्पस तथा पार्क के निर्माण कार्य को लेकर स्थल निरीक्षण करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

### मुख्यमंत्री ने 542 करोड़ की लागत से बिहार-पटना संग्रहालय को जोड़नेवाली सुरंग का किया कार्यारंभ

# पर्यटकों की संख्या में होगी वृद्धि : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को 542 करोड़ की लागत से बिहार संग्रहालय और पटना संग्रहालय को जोड़नेवाली सुरंग का शिलापट्ट का अनावरण कर कार्यारंभ किया। मुख्यमंत्री ने निर्माण करनेवाली मशीन का बटन दबाकर कार्य की शुरूआत करायी। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को सुरंग (टनल) के निर्माण कार्य की प्रक्रिया तथा इसे पूर्ण करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। नेहरू पथ के समीप हड़ताली मोड़ स्थित निर्माणाधीन म्यूज़ियम सब-वे टनल के कार्यारंभ के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य बेहतर ढंग से जल्द पूर्ण हो, इसका विशेष रूप से ख्याल रखें। इसके बन जाने से बिहार और पटना संग्रहालय में लगे प्रदर्शों का लोग आसानी से एक जगह से दूसरी जगह जाकर अवलोकन कर सकेंगे। पर्यटकों की संख्या में काफी



बढ़ोत्तरी होगी, इसे ध्यान में रखते हुए पार्किंग और अन्य जरूरी सुविधाओं की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि टनल का निर्माण इस प्रकार करायें जिससे नेहरू पथ पर आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने बिहार संग्रहालय का परिभ्रमण किया। इस दौरान बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने संग्रहालय परिसर में लगाए गए नए प्रदर्शों, पर्यटकों की संख्या, पार्किंग की व्यवस्था, संग्रहालय परिसर में उपलब्ध सुविधाओं आदि के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। परिभ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने बिहार संग्रहालय के सामने पुनर्विकसित किए जा रहे 60 आवास एवं अफिसर्स हास्टल कैम्पस तथा पार्क के निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी ली और स्थल निरीक्षण किया। साइट प्लान के माध्यम से अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि यहां बहुमंज़िला भवन का निर्माण कराया जाना है। यहां निर्मित होनेवाले भवन के नये परिसर में सोलर पार्किंग शेड, ओपेन पार्किंग, क्लब हाउस आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। यहां पर्याप्त पार्किंग का प्रबंध रहेगा। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस काम को तेजी से आगे बढ़ायें। हमारे मन में पहले से ही यह इच्छा थी कि पुराने स्ट्रक्चर को तोड़कर मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बने जो हर प्रकार की आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित हो। नेहरू पथ के किनारे इस बहुमंजिला इमारत के बन जाने से आवासन की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध होगी। इसके बगल में बेहतर ढंग से पार्क का निर्माण करायें ताकि संग्रहालय आनेवाले लोग इसका भी आनंद उठा सकें। मुख्यमंत्री ने बिहार और पटना संग्रहालय को जोड़नेवाली सुरंग के पटना संग्रहालय वाले छोर का भी स्थल निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव डॉ. संदीप कुमार आर. पुडकलकी, कला, संस्कृति विभाग के सचिव प्रणव कुमार, पटना प्रमंडल के आयुक्त अनिमेष परासर, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# फ्री दवा बांटने में बिहार 'नंबर वन' : मंगल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि बिहार सरकार मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी का परिणाम है कि बिहार फरवरी 2026 में भी देश भर में मरीजों को निःशुल्क दवा उपलब्ध कराने के मामले में पहले स्थान पर रहा है। उन्होंने बताया कि बिहार पिछले 18 महीनों से इस मामले में लगातार अव्वल बना हुआ है। बिहार ने पहली बार सितंबर 2024 में यह उपलब्धि हासिल की थी और तब से यह स्थान बरकरार है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि सरकारी अस्पतालों में आने वाले मरीजों को बेहतर उपचार के साथ दवाएं भी समय पर मिलें। इसके लिए बिहार के सभी स्तर के सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों में मुफ्त दवा उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसमें मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जिला अस्पताल, रेफरल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अतिरिक्त पीएचसी, शहरी पीएचसी, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और स्वास्थ्य उपकेंद्र शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से गरीब और जरूरतमंद मरीजों को काफी राहत मिली है और उन्हें बाहर से महंगी दवाएं खरीदने की जरूरत कम हुई है। अस्पतालों में दवाओं की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दवा सूची (ईडीएल) का निर्धारण, औषधि प्रबंधन प्रणाली का पालन और प्रभावी रेफरल नीति लागू की गई है। इन कदमों से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में भी लगातार सुधार हो रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा कल से

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा पर निकलेंगे। समृद्धि यात्रा के तीसरे चरण की शुरुआत 10 मार्च से होगी और 14 मार्च तक चलेगी। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सुपौल, मधेपुरा, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, सहरसा, खगड़िया, बेगूसराय और शेखपुरा का दौरा करेंगे।

### हर्ष फायरिंग में युवक घायल

**जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के ओकरी ओपी क्षेत्र के लक्षण बिगहा गांव में एक शादी समारोह के दौरान हुई हर्ष फायरिंग में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली लगने के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। आनन-फानन में घायल युवक को इलाज के लिए जहानाबाद सदर अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया। घायल युवक की पहचान खेमचंद बिगहा गांव निवासी मुकेश कुमार के रूप में की गई है।

### बिहार में असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती प्रक्रिया में होगा बदलाव

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफ़ेसर की नियुक्ति प्रक्रिया में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। राज्य सरकार के आदेश के बाद लोक भवन की ओर से जारी कमेटी ने 'ड्राफ्ट स्टैच्यूट फॉर अपॉइंटमेंट ऑफ असिस्टेंट प्रोफ़ेसर 2025' तैयार किया है। इसके तहत अब शिक्षकों की नियुक्ति लिखित परीक्षा के आधार पर की जायेगी और पूरी प्रक्रिया बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग के माध्यम से संचालित होगी। ड्राफ्ट के मुताबिक चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा को 80% और इंटरव्यू को 20% वेटेज दिया जायेगा।

# राज्य के सभी प्रखंडों में बनेगा जीविका हाट : श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ग्रामीण विकास विभाग की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को महिला रोजगार दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर रविवार को जिला, संकुल के साथ ग्राम संगठन स्तर पर अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें जीविका समूह की सदस्य और दूसरी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान प्राप्त कर रोजगार सृजन करने वाली महिलाओं ने खुद के संघर्ष के साथ सफलता की कहानी को अनुभव के रूप में साझा किया। इसी कड़ी में विभागीय मंत्री श्रवण कुमार नालंदा के नूर सराय स्थित नालंदा कॉलेज ऑफ हार्टिकल्चर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को खुद की पसंद के रोजगार के लिए सरकार ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना को लागू किया। इसके तहत राज्य में एक करोड़ 81 लाख महिलाओं को 10-10 हजार रुपए का आर्थिक सहयोग दिया गया है। करीब 18 लाख नए आवेदनों की जांच की जा रही है जिनमें से पात्रता रखने वाली महिलाओं को फिर से आर्थिक सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन महिलाओं ने खुद का रोजगार शुरू कर लिया है, उन्हें समीक्षा के बाद सरकार दो लाख रुपए की अतिरिक्त सहायता राशि देगी। विभागीय मंत्री ने सतत जीविकोपार्जन योजना के बारे में विस्तार से बताया। मंत्री ने यह भी बताया की राज्य के सभी प्रखंडों में एक-एक जीविका दीदी हाट की भी स्थापना की जाएगी और इस हाट में उद्यमी दीदियों के निर्मित सामानों की बिक्री की जाएगी। इसी के साथ जिला स्तर पर सरस मेला लगाया जाएगा जहां दीदियों को उनके उत्पाद बिक्री के लिए एक नया बाजार उपलब्ध होगा। इस अवसर पर उन्होंने रोजगार शुरू करने वाली कई महिलाओं का प्रशस्ति पत्र से सम्मान किया।

### बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में निशांत ने ग्रहण की जदयू की सदस्यता

# जनता के हृदय में घर बनाने का करूंगा काम : निशांत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की राजनीति में रविवार को एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार ने आधिकारिक तौर पर जनता दल यू की सदस्यता ग्रहण कर ली। उन्हें पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। सदस्यता ग्रहण करने के बाद निशांत कुमार ने पहली बार पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और अपने राजनीतिक विजन को स्पष्ट किया। पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में जदयू के कार्यकर्ता और नेता मौजूद रहे। इस मौके पर निशांत कुमार ने मंच से कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते हुए कहा कि आज मैं पार्टी कार्यालय में आकर जदयू की सदस्यता ग्रहण कर रहा हूं। एक साधारण कार्यकर्ता और सदस्य के रूप में मैं पार्टी और संगठन के हित में काम करने की



पूरी कोशिश करूंगा। उन्होंने कहा कि पार्टी ने और जनता ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का मैं हरसंभव प्रयास करूंगा। अपने संबोधन में निशांत कुमार ने अपने पिता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का विशेष रूप से जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मेरे पिताजी ने राज्यसभा जाने का जो निर्णय लिया है, वह उनका निजी फैसला है और मैं उसका पूरा सम्मान करता हूं। हम सभी लोग आगे भी उनके मार्गदर्शन में काम करते रहेंगे। उनके अनुभव और नेतृत्व से हमें हमेशा दिशा मिलती रहेगी। निशांत कुमार ने कहा कि एक पार्टी कार्यकर्ता के रूप में मेरा मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत करना होगा। जदयू ने बिहार के विकास के लिए जो काम किए हैं, उन्हें जन-जन तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि मेरे पिताजी ने पिछले 20 वर्षों में बिहार के लिए जो काम किए हैं, वे हमेशा याद रखे जाएंगे। राज्य में विकास, सुशासन और सामाजिक न्याय को मजबूत करने के लिए उन्होंने कई ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। उन्होंने कहा कि मुझे गर्व है कि मेरे पिताजी ने बिहार के विकास के लिए इतनी मेहनत की है। उनके नेतृत्व में बिहार ने कई क्षेत्रों में प्रगति की है और यही कारण है कि न केवल बिहार बल्कि देशभर के लोग भी उनके काम को सम्मान की नजर से देखते हैं। निशांत कुमार ने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि आप सभी जमीनी स्तर के कार्यकर्ता, वरिष्ठ नेता, बिहार की जनता और देश के लोग मेरे पिताजी पर अपना विश्वास बनाए रखें। उन्होंने कहा कि पार्टी का मनोबल मजबूत रखना हम सबकी जिम्मेदारी है और मिलकर हम संगठन को और मजबूत बनाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ पार्टी के लिए काम करूंगा और जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझने की कोशिश करूंगा।

# दस महिलाओं को मिला 'बिहार अपराजिता सम्मान'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने कहा कि किसी भी समाज का विकास तब तक संभव नहीं है, जबतक उस समाज की महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से न जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने बिहार में महिलाओं को सम्मान के साथ आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई कानून बनाए हैं। साथ ही, कई योजनाएं शुरू की हैं। इसका परिणाम है कि आज हर क्षेत्र में बिहार की महिलाएं सफलता की नई दास्तां लिख रही हैं। मदन सहनी रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस-2026 के अवसर पर राजधानी के ज्ञान भवन में समाज कल्याण विभाग के महिला एवं बाल विकास निगम के स्तर से आयोजित सशक्त महिला-समृद्ध



बिहार कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर समाज कल्याण मंत्री के साथ पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की मंत्री रमा निषाद के अलावा समाज कल्याण विभाग की सचिव बंदना प्रेयषी और महिला एवं बाल विकास निगम के निदेशक योगेश कुमार सागर समेत विभाग के कई अधिकारी और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रही है महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थी। रमा निषाद ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अथक प्रयास से बिहार में अब हर तरफ महिला सशक्तिकरण का जोर दिखता है। चाहे वह पुलिस महकमा हो या शिक्षा विभाग। समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी और पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री श्रीमती रमा निषाद ने राज्यभर की 10 वैसी सफल महिलाओं को बिहार अपराजिता सम्मान से सम्मानित किया। जिन महिलाओं को सम्मानित गया उनमें रितिका, पूजा कुमारी (दोनों पटना से), काजल कुमारी (शिवहर), अलीशा (अररिया), कंचन कुमारी (वैशाली), अमृता कुमारी व पूजा कुमारी (दोनों बांका), ब्यूटी कुमारी (सुपौल), रौशनी परवीन (किशनगंज) और महिला आईएएस अधिकारी व बाढ़ अनुमंडल की अनुमंडलाधिकारी गरिमा लोहिया शामिल हैं।

# बिहार बोर्ड जल्द जारी करेगा इंटर का रिजल्ट, टॉपर को मिलेगा दो लाख इनाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट (12वीं) की बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन 2 से लेकर 13 फरवरी 2026 तक राज्य में निर्धारित परीक्षा सेंटर्स पर करवाया गया। परीक्षा संपन्न होने के बाद 50 फीसदी कॉपियों की जांच पूरी हो चुकी है और जल्द ही मूल्यांकन पूरा होने की उम्मीद है। परीक्षा में भाग लेने वाले लाखों छात्रों को रिजल्ट जारी होने का इंतजार है इस महीने के तीसरे या चौथे सप्ताह में खत्म हो सकता है। रिजल्ट जारी होने के साथ ही बिहार बोर्ड की ओर से टॉपर्स लिस्ट भी जारी की जाएगी। जो छात्र राज्य पोजीशन हासिल करेंगे उनको राज्य सरकार की ओर से सम्मानित किया जायेगा। पिछले साल के अनुसार इंटर वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को दो-दो लाख रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को डेढ़-डेढ़ लाख रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को एक-एक लाख रुपये प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा छात्रों को लैपटाप, किंडल ई-बुक रीडर, प्रशस्ति-पत्र तथा मेडल देकर मुख्य अतिथि सम्मानित किया जायेगा। चौथे से पांचवें स्थान पर रहने वाले विद्यार्थी को 30-30 हजार रुपये, प्रशस्ति-पत्र, मेडल एवं लैपटाप दिया जाएगा।

# 25 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद पुलिस ने नौ साल पुराने बलात्कार मामले के फरार आरोपी शिवदाहिन ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था और वह लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। एसपी अपराजिता लोहार ने बताया कि आरोपी घटना के बाद से ही फरार था। वह लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था जिससे उसे पकड़ना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के लिए कई बार छापेमारी की थी, लेकिन वह हर बार चकमा देकर भाग निकलता था। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर इस मामले की लगातार निगरानी की जा रही थी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि फरार अभियुक्त गया जिले के बेला इलाके में छिपा हुआ है। सूचना के आधार पर एक विशेष टीम गठित की गई और बेला में संभावित ठिकानों पर छापेमारी की योजना बनाई गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने शिवदाहिन ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के समय उसने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस की सतर्कता के कारण वह सफल नहीं हो सका। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी लंबे समय से फरार था और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर उसे पकड़ने में सफलता मिली है। पुलिस ने बताया कि कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। इस गिरफ्तारी को पुलिस विभाग के लिए एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।

# ड्रोन के जरिए क्राइम कंट्रोल करेगी बिहार पुलिस, 24.50 करोड़ जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में अब अपराधियों की खैर नहीं है। अपराध और अपराधियों पर नजर रखने के लिए सरकार ने बड़ा प्लान बनाया है। सरकार ने 50 ड्रोन के जरिए क्राइम कंट्रोल करने का बड़ा प्लान तैयार किया है। 50 हाईटेक ड्रोन खरीदने के लिए सरकार की तरफ से 24.50 करोड़ रुपए जारी कर दिए गए हैं। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने इसकी जानकारी दी है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य में पुलिस व्यवस्था को और आधुनिक तकनीक आधारित बनाने के लिए 50 ड्रोन की खरीद को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस पर लगभग 24.50 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पुलिस आधुनिकीकरण योजना के तहत ड्रोन उपकरणों की खरीद की प्रक्रिया शुरू की गई है, जिससे पुलिस की कार्य क्षमता और निगरानी व्यवस्था को और मजबूत बनाया जा सकेगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस बल को आधुनिक उपकरणों से सशक्त बनाने के लिए ड्रोन तकनीक को शामिल किया जा रहा है। इसके उपयोग से भीड़ नियंत्रण, अपराध निगरानी, नदी क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था, संवेदनशील इलाकों में अभियान और आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में पुलिस को बड़ी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसे क्षेत्र होते हैं जहां सामान्य तरीकों से निगरानी करना कठिन होता है। ऐसे स्थानों पर ड्रोन के माध्यम से हवाई निगरानी संभव होगी और पुलिस को समय पर सटीक जानकारी मिल सकेगी। इससे कार्रवाई अधिक प्रभावी और त्वरित हो सकेगी। श्री चौधरी ने कहा कि इन ड्रोन उपकरणों की सहायता से पुलिस बड़े आयोजनों, संवेदनशील क्षेत्रों और आपात परिस्थितियों में बेहतर निगरानी कर सकेगी। साथ ही अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखने और संभावित खतरों की पहचान करने में भी पुलिस को मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि ड्रोन तकनीक से पुलिस को दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में भी प्रभावी ढंग से काम करने की सुविधा मिलेगी। विशेष रूप से नदी क्षेत्रों और कठिन भौगोलिक इलाकों में हवाई निगरानी से वास्तविक समय में जानकारी प्राप्त हो सकेगी जिससे समय पर आवश्यक कार्रवाई संभव होगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर सीमा सुरक्षा बल और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल जैसे केंद्रीय सशस्त्र बलों के अनुभव और तकनीकी मानकों से भी मार्गदर्शन लिया जा सकता है ताकि बिहार पुलिस को सर्वोत्तम तकनीक उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य पुलिस बल को आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित करना है जिससे कानून व्यवस्था को अधिक प्रभावी ढंग से लागू किया जा।




# महिला किसान बन रहीं हैं बिहार की कृषि शक्ति : राम कृपाल यादव

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला किसानों को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज बेगूसराय में आयोजित कार्यक्रम में बिहार सरकार के कृषि मंत्री श्री राम कृपाल यादव ने महिला किसानों को सम्मानित करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। कृषि विभाग (आत्मा) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जिले की विभिन्न प्रगतिशील महिला कृषकों को कृषि क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि बिहार की महिला किसान आज कृषि विकास की नई धुरी बनकर उभर रही हैं। वे खेती के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों, जैविक खेती, सब्जी उत्पादन, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन एवं अन्य कृषि आधारित गतिविधियों के माध्यम से आत्मनिर्भरता की नई मिसाल कायम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है, वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में बिहार में महिलाओं को कृषि, स्वयं सहायता समूहों और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। राज्य सरकार कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

मंत्री ने कहा कि माताओं और बहनों का परिश्रम, धैर्य और समर्पण ही बिहार की कृषि को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आज बिहार की महिला किसान नवाचार और परिश्रम के बल पर पूरे समाज के लिए प्रेरणा बन रही हैं।

उन्होंने सम्मानित महिला किसानों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा कि महिला किसान जितनी मजबूत होंगी, उतनी ही मजबूत हमारी कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी।

# गोपी कृष्ण गोआश्रम में होली मिलन एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के गोपी कृष्ण गोआश्रम एवं मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में गोपी कृष्ण गोआश्रम परिसर में होली मिलन एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी के करीब सौ से अधिक सदस्यों ने गोमाता को अबीर-गुलाल लगाकर चारा खिलाया और उनके प्रति अपनी श्रद्धा एवं सेवा भाव व्यक्त किया। मौके पर मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी की ओर से नेत्र जांच शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें सोसाइटी के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण कुमार ने स्थानीय लगभग 80 से अधिक लोगों की आंखों की जांच की। जांच के दौरान 14 मरीजों में बढ़े हुए मोतियाबिंद की पहचान हुई, जिनका निःशुल्क ऑपरेशन



मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी द्वारा कराया जाएगा। गोपी कृष्ण गोआश्रम के संचालक गोपाल मोदी ने बताया कि इस गोआश्रम में बूढ़ी एवं बीमार गायों की सेवा और देखभाल की जाती है। वर्तमान में यहां 33 गोमाता रह रही हैं। उन्होंने बताया कि सर्दियों में गोमाता के लिए हीटर तथा गर्मियों में कूलर की व्यवस्था की गई है। गोमाता के स्नान की भी समुचित व्यवस्था है तथा ब्रह्ममुहूर्त से उनके लिए भजन-कीर्तन का प्रसारण किया जाता है। मच्छर और मक्खियों से बचाव के लिए पूरे गोआश्रम को महीन तार की जाली से घेरा गया है। गायों की देखभाल के लिए सेवकों की व्यवस्था है और पशु चिकित्सकों द्वारा समय-समय पर उनकी स्वास्थ्य जांच भी कराई जाती है। कार्यक्रम के दौरान कुछ श्रद्धालुओं द्वारा गोमाता के लिए तुला दान भी किया गया। अंत में आश्रम की ओर से सभी उपस्थित लोगों के लिए भंडारा प्रसाद की व्यवस्था की गई। मौके पर एम.पी. जैन ने बताया कि कार्यक्रम में मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी के सुनील अग्रवाल, फाउंडर अध्यक्ष महावीर अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष रमेश गुप्ता, अध्यक्ष राधेश्याम बंसल, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल, सचिव दिनेश अग्रवाल, संजय भलोटिया, बिनोद बंसल, अशोक अग्रवाल, बिनोद अग्रवाल, विष्णु सुरेका, पवन गोयल, अनिल गुप्ता, डॉ. गीता जैन, सीता बंसल, प्रेमलता गोयल, नीलम अग्रवाल, सुधा अग्रवाल, सुनीता सर्राफ, माया बंसल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बेटियों को किया गया सम्मानित

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में 'महिला सम्मान' कार्यक्रम आयोजित
- अपने सपनों, साहस और आत्मविश्वास से मातृशक्ति हर दिन नई संभावनाओं की दिशा तय करती है : संजय सरावगी
- एनडीए सरकार ने महिलाओं के शैक्षणिक, सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में कई कदम उठाए : विजय सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज महिलाएं सभी क्षेत्रों में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर राष्ट्र निर्माण में जुटी हुई हैं। उन्होंने कहा कि यह कहा जा सकता है कि घर से लेकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में नारीशक्ति का योगदान सशक्त भारत की मजबूत नींव रख रहा है। आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेश कार्यालय, पटना स्थित अटल सभागार में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया तथा उपस्थित मातृशक्ति को संबोधित किया। इस अवसर पर अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बेटियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज का दिन नारी के अंदर विश्वास, खुशी और अपने सपनों को साकार करने का उत्सव मनाने का दिन है। बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि आज नारीशक्ति हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। उन्होंने कहा कि अपने सपनों, साहस और आत्मविश्वास से मातृशक्ति हर दिन नई संभावनाओं की दिशा तय करती है और लगातार आगे बढ़ रही है। महिलाओं के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण को समर्पित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि एनडीए सरकार ने महिलाओं के शैक्षणिक, सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। पंचायत और नगर निकाय चुनाव में 50 प्रतिशत आरक्षण, सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण एनडीए सरकार की देन है। उन्होंने जोर देकर कहा कि महिलाओं को मिले अधिकार के बल पर बिहार आज बदल रहा है। सरकार महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष और सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने उपस्थित नारीशक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि आधी आबादी की सहभागिता की चिंता समाज को करना आवश्यक है। जब भी महिलाओं को मौका मिला, दुनियाभर में ही नहीं, इससे आगे भी परचम लहराने का काम किया। उन्होंने कहा कि आधी आबादी में समाज सृजन करने की शक्ति निहित होती है। उन्होंने कहा कि महिलाएं अगर भविष्य गढ़ती हैं तो हर चुनौती को स्वीकार भी करती हैं। आज कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं जहां नारीशक्ति ने लोहा नहीं मनवाया। इस कार्यक्रम में अंशु और अंकिता, शालिनी सुमन, पूनम शर्मा, पिंकी यादव, अंजू मिश्रा, प्रीति सहित अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाली बिहार की कई बेटियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मंत्री रमा निषाद, श्रेयसी सिंह, पूर्व उपमुख्यमंत्री सह विधायक रेणु देवी, शोभा सिंह, सीता साहू, अनामिका भूषण, अनामिका पासवान, सजल झा,मीना झा, दिव्या झा, सरला रजक, सरोज जायसवाल, सीमा पांडेय, शशि वल्दियार सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आई महिला जनप्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं, खिलाड़ियों, उद्यमियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# निशांत कुमार के जदयू की सदस्यता ग्रहण करने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष, मिठाइयां बांटकर जताया हर्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दानापुर।** जनता दल यूनाइटेड जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार के रविवार को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने पर दानापुर में जदयू कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। इस मौके पर जेडीयू पटना जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह के कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। संजय सिंह ने निशांत कुमार के पार्टी से जुड़ने का स्वागत करते हुए कहा कि उनके इस निर्णय से कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा आई है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की मांग थी कि निशांत कुमार सक्रिय रूप से पार्टी से जुड़ें और अब उनके सदस्य बनने से संगठन को नई मजबूती मिलेगी।

## ई-रिक्शा पलटने से एक की मौत

**दानापुर।** रविवार की शाम प्लाई लदे ई रिक्शा पलटने से एक युवक की मौत हो गई। जबकि ई रिक्शा चालक मामूली रूप से जख्मी हो गया। मृतक की पहचान बिचली गली गोला पर के रहने वाले प्रमोद सिंह के 30 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार के रूप में हुई है। वही मौके पर पहुंची पुलिस ई रिक्शा चालक को हिरासत में ले लिया है। मृतक का छोटा भाई राहुल कुमार ने बताया कि घटना की स्पष्ट जानकारी मुझे नहीं है लेकिन मुझे पता चला है कि कुर्मियान गली गाभतल के रहने वाले ई रिक्शा चालक शत्रुघ्न कुमार अपने ई-रिक्शा में प्लाई लोड कर मिथिला कॉलोनी डिलीवर करने जा रहा था। रास्ते में उसका भाई संतोष मिला और वह ई-रिक्शा पर बैठ गया। थोड़ी दूर जाने पर असंतुलित होकर ई रिक्शा पलट गया और संतोष उसके नीचे दब गया। इस हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वही चालक जख्मी हो गया। आसपास के लोगों ने 112 डायल कर पुलिस को बुलाया जो ई रिक्शा को जब्त करते हुए चालक को हिरासत में लेकर थाने ले आई। वहीं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई करने में जुट गई है।

## 13 को इफ्तार पार्टी

**दानापुर।** नगर स्थित इंतजामिया कमेटी के तरफ से 13 मार्च को तकीयापर भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन इंतजामिया कमेटी के सचिव मोलवी हसन उर्फ मक्खन की ओर से किया जा रहा है। इफ्तार पार्टी को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में रोजेदारों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। आयोजक मोलवी हसन ने बताया कि रमजान का महीना आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है। इसी भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से हर वर्ष की तरह इस बार भी इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जा रहा है।

# सौम्य स्वभाव से जनता का भरोसा जीतेंगे निशांत : मंगल पांडेय

## जदयू की सदस्यता लेने पर मंगल पांडेय ने दी शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पांडेय ने निशांत कुमार के जदयू की सदस्यता ग्रहण करने पर उन्हें शुभकामनाएं दी और कहा कि निशांत कुमार का स्वभाव अत्यंत सरल और सौम्य है तथा उनके राजनीति में सक्रिय होने से जदयू कार्यकर्ताओं में सकारात्मक ऊर्ज़ा का संचार होगा। उन्होंने उम्मीद जताई है कि वे अपने व्यक्तित्व और पिता श्री नीतीश कुमार जी के मार्गदर्शन के बल पर जनता का विश्वास जीतेंगे तथा जनसेवा के क्षेत्र में नई पहचान बनाएंगे। श्री पांडेय ने कहा कि लोकतंत्र में नई पीढ़ी की भागीदारी राजनीति को और मजबूत बनाती है। उन्होंने विश्वास जताया है कि निशांत कुमार अपने शांत, संतुलित और विनम्र स्वभाव के साथ समाज और राज्य के विकास में रचनात्मक भूमिका निभाएंगे। साथ ही उन्होंने उनके राजनीतिक जीवन के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि जनसेवा के मार्ग पर उन्हें व्यापक सफलता मिले।

# रानीतालाब के गौतम त्रिपाठी एवं श्रेष्ठ राज बने भारतीय सेना के अधिकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिक्रम।** दुल्हिनबाजार प्रखंड सह रानीतालाब थाना के काब निवासी वीरेंद्र त्रिपाठी के पुत्र गौतम त्रिपाठी को सेना में लेफ्टिनेंट बनने पर स्थानीय नागरिकों ने खुशी जाहिर की है। माता नीलम देवी ने बताया कि गौतम शुरू से ही डिफेंस में जाना चाहते थे। उनकी लगन और मेहनत का ही परिणाम है कि वे देश सेवा के लिए सेना में अधिकारी के पद को सुशोभित कर रहे हैं। उन्होंने चेन्नई के अफसर प्रशिक्षण अकादमी से प्रशिक्षण लिया है।वे भारतीय सेना के आर्मी सर्विस कोर ब्रांच में सेवाएं देंगे। उनकी सफलता पर उपेंद्र उपाध्याय, सुरेंद्र त्रिपाठी, सत्येंद्र त्रिपाठी, सोनू, राजा, रौशन, राहुल ने बधाई दी है। वहीं बिक्रम प्रखंड अंतर्गत सैदाबाद गांव के रामकुमार सिंह के पुत्र श्रेष्ठ राज एवं रानीतालाब थाना क्षेत्र के क़ाब गांव निवासी वीरेंद्र त्रिपाठी के पुत्र गौतम त्रिपाठी ने भारतीय सेना में अधिकारी बनकर अपने गांव और क्षेत्र का नाम रौशन किया है। श्रेष्ठ राज गया स्थित ऑफिसर ट्रेनिंग सेंटर में सफलतापूर्वक अपना प्रशिक्षण पूरा किया। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद आयोजित पासिंग आउट समारोह में उन्हें बैच और अधिकारी की टोपी प्रदान की गई तथा भारतीय सेना के अधिकारी के रूप में शपथ दिलाई गई। उनकी इस सफलता से परिवार, गांव और पूरे इलाके में खुशी और गर्व का माहौल है। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद उनकी पहली पोस्टिंग जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में राष्ट्रीय राइफल्स सिग्नल कोर के साथ की गई है। यह क्षेत्र सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील माना जाता है।

# महिलाओं के सशक्तिकरण का लिया गया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जंदाहा (वैशाली)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा परिसर में महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्थान के निदेशक-सह-संचालक डॉ. आनंद रंजन झा ने किया। कार्यक्रम में संस्थान की महिला कर्मचारियों एवं छात्राओं की बड़ी संख्या में भागीदारी रही। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ की गई। दीप प्रज्ज्वलन संस्थान प्रमुख डॉ. आनंद रंजन झा तथा केंद्र की महिला कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इसके बाद महिला दिवस के महत्व पर विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर संस्थान में कार्यरत महिला कर्मचारियों – निधि कुमारी, मनीषा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, अनिषा कुमारी एवं अंशु कुमारी को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही कई छात्राओं को प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपलक्ष्य में प्रमाण-पत्रों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान द्वारा छात्राओं से रोजगार के लिए बायोडाटा भी प्राप्त किए गए। संस्थान के निदेशक ने बताया कि योग्य अभ्यर्थियों का चयन कर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। इसके अतिरिक्त आगामी बैच में नामांकन कराने वाली कई महिला छात्राओं को पुस्तकें भी प्रदान की गईं। अपने संबोधन में डॉ. आनंद रंजन झा ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि आज के समय में शिक्षा और तकनीकी ज्ञान महिलाओं के लिए सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई तथा जिला प्रशासन की अधिकारी जिला अधिकारी वर्षा सिंह जैसे प्रेरणादायी उदाहरणों का उल्लेख करते हुए छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मीडिया प्रतिनिधि विवेकानंद जी ने भी महिला सशक्तिकरण पर प्रभावशाली संदेश दिया, जिससे उपस्थित छात्राएं और प्रतिभागी काफी प्रेरित हुए। कार्यक्रम के दौरान बीच-बीच में गीत-संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की गईं, जिससे माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। संस्थान के निदेशक ने कहा कि कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी हमेशा से महिलाओं के उत्थान और उन्हें तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि महिलाओं को उचित अवसर और सहयोग मिले तो वे हर क्षेत्र में देश और समाज का नाम रोशन कर सकती हैं।

# संगठन सृजन कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पूरे प्रदेश में चल रहे संगठन सृजन कार्यक्रम को लेकर आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम की अध्यक्षता में जिला पर्यवेक्षकों एवं बीपीसीसी कनेक्ट सदस्यों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने सभी जिला पर्यवेक्षकों से संगठन सृजन कार्यक्रम की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली तथा निर्देश दिया कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से निरंतर संवाद स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का संगठन जितना मजबूत होगा, उतनी ही प्रभावी ढंग से आम जनता की समस्याओं को उठाया जा सकेगा। राजेश राम ने कहा कि संगठन सृजन कार्यक्रम का उद्देश्य पार्टी को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाना और समर्पित कार्यकर्ताओं को संगठन में उचित जिम्मेदारी देना है। उन्होंने सभी पर्यवेक्षकों से कहा कि वे निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ अपने-अपने जिलों में संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाएं। बैठक में संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही पर्यवेक्षकों को यह निर्देश दिया गया कि वे जिलों में सक्रिय कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बनाकर संगठन को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य करें। बीपीसीसी कनेक्ट सदस्यों में मिन्नत रहमानी, राजीव मेहता, पंकज यादव, ई कमल कमलेश एवं विमलेश तिवारी मौजूद थे। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के अलावे अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव, पूर्व विधायक प्रतिमा कुमारी दास, मीडिया चेयरमैन राजेश राठौड़, मिन्नत रहमानी, पंकज यादव, राजीव मेहता, सौरभ सिन्हा, रीता सिंह, कमल कमलेश, कमलदेव नारायण शुक्ला, डा0 संजय कुमार, अरविन्द लाल रजक, गुंजन पटेल, मनोज शर्मा, मंजीत आनन्द साहू, विमलेश तिवारी, मृणाल अनामय, राजेन्द्र चौधरी, किशोर कुमार, राम शंकर कुमार पान, सुनील कुमार, मुन्द्रिका सिंह यादव, दौलत इमाम,मिथिलेश कुमार निषाद, लालू सदा, राकेश कुमार मुन्ना, डा0 खालिद अमीन, नदीम अख्तर अंसारी, गुड्डु पासवान, कुमार दिवाकर सिंह, अखिलेश दयाल, डा0 गौरव वर्मा, कुणाल किशोर सहनी, अरूण कुमार बिन्द, विजय प्रताप सिंह, विश्वनाथ यादव, अभिजीत सिंह, कमलेश कुमार सिंह, प्रकाश चन्द्र झा, विशाल मलहोत्रा, राजेश रंजन पप्पू, मंजय लाल राय, राजीव मिश्रा, सत्येन्द्र नारायण सहित सभी जिला पर्यवेक्षक मौजूद थे।

# स्वच्छता और जल प्रबंधन में बिहार अव्वल, एसडीजी सूचकांक में 98 अंक के साथ देश में तीसरा स्थान

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एसडीजी सूचकांक पर चर्चा, निर्णय-निर्माण और नेतृत्व में महिला भागीदारी बढ़ाने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नागरिकों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने और स्वच्छता के मामले में बिहार 98 अंकों के साथ देश के शीर्ष राज्यों में तीसरे स्थान पर है। यह रैंकिंग सतत विकास लक्ष्य-6 (एसडीजी-6) के तहत नीति आयोग की ओर से वर्ष 2023-24 के लिए दी गई है। इसी के साथ बिहार ने अपने समग्र एसडीजी स्कोर को 2018-19 में 48 से बढ़ाकर 2023-24 में 57 कर लिया है। इस उपलब्धि के बाद राज्य उम्मीदवारी से प्रदर्शक की श्रेणी में पहुंच चुका है। ये बातें रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) पर बतौर मुख्य अतिथि योजना एवं विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉ. एन. विजयलक्ष्मी ने कही। उन्होंने कहा कि संसाधनों की सीमित उपलब्धता के बावजूद एसडीजी सूचकांकों पर राज्य ने तीव्र गति से प्रगति की है। यह सफलता बिहार में योजनाओं के सतत क्रियान्वयन और जेंडर संबंधी संतुलन की दिशा



में सरकार के महत्वपूर्ण प्रयास से मिली है।

पटना स्थित एलएन मिश्रा आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान के सभागार में आयोजित इस एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने जेंडर-संबंधी सूचकांकों, विशेष रूप से एसडीजी-5 (लैंगिक समानता) एवं संबंधित अन्य लक्ष्यों गरीबी-उन्मूलन, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक न्याय के सूचकांकों की स्थिति का आकलन करने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ाने, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य एवं शिक्षा सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने के साथ निर्णय-निर्माण प्रक्रिया में उनके नेतृत्व और भागीदारी को सुदृढ़ करने के लिए साक्ष्य-आधारित रणनीति बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

यूनिसेफ एक्सपर्ट मनोज नारायण ने पावरपॉइंट प्रजेंटेशन (पीपीटी) के सहारे एसडीजी सूचकांकों से उपस्थित अतिथि और महिलाओं को रूबरू कराया। उन्होंने बताया कि बिहार ने 2018-19 से 2023-24 के बीच एसडीजी-5 (लैंगिक समानता) में अपने स्कोर में 20 अंकों की वृद्धि की है। यह प्रगति राज्य सरकार की कई नीतिगत पहलों के परिणामस्वरूप संभव हुई है। मुख्य रूप से ग्रामीण एवं शहरी स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए 50 और सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने के साथ मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना, 'सात निश्चय' पहल और जीविका जैसे कार्यक्रम प्रमुख रूप से शामिल हैं।

**संवेदनशील समाज बनाने का संकल्प**

कार्यशाला में महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए चल रही नीतियों- कार्यक्रमों को मजबूत करने से संबंधित कई सुझाव सामने आए। प्रतिभागियों ने बिहार में अधिक समावेशी, असमानता विहीन और जेंडर के प्रति संवेदनशील समाज बनाने के लिए मिलकर काम करने के अपने संकल्प को दोहराया। थ ही लिंग आधारित हिंसा, आर्थिक अवसरों की असमान पहुंच, महिलाओं के अवैतनिक केयर कार्यों की असमानता जैसी चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला गया। चर्चा में अंतर विभागीय समन्वय, जेंडर-बजट, जेंडर-सेंसिटिव योजना-निर्माण और डाटा-आधारित नीतिगत हस्तक्षेप के महत्व पर बल दिया गया, ताकि राज्य में लैंगिक समानता से संबंधित किए गए पहल को और मजबूत किया जा सके।

# रामनवमी शोभायात्रा को लेकर समिति ने की बैठक

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्थानीय त्रिभुवन पुस्तकालय प्रांगण में रामनवमी शोभायात्रा समिति की बैठक नगर पंचायत के पूर्व मुख्य पार्षद सुनील कुमार की अध्यक्षता में की गई। बैठक में रामनवमी के दिन निकाले जाने वाले शोभायात्रा को सुचारू रूप से संपन्न कराए जाने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में रामनवमी के दौरान किये जा रहे तैयारियों के बारे में लोगों को अवगत कराया गया और इसमें सहयोग करने की बात कही गई। बैठक में रामनवमी पूजा से संबंधित कई अन्य जानकारियां भी दी गईं। मौके पर समिति अध्यक्ष नवनील कुमार, पूर्व सरपंच सुधीर कुमार, प्रखंड प्रमुख रामईश्वर पासवान, जनेश्वर सिंह, ताराकांत तिवारी, पवन कुमार, गुंजन कुमार, अभिजीत कुमार, बबलू गुप्ता, मनीष कुमार, चाहत कुमार, आर्यन कुमार, वेंकटेश, मनीष, उज्ज्वल सहित कई लोग उपस्थित रहे साथ ही साथ पुलिस प्रशासन के साथ कई अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# रोहतास सीमेंट वर्क्स में उत्साह के साथ मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रोहतास।** डालमिया भारत फाउंडेशन द्वारा रोहतास सीमेंट वर्क्स, कल्याणपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 150 महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एसडीपीओ डिहरी बंदना थीं। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी तिलौथू अंकिता जैन, सुरभि क्लब आरसीडब्ल्यू की अध्यक्ष अंशु तिवारी तथा रोहतास सीमेंट वर्क्स के यूनिट हेड अशुतोष कुमार तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान डालमिया भारत फाउंडेशन के अधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए संचालित ग्राम परिवर्तन परियोजना और दीक्षा कौशल विकास कार्यक्रम की जानकारी दी।







इस अवसर पर रोहतास सीमेंट वर्क्स में कार्यरत आठ महिला कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिला कर्मचारी सुश्री दिव्या पांडेय की प्रेरणादायक कहानी भी साझा की गई, जिन्होंने पारंपरिक परिवार से आने के बावजूद विवाह के बाद अपनी पढ़ाई पूरी की और आज आरसीडब्ल्यू में सीसीआर ऑपरेटर के रूप में कार्यरत हैं। महिला आजीविका को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 25 महिला उद्यमियों द्वारा संचालित माइक्रो एंटरप्राइज का उद्घाटन किया गया। प्रत्येक उद्यमी को डालमिया भारत फाउंडेशन की ओर से 10-10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इसके अलावा समाहुता, बकनौरा और बनजारी गांव की 10 महिलाओं को दुग्ध पशु खरीदने के लिए 10-10 हजार रुपये की सहायता दी गई तथा 12 किसानों को कृषि स्प्रेयर पंप वितरित किए गए। मुख्य अतिथि एसडीपीओ ने अपने संबोधन में कहा कि आर्थिक सशक्तिकरण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाता है, जिससे वे अपने निर्णय स्वयं ले सकती हैं और समाज में उनकी स्थिति मजबूत होती है। उन्होंने डालमिया भारत फाउंडेशन और रोहतास सीमेंट वर्क्स की इस पहल की सराहना की। प्रखंड विकास पदाधिकारी अंकिता जैन ने कहा कि महिलाओं के समग्र विकास के लिए शिक्षा, कानूनी जागरूकता और आर्थिक सशक्तिकरण अत्यंत आवश्यक है। वहीं सुरभि क्लब की अध्यक्ष अंशु तिवारी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस तभी सार्थक होगा, जब महिलाएं और बालिकाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ें। कार्यक्रम के दौरान गणपति ग्राम परिवर्तन स्वयं सहायता समूह संघ, समाहुता को आजीविका विकास के लिए चार लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई, जिससे संघ की 30 महिला सदस्य आयवर्धन गतिविधियों को आगे बढ़ा सकेंगी। साथ ही बनजारी और बकनौरा की 60 महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

अंत में यूनिट हेड अशुतोष कुमार तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि डालमिया भारत फाउंडेशन महिलाओं तथा आसपास के ग्राम पंचायतों के विकास के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा और रोहतास सीमेंट वर्क्स ग्रामीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे भी जारी रखेगा। इस अवसर पर बकनौरा ग्राम पंचायत की मुखिया संजू देवी तथा पंचायत समिति सदस्य मीरा देवी ने भी महिला दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। यूनिट हेड ने कहा कि ये दोनों महिलाएं क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण की प्रेरणादायक मिसाल हैं।

# महिलाएं किसी भी क्षेत्र में कम नहीं

## महिला दिवस पर अदरी देवी मेमोरियल हॉस्पिटल में कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन सोन।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर डिहरी ऑन सोन स्थित अदरी देवी मेमोरियल हॉस्पिटल, तारबंगला में रविवार को उत्साहपूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अस्पताल की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. एस. निशा ने अपनी महिला सहकर्मियों एवं मरीजों के बीच केक काटकर और मिठाइयां बांटकर महिला दिवस मनाया।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. एस. निशा ने कहा कि आज की महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं स्वावलंबी, मेहनती और कर्तव्यनिष्ठ बनकर समाज में अपनी अलग पहचान बना रही हैं। अब महिलाएं किसी पर निर्भर रहने के बजाय अपने दम पर आगे बढ़ रही हैं और देश की लगभग हर संस्था में महत्वपूर्ण पदों पर अपनी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि महिला दिवस महिलाओं के सम्मान, अधिकार और उनकी उपलब्धियों को याद करने का विशेष अवसर है।




मौके पर उपस्थित मुख्य चिकित्सक एवं सर्जन डॉ. वीरेंद्र कुमार ने भी महिला कर्मियों को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर दंत चिकित्सक डॉ. ओ.पी. आनंद, प्रबंधक नसीम खान, अजित सिंह, चंद्रदेव सिंह सहित अस्पताल के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तिलौथू में श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ कलश यात्रा में उमड़ी हजारों श्रद्धालुओं की भीड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** गांधी बाजार चंदनपुरा के पावन प्रांगण में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुभारंभ रविवार को भव्य एवं दिव्य कलश यात्रा के साथ हुआ।

इस ऐतिहासिक आयोजन में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। परम पूज्य महामंडलेश्वर प्रेम शंकर दास जी महाराज के पावन सानिध्य में प्रारंभ हुए इस नौ दिवसीय महायज्ञ में हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कलश यात्रा के दौरान भव्य झांकियां, ऊंट-घोड़े, गाजे-बाजे और भक्तिमय नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। अनुमानित 20 से 30 हजार श्रद्धालु चंदनपुरा से पैदल यात्रा करते हुए तिलौथू स्थित पवित्र सोन नदी तक पहुंचे और वहां से जल उठाकर यज्ञ स्थल तक लाए। भीषण धूप के बावजूद श्रद्धालु भूखे-प्यासे भक्ति भाव से यात्रा में शामिल रहे। इस दौरान पूरा वातावरण "हर-हर महादेव" और "जय श्रीराम" के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। इस पावन अवसर पर परम पूज्य संत शिवानंद तीर्थ जी महाराज के कृपापात्र शिष्य श्री कमलानंद जी महाराज तथा द्वारकाधीश पीठ के पीठाधीश्वर सहित अनेक संत महात्माओं एवं श्रद्धालुओं का आगमन हुआ। यज्ञ स्थल पर सभी संतों एवं अतिथियों का अंगवस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान धर्म, संस्कृति और समाज से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार विमर्श किया गया। महामंडलेश्वर प्रेम शंकर दास जी महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि यज्ञ और सत्संग से वातावरण की पवित्रता बढ़ती है तथा मानव जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। आज के तनावपूर्ण जीवन में कथा-प्रवचन और भक्ति से मन शुद्ध होता है और संकल्प शक्ति मजबूत होती है।

# अंकित ने यूपीएससी परीक्षा में पाई सफलता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड क्षेत्र के लिए रविवार का दिन गर्व और खुशी का दिन रहा क्योंकि ग्राम कैथी, थाना तिलौथू, जिला रोहतास के होनहार युवक अंकित कुमार सिंह ने प्रतिष्ठित संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 842वीं रैंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। अंकित कुमार सिंह तिलौथू प्रखंड के कैथी गांव का रहने वाले है और उनके पिता नवल सिंह है जो पेशे से हवालदार हैं। उनके दादा चन्द्रदेव सिंह भी दरोगा पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। परिवार की मेहनत, अच्छे संस्कार और अंकित कुमार सिंह की कड़ी लगन व परिश्रम के बल पर यह बड़ी सफलता संभव हो सकी है। अंकित की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे गांव, समाज और रोहतास जिले का नाम रोशन हुआ है। उनकी सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा बनकर सामने आई है। ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने अंकित कुमार सिंह को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर साइकिल वितरण व महिला कर्मचारियों का सम्मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डीडीयू।** पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) मंडल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को उत्साह एवं गरिमा के साथ विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना, बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करना तथा महिला कर्मचारियों के योगदान को सम्मानित करना था। कार्यक्रम के तहत लेवल-1 एवं लेवल-2 में कार्यरत रेलवे कर्मचारियों की बालिकाओं को स्टाफ बेनिफिट फंड के माध्यम से 125 साइकिलों का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना तथा विद्यालय और अन्य शैक्षणिक



संस्थानों तक उनके आवागमन को सुगम बनाना है। साइकिल पाकर बालिकाओं के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। इस अवसर पर आयोजित समारोह में मंडल की 23 महिला कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य और समर्पण के लिए ईसीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ/डीडीयू चैप्टर के तत्वावधान में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एएसआई/आरपीएफ/डीडीयू श्रीमती अनमोल कुमारी को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उनकी पुत्री कुमारी ईशित्वा आनंद ने सिविल सेवा परीक्षा 2025 में अखिल भारतीय स्तर पर 50वां स्थान प्राप्त कर रेलवे परिवार का गौरव बढ़ाया है। कुमारी ईशित्वा आनंद रेलवे स्कूल ओक ग्रोव की पूर्व छात्रा हैं और उनकी उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना, ईसीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ/डीडीयू की अध्यक्ष चित्रा सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी उज्वल आनंद, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक राजीव रंजन तथा वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक राहुल राज सहित मंडल के कई अधिकारी उपस्थित थे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर झारखंडी मंदिर में शिव चर्चा व संगोष्ठी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन सोन।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को झारखंडी मंदिर परिसर में सखी परिवार की ओर से शिव चर्चा एवं संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व समाजसेवी सुनीता यादव ने किया, जिसमें क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया और महिला सशक्तिकरण तथा सामाजिक जागरूकता से जुड़े विषयों पर अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम के दौरान शिव चर्चा के माध्यम से महिलाओं ने जीवन में सकारात्मक सोच, आपसी सहयोग और आध्यात्मिकता के महत्व पर चर्चा की। साथ ही महिलाओं को शिक्षा, आत्मनिर्भरता और समाज में समान भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर पूनम देवी, संजू देवी, सरोज देवी, मिंता देवी, आशा देवी, काजल देवी, खुशबू कुमारी और नेहा कुमारी सहित कई महिलाओं ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। शिक्षा और आत्मविश्वास के बल पर महिलाएं परिवार के साथ-साथ समाज और देश के विकास में भी अहम योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही सुनीता यादव ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक और प्रशासनिक पदों पर कार्य करते हुए देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने महिलाओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और शिक्षा व आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं ने समाज में एकजुट होकर सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लिया।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सासाराम में ट्रैकिंग सह रैली का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम (रोहतास)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर कला एवं संस्कृति विभाग तथा महिला एवं बाल विकास निगम रोहतास तथा जिला प्रशासन रोहतास के तत्वाधान में चंदतन शहीद पीर पहाड़ी नियर एसपी जैन कॉलेज सासाराम में ट्रैकिंग सह रैली का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए भारत स्काउट और गाइड, रोहतास के कैडेट, महिलाओं एवं बालिकाओं के द्वारा भाग लिया गया। इस कार्यक्रम में भारत स्काउट गाइड के कैडेट जिला संगठन आयुक्त अरविन्द कुमार सिंह, संजीत कुमार के निदेशानुसार लगभग 100 स्काउट गाइड भाग लिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर नेहा कुमारी अनुमंडल पदाधिकारी, सासाराम के द्वारा उपस्थित सभी प्रतिभागियों को संदेश दिया गया कि इस कार्यक्रम का मुख्य नारा "सभी महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए अधिकार, समानता तथा सशक्तिकरण" है। इसका उद्देश्य महिलाओं में शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूकता लाना, उन्हें साहसिक गतिविधियों के लिए प्रेरित करना और समाज में उनकी सक्रिय भागीदारी को रेखांकित करना है। उक्त कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस, जिला खेल पदाधिकारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी एवं महिला एवं बाल विकास निगम के पदाधिकारी एवं कर्मी और उपाध्यक्ष भारत स्काउट और गाइड, रोहतास संतोष कुमार सिंह, डीओसी संजीत कुमार और गाइड में रौशन अरा,खुशबु कुमारी, काजल कुमारी, रिया कुमारी, मुस्कान कुमारी के साथ सैकड़ो लोग उपस्थित रहें।




## एक नजर

### भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प

**विक्रमगंज (रोहतास)।** सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के रतनपट्टी गांव में रविवार को भूमि व रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। घटना में चार पुरुष और चार महिलाएं समेत कुल आठ लोग घायल हो गए, जिनमें सात की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को सूर्यपुरा स्वास्थ्य केंद्र व अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विवादित जमीन का मामला पहले से ही न्यायालय में लंबित बताया जाता है।

### बिजली चोरी के दो मामले उजागर

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** विद्युत विभाग की जांच टीम ने छापेमारी के दौरान बिजली चोरी के दो मामलों का खुलासा किया है। तुर्ती निवासी सत्येंद्र कुमार सिंह पर मीटर बाईपास कर बिजली चोरी करने के आरोप में 4,64,297 रुपये की राजस्व क्षति आंकलित करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। वहीं सलेमपुर निवासी ज्योति प्रकाश पर बिना वैध कनेक्शन के एलटी पोल से अवैध रूप से बिजली उपयोग करने के आरोप में 74,246 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।


फार्मेट-सी-2
(राजनैतिक दलों के लिए वेबसाइट, समाचार-पत्रों/टी वी में प्रकाशन हेतु)

दल द्वारा खड़े किये गये अभ्यर्थियों के आपराधिक पूर्ववृत के बारे में घोषणा
(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) संख्या-536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)
राजनीतिक दल का नाम : **राष्ट्रीय लोक मोर्चा**
निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **राज्यसभा**
राज्य का नाम : **बिहार**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | अभ्यर्थी का नाम | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | (क) लंबित आपराधिक मामले | | आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के लिए मामलों के संबंध में विवरण | | |
| | | | न्यायालय का नाम मामले सं एवं मामलों की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धाराएं एवं अपराध का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम, आदेश की तारीख | अपराध और अधिरोपित किये गये दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दण्ड |
| 1 | उपेन्द्र कुशवाहा | **बिहार से राज्यसभा के लिए वर्ष 2026 में होने वाला द्विवार्षिक चुनाव** | ए सी जे एम-1, पटना एमपी/एमएलए/एमएलसी न्यायालय, पटना कोतवाली पटना कांड संख्या 83/20 | भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148,149,188,341,342,323, 353, 504, 506 सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2 | | | ए सी जे एम-1, पटना एमपी/एमएलए/एमएलसी न्यायालय, पटना गांधी मैदान पटना कांड संख्या 241/20 | भारतीय दंड संहिता की धारा 269,270,188,143,145 एवं महामारी रोग अधिनियम, 1897 की धारा 03 सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन कोरोना प्रोटोकॉल का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 3 | | | प्रथम श्रेणी न्यायालय, सासाराम करगहर (रोहतास) कांड संख्या 206/20 | भारतीय दंड संहिता की धारा 188 एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम की धारा 51 सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, कोरोना प्रोटोकॉल का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 4 | | | ए सी जे एम-1, पटना एमपी/एमएलए/एमएलसी न्यायालय, पटना कोतवाली पटना कांड संख्या 91/19 | भारतीय दंड संहिता की धारा 147,148,149,188,352,341 ,342, 323, 332, 353, 506, 427 सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 5 | | | ए सी जे एम-1, पटना एमपी/एमएलए/एमएलसी न्यायालय, पटना कोतवाली पटना कांड संख्या 1126/19 | भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 149, 188, 341, 342, 504, 505, एवं ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) कानून की धारा 09 सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन, लाउडस्पीकर प्रयोग संबंधित | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 6 | | | ए सी जे एम, दानापुर बिहटा, पटना कांड संख्या 1059/19 | भारतीय दंड संहिता की धारा 147,149,188, 363, 34 सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 7 | | | ए सी जे एम-1, मुजफ्फरपुर मीनापुर( मुजफ्फरपुर) कांड संख्या 201/19 | भारतीय दंड संहिता की धारा 188 एवं जनप्रतिनिधत्व अधिनियम की धारा 126 सरकारी कार्य में बाधा डालना, चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा, विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।



फार्मेट सी-1
*(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)*

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

*(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार)* (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)
अभ्यर्थी का नाम और पता : **उपेन्द्र कुशवाहा**
राजनैतिक दल का नाम : **राष्ट्रीय लोक मोर्चा**
(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)
निर्वाचन का नाम : **राज्य सभा के सदस्यों की सेवानिवृत्ति के बाद उनकी सीटों को भरने के लिए द्विवार्षिक चुनाव अप्रैल 2026 में**
निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **बिहार से राज्यसभा के लिए 2026 में होने वाले द्विवार्षिक चुनाव के लिए**

मैं **उपेन्द्र कुशवाहा** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं:

| (क) | लंबित आपराधिक मामले | | | |
|---|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| 1. | ए सी जे एम-1, पटना एमपी/एमएलए/एमएलसी न्यायालय, पटना | कोतावली पटना कांड संख्या 83/20 | लंबित | भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148, 149, 188,341,342,323, 353,504,506, सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन |
| 2. | ए सी जे एम-1, पटना एमपी/एमएलए/एमएलसी न्यायालय, पटना | गांधी मैदान पटना कांड संख्या 241/20 | लंबित | भारतीय दंड संहिता की धारा 269,270,188,143,145 एवं महामारी रोग अधिनियम, 1897 की धारा 03, सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञां का उल्लंघन, कोरोना प्रोटोकॉल का उल्लंघन |
| 3. | प्रथम श्रेणी न्यायालय, सासाराम | करगहर (रोहतास) कांड संख्या 206/20 | लंबित | भारतीय दंड संहिता की धारा 188 एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम की धारा 51, सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, कोरोना प्रोटोकॉल का उल्लंघन |
| 4. | ए सी जे एम-1, पटना एमपी/एमएलए/एमएलसी न्यायालय, पटना | कोतवाली पटना कांड संख्या 91/19 | लंबित | भारतीय दंड संहिता की धारा 147,148,149,188,352,341, 342, 323, 332, 353, 506, 427, सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन |
| 5. | ए सी जे एम-1, पटना एमपी/एमएलए/एमएलसी न्यायालय, पटना | कोतवाली पटना कांड संख्या 1126/19 | लंबित | भारतीय दंड संहिता की धारा 147,149,188,341, 342,504,505, एवं ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) कानून की धारा 09, सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन, लाउडस्पीकर प्रयोग संबंधित |
| 6. | ए सी जे एम, दानापुर | बिहटा, पटना कांड संख्या 201/19 | लंबित | भारतीय दंड संहिता की धारा 147,149,188, 363, 34, सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन |
| 7. | ए सी जे एम -1 (मुजफ्फरपुर) | मीनापुर (मुजफ्फरपुर) कांड संख्या 201/19 | लंबित | भारतीय दंड संहिता की धारा 188 एवं जनप्रतिनिधत्व अधिनियम की धारा 126, सरकारी कार्य में बाधा डालना, चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन |

| क्रम सं० | (ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण | | |
|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | **अधिकतम अधिरोपित दंड** |
| क्रम सं. 1 से 7 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्यसभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिलाधिकारी ने महिलाओं को किया सम्मानित





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** 8 मार्च 2026 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं विकास निगम, कला एवं संस्कृति विभाग, जीविका एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में डीआरडीए सभागार, नवादा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश तथा अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का मुख्य विषय "गिव टू गेन" रखा गया है, जिसके माध्यम से समाज में महिलाओं के सशक्तिकरण, सम्मान तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं की सहभागिता के बिना देश की सामाजिक एवं आर्थिक प्रगति संभव नहीं है। महिलाएं परिवार, समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। किसी भी विकास योजना और रोजगार व्यवस्था की सफलता महिलाओं की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और रोजगार के क्षेत्र में कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाया जा सके।उन्होंने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता के लिए विभिन्न जिलों, जिनमें नवादा भी शामिल है, में वन स्टॉप सेंटर एवं दीदी अधिकारी केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां महिलाओं को परामर्श, कानूनी सहायता एवं अन्य आवश्यक सहयोग एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और समान अवसर सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों को जिलाधिकारी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सामूहिक शपथ दिलवाई गयी। शपथ के माध्यम से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत अधिक से अधिक महिलाओं को आजीविका से जोड़ने, महिलाओं के विरुद्ध हिंसा एवं भेदभाव का विरोध करने, बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोकने तथा समाज में लैंगिक समानता एवं सम्मान सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया। इसी क्रम में जल महोत्सव पखवाड़ा (08–22 मार्च 2026) के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर "हर घर नल का जल निश्चय से मिला महिला शक्ति को बल" विषय पर एक कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं के संचालन एवं रख-रखाव में सहयोग करने वाली महिला शक्ति ने भाग लिया।कार्यशाला के दौरान हर घर नल का जल योजना से महिलाओं के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसमें बताया गया कि इस योजना से महिलाओं के समय की बचत हुई है तथा उनके स्वास्थ्य और आजीविका पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। साथ ही जल के सदुपयोग में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी चर्चा की गई। बैठक में जलापूर्ति योजनाओं के संचालन, रख-रखाव एवं निगरानी में महिलाओं की भागीदारी को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम स्तर पर जलापूर्ति से संबंधित समस्याओं की पहचान तथा उनके त्वरित समाधान में महिलाओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस) ने महिलाओं एवं बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और विकास से संबंधित योजनाओं की जानकारी साझा की। वहीं जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका द्वारा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के प्रयासों पर प्रकाश डाला गया तथा जीविका की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता और जल संरक्षण के महत्व पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में जिला पदाधिकारी द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी डॉ. राजकुमार सिंहा, प्रभारी जिला जन-सम्पर्क पदाधिकारी अमरनाथ कुमार, डीपीओ आईसीडीएस निरूपमा शंकर, डीपीओ शिक्षा वर्षा, सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मगध सम्राट जरासंध स्मारक का प्रथम स्थापना दिवस मनाया गया





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** राजगीर के जयप्रकाश उद्यान में स्थापित जरासंध महाराज की प्रतिमा का प्रथम स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दिवस का उद्घाटन विहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार के द्वारा किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन के क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं, जिससे बिहार नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए समाज के सभी वर्गो को एकजुट होकर काम करना होगा। जब हर व्यक्ति देश के विकास के लिए अपना योगदान देगा, तभी भारत को आगे बढ़ाया जा सकेगा। डॉ. प्रेम कुमार ने यह भी कहा कि राजगीर ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हजारों वर्षों के जरासंध महाराज के इतिहास को जरासंध महाराज का स्मारक का निर्माण कर तथा जरासंध महोत्सव का आयोजन कर जीवित करने का काम किया है। यह इतिहास के स्वर्णिम अक्षय में लिखा जाएगा।

इस अवसर पर पूर्व आयोग सदस्य प्रमोद चंद्रवंशी ने कहा कि सुबे की सरकार पर्यटन स्थलों को विकास करने के लिए लगातार प्रयासरत में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार खेल स्टेडियम का नाम मगध सम्राट जरासंध स्टेडियम रखने के लिए सरकार से मांग की जाएगी। पूर्व विधान परिषद सदस्य प्रोफेसर रामबली सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि यह मगध सम्राट जरासंध किसी एक जाति का नहीं बल्कि पूरे मगध देश का राजा थे।

## ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बख्तियारपुर–राजगीर रेलखंड पर राजगीर रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान राजगीर के पंचवटी नगर मोहल्ला निवासी 46 वर्षीय अखिलेश यादव के रूप में की गई है। मृतक के भांजे ने बताया कि शनिवार की रात करीब 10 बजे अखिलेश यादव अपने घर से पास के खेत में पटवन (सिंचाई) करने के लिए निकले थे। उनका खेत रेलवे लाइन के पास ही स्थित है। आशंका जताई जा रही है कि खेत जाने या वापस लौटने के दौरान रेलवे ट्रैक पार करते समय वह किसी तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

# नूतन उन्नति संस्था ने किया सत्तू वितरण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नगर के महिलाओं के उत्थान को समर्पित स्वयंसेवी संस्था नूतन उन्नति के द्वारा महिला दिवस के अवसर पर शोभनाथ मंदिर के नजदीक शोभिया पर सैकड़ों की संख्या में गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के बीच सत्तू का वितरण किया गया। जहां संस्था के द्वारा बड़ी संख्या में गरीब, मजदूर और राहगीरों को सत्तू पिलाकर गर्मी से राहत देने का प्रयास किया गया। संस्था के डायरेक्टर नूतन बिहारी ने बताया कि सत्तू पौष्टिक और ऊर्जा देने वाला आहार है, इसलिए गर्मी के मौसम में इसका वितरण लोगों के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है। ऐसे सामाजिक कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों की सहायता करना और लोगों में सेवा भावना को बढ़ावा देना है। हमारी संस्था केवल महिलाओं के उत्थान के लिए ही काम नहीं करती है बल्कि सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाती है। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों ने मिलकर सैकड़ों जरूरतमंद लोगों के बीच सत्तू का वितरण किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में सहयोग और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं। संस्था के सदस्यों ने महिलाओं को शिक्षा, स्वावलंबन और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि महिलाएं शिक्षित और आत्मनिर्भर बनेंगी तो परिवार और समाज दोनों का विकास संभव होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के राखी बरनवाल, राखी गुप्ता, सोनी, बबीता, तरुण चौरसिया, बंटी सिंह, अर्चना, पुनीता, अंजू बबली, डॉ बिन्नी हेमलता, ममता, प्रियंका, पूनम, पुनीता, सुमन, तान्या, ममता, अलीशा, अंजू, भवानी, पूनम गुप्ता, रीना वर्मा, संगीता देवी, सविता, स्नेहा, सुषमा, अर्पणा एवं वीणा के साथ साथ सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## भारतीय महिलाएं समाज का स्तम्भ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को पेंशनर भवन में संगोष्ठी हुई। अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की। समाज सचिव श्रीकांत सिंह ने कहा भारतीय महिलाएं समाज का स्तम्भ हैं। आज की महिलाएं हर क्षेत्र में अपने जीवन में कुशल पूर्वक उत्तरदायित्व को निभा रही है।वह सेना के क्षेत्र में पायलट, शिक्षा, स्वास्थ्य, अंतरिक्ष समेत अन्य विभागों में कर्तव्यों को भलीभांति निर्वाह में लगी हुई है। वस्तुतः महिलाएं सृष्टि का आधार है। मौके पर रामशरण सिंह,दशरथ प्रसाद, कामता प्रसाद सिंह, सियाशरण दास,रामाधीन सिंह, नरेश कुमार समेत अन्य लोगों ने विचार व्यक्त किये।

# महिलाओं को दी गई संवैधानिक अधिकारों, कानूनी सुरक्षा की जानकारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कृषि विज्ञान केन्द्र, ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा के पाली पंचायत के ओखरिया गांव में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों, कानूनी सुरक्षा और समाज के प्रति उनके कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारों और कर्तव्यों पर चर्चा कार्यक्रम के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र के विशेषज्ञों और वक्ताओं ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर दिया। इस दरम्यान महिलाओं को बताया गया कि खेती और पशुपालन में उनके योगदान को पहचानना और सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ लेना उनका अधिकार है। वहीं घरेलू हिंसा,शिक्षा का अधिकार और संपत्ति में अधिकार जैसे महत्वपूर्ण कानूनी पहलुओं पर सरल भाषा में जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि एक जागरूक महिला का कर्तव्य है कि वह अपने बच्चों (विशेषकर बेटियों) को शिक्षित करे और समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाए। केन्द्र के वैज्ञानिकों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए भी प्रेरित करते हुए कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा किया। वैज्ञानिकों ने कहा कि यदि महिलाएं जागरूक होंगी और अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों का पालन करेंगी,तभी गांधी जी के 'ग्राम स्वराज' का सपना साकार होगा। मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ अंगद कुमार,रजत रंजन,कार्यक्रम सहायक अनिल कुमार समेत दर्जनों महिलाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# मारपीट में वृद्ध महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के दुमुहान गांव में रविवार को मारपीट की घटना में एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। महिला की पहचान दुमुहान गांव निवासी कामेश्वर यादव की लगभग 75 वर्षीया पत्नी झलिया देवी के रूप में की गई है। इस सम्बंध में मृतक महिला के पुत्र व लालपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बिनोद यादव ने बताया कि उनकी माता झलिया देवी की हत्या गांव के ही कुछ दबंग प्रवृत्ति के लोगों ने कर दी। उन्होंने बताया कि होली के दिन भी उनकी माता के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया था। मृतक के एक अन्य पुत्र बिष्णुदेव यादव ने बताया कि होली में दोनों पक्षों में मारपीट की घटना घटित होने के बाद गांव में रविवार को उसी केश के सिलसिले में पुलिस आई थी। पुलिस द्वारा दोनों पक्षों से पूछताछ की गई। पुलिस के जाने के बाद फिर से दूसरे पक्ष के द्वारा लड़ाई झगड़ा शुरू कर दिया गया। इस बीच उनकी माता झलिया देवी को गंभीर चोटें आ गई। जिससे वह जमीन पर गिर गई और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। इधर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया है।

# पिकअप पलटने से चालक की मौत

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** चंडी थाना क्षेत्र के रामपुर हॉल्ट के पास रविवार सुबह एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गया। इस हादसे में पिकअप चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गए। मृतक की पहचान चंडी थाना क्षेत्र के बढ़ौना गांव निवासी जवाहर मालाकार के पुत्र रमेश मालाकार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि रमेश इन दिनों दनियावां में रहकर फूलों की सजावट का व्यवसाय करता था और विभिन्न कार्यक्रमों में सजावट का काम करता था। बढ़ौना पंचायत के मुखिया अशोक शर्मा ने बताया कि शनिवार को जसमत बिगहा गांव के एक निजी स्कूल में कार्यक्रम के लिए रमेश ने फूलों की सजावट का काम किया था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद रविवार सुबह वह पिकअप वाहन लेकर सजावट का सामान वापस लाने के लिए जसमत बिगहा जा रहा था। इसी दौरान रामपुर हॉल्ट के पास रेलवे पटरी के बगल से गुजरते समय अचानक पिकअप वाहन अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे बने गड्ढे में पलट गया। वाहन पलटते समय रमेश ने खुद को बचाने के लिए पिकअप का गेट खोलकर कूदने की कोशिश की, लेकिन दुर्भाग्यवश वाहन उसी पर गिर गया। वाहन के नीचे दबने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# 'बाल विवाह मुक्ति रथ' ने दी नवादा जिला से बाल विवाह के खात्मे के प्रयासों को रफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** भारत सरकार के केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की पहल पर चले 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान के तहत जिले के गांवों व कस्बों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान चला रहे 'बाल विवाह मुक्ति रथ' की यात्रा के समापन के अवसर पर एक कार्यक्रम में तटवासी समाज न्यास ने कहा कि हमारे प्रयासों को मिली प्रतिक्रिया से हम आश्वस्त हैं कि बाल विवाह मुक्त नवादा और बाल विवाह मुक्त भारत का लक्ष्य हासिल करने के बेहद करीब हैं। तटवासी समाज न्यास बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए जमीन पर काम कर रहे 250 से भी ज्यादा नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फार चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है। जिले में बाल विवाह मुक्ति रथ को नवादा सदर अनुमंडल पदाधिकारी अमित अनुराग ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इन 30 दिनों में बाल विवाह मुक्ति रथ ने जिले में 2075 किलोमीटर यात्रा की। यह रथ 50 गांवों तक पहुंचा और 2,25,000 लोगों को बाल विवाह के खिलाफ अभियान से जोड़ा। जिला अंतर्गत 25 स्कूलों में 10500 बच्चों एवं शिक्षकों को इस अभियान से जोड़ा गया तथा 30 धार्मिक स्थलों पर जाकर 110 धार्मिक गुरों को इस अभियान में शामिल किया गया। 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के साल भर पूरा होने के अवसर पर भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने चार दिसंबर, 2025 को देशव्यापी '100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान' का एलान किया था। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी संगठनों ने इस अभियान की मोर्चे से अगुआई करते हुए देश के 439 जिलों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता का संदेश देने के लिए 'बाल विवाह मुक्ति रथ' निकाले। इस रथ ने जिले के तमाम गांवों और कस्बों में घूम-घूम कर लोगों को बाल विवाह के स्वास्थ्य, शिक्षा व आजीविका पर दुष्परिणामों से अवगत कराया और इसके कानूनी पहलुओं की जानकारी देते हुए समझाया कि बाल विवाह दंडनीय अपराध है। प्रमुख सड़कों और बेहतर पहुंच वाले मार्गों से 'बाल विवाह मुक्ति रथ' गुजरे, जबकि संपर्क के लिहाज से मुश्किल सुदूर गांवों तक मोटरसाइकिल व साइकिल कारवां के जरिए पहुंचा गया ताकि बाल विवाह मुक्त नवादा का संदेश सबसे आखिरी छोर तक पहुंच सके।

# जीविका दीदियों के योगदान को मिला सम्मान





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जीविका की ओर से उद्यान महाविद्यालय, नूरसराय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नालंदा के जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने की। जिले में पिछले 20 वर्षों से महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान की दिशा में कार्य कर रही जीविका परियोजना ने लाखों महिलाओं को सशक्त बनाकर उन्हें नई पहचान दिलाने का कार्य किया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार उपस्थित रहे। उनके साथ नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार, उद्यान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी.के. सिंह, जिलाधिकारी कुंदन कुमार, जीविका निदेशक राम निरंजन सिंह तथा परियोजना समन्वयक महुआ राय चौधरी सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि श्रवण कुमार ने अपने संबोधन में महिलाओं की भागीदारी को राज्य और समाज के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ उठाकर महिलाएं अपने परिवार और समाज के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने भी महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं और अपने दम पर समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। कार्यक्रम में लगभग 400 जीविका दीदियों ने भाग लिया। इस अवसर पर जीविका की राज्य परियोजना प्रबंधक महुआ राय चौधरी, जिला परियोजना प्रबंधक संजय प्रसाद पासवान, प्रबंधक संचार संतोष कुमार, प्रबंधक सामाजिक विकास पंकज कुमार, प्रबंधक कृषि अनुराग कुमार, प्रबंधक सूक्ष्म वित्त शिव शंकर प्रसाद, प्रबंधक प्रशिक्षण राम पुकार, नूरसराय प्रखंड परियोजना प्रबंधक आनंद किशोर सहित कई अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं।

## विभिन्न कांडों के छह वारंटी गिरफ्तार

**रजौली (नवादा)।** रजौली थाना क्षेत्र में अपराधियों और वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।रजौली थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रंजीत कुमार के कुशल नेतृत्व में गठित टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए महसई गांव से विभिन्न मामलों में संलिप्त छह फरार वारंटियों को दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान महसई निवासी सुबोध रविदास पिता स्वर्गीय मोहन दास, राजेंद्र रविदास पिता स्वर्गीय प्रयाग रविदास, कारु रविदास पिता स्वर्गीय जीतन रविदास, सतेंद्र रविदास पिता जीतन रविदास,रामेश्वर रविदास पिता स्वर्गीय कैलाश रविदास और विरजु रविदास पिता जीतन रविदास के रूप में की गई है।

# महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों के प्रति किया जागरूक




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा एवं नवादा विधि महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में बाल विवाह, दहेज प्रथा, महिला अधिकार और समानता विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और महिला सशक्तिकरण के महत्व को रेखांकित करना था। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीएन मिश्रा ने भारत के संविधान में निहित महिलाओं के अधिकारों और बाल विवाह पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय की सचिव श्रीमती कला देवी के साथ कई महिलाओं और छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में डालासा के प्रतिनिधि उमेश्वर प्रसाद, उपप्राचार्य डॉ. श्याम कुमार मिश्रा, सहायक प्रोफेसर सपना राजमणि, जितेंद्र कुमार, संतोष जी सहित अन्य लोग उपस्थित थे। मंच का संचालन प्रशांत प्रकाश ने किया और धन्यवाद ज्ञापन आकिल खान ने दिया।

# हरदिया में रामनवमी व दुर्गा पूजा की तैयारियां शुरू

## अनुज बने अध्यक्ष और रंजीत को मिली सचिव की कमान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** प्रखंड क्षेत्र के हरदिया सेक्टर डी के दूर्गा मंदिर के समीप रविवार की सुबह श्री रामनवमी पूजा समिति के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता स्थानीय हरदिया सरपंच संतोष कुमार ने की। इस सभा का मुख्य उद्देश्य आगामी रामनवमी और दुर्गा पूजा पर्व को पूरे हर्षोल्लास और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाने हेतु रूपरेखा तैयार करना था, जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों ने पर्व के सफल आयोजन को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए अनुज कुमार को अध्यक्ष, रंजीत कुमार को सचिव तथा संतोष कुमार को कोषाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर समिति की मजबूती और एकजुटता का परिचय देते हुए अखिलेश कुमार, सूरज कुमार, सोहन साव, ओम प्रकाश आर्य, मुकेश कुमार सिंह, रूपेश कुमार, संजय कुमार, अजय पंडित, बब्लू पंडित, अनुरंजन सिंह, पिंटू कुमार, विशाल कुमार और संजय कुमार गुप्ता समेत दर्जनों सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने आगामी उत्सवों को भव्य बनाने का संकल्प लिया।

# रजौली की सड़कों पर दिखा मिनी मैराथन का रोमांच




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** रजौली के ऐतिहासिक इंटर विद्यालय प्रांगण से रविवार को खेल और उत्साह का एक अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां कमांडो फिजिकल एंड स्पोर्ट एकेडमी द्वारा आयोजित 'द्वितीय मिनी मैराथन 2026' ने सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए। नगरपंचायत रजौली, जेपीएस स्कूल, होंडा शोरूम और आप और हम रेस्टोरेन्ट जैसे संस्थानों ने प्रायोजक के रूप में इस खेल उत्सव को अपना समर्थन दिया।इस भव्य प्रतियोगिता में न केवल बिहार, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों से आए लगभग 800 युवक-युवतियों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा और अदम्य साहस का परिचय दिया। सुबह की पहली किरण के साथ ही धावकों के जोश ने पूरे रजौली को खेलमय बना दिया। दौड़ का सफर रजौली इंटर विद्यालय से प्रारंभ होकर महादेव मोड़, बांके मोड़, थाना रोड, बाजार रोड, राजशिवाला के समीप और पुरानी बस स्टैंड जैसे प्रमुख स्थलों से गुजरते हुए वापस इंटर विद्यालय के मैदान पर समाप्त हुआ। लड़कों के वर्ग में उत्तर प्रदेश के मऊ जिले से आए सुनील कुमार ने अपनी रफ्तार का लोहा मनवाते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, जिसके लिए उन्हें 11 हजार रुपये के नकद पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं,राजगीर के विकास राय दूसरे स्थान पर रहे जिन्हें 5100 रुपये मिले, जबकि तीसरे स्थान के विजेता को 2100 रुपये की पुरस्कार राशि दी गई। लड़कियों के वर्ग में सीवान की पूजा सिंह ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। गया की किरण वर्मा ने द्वितीय और नवादा की स्वीटी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया। विजेताओं को नगद राशि के साथ-साथ मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर उनकी उपलब्धि को सराहा गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक विमल राजवंशी ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं के जीवन में अनुशासन का संचार करते हैं और ऐसे आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को एक राष्ट्रीय मंच मिलता है। समाजसेवी प्रमोद चंद्रवंशी ने भी युवाओं को शारीरिक और मानसिक मजबूती के लिए खेलों से जुड़ने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख सरोज देवी, मुख्य पार्षद मानती देवी, रजौली पश्चिमी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि विनय सिंह, रंजन कुमार बब्लू एवं नगर पंचायत प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह सहित कई सेवानिवृत्त शिक्षकों सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गयाजी में रेड क्रॉस की शिशु प्रदर्शनी में बच्चों की धूम

## सौ से अधिक प्रतिभागियों ने लिया भाग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, गयाजी की ओर से जिले के बच्चों के लिए शिशु प्रदर्शनी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10 बजे रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष उपेन्द्र नारायण सिंह की अध्यक्षता में हुआ, जिसमें सौ से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे परिसर में बच्चों की चहल-पहल और अभिभावकों का उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता को बच्चों की आयु के आधार पर तीन वर्गों में विभाजित किया गया, जिसमें 0 से 2 वर्ष, 2 से 5 वर्ष तथा 5 से 10 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे शामिल थे। इस दौरान बच्चों के स्वास्थ्य, टीकाकरण की स्थिति, शारीरिक एवं मानसिक




विकास तथा उनकी सक्रियता के आधार पर विशेषज्ञों की टीम द्वारा उनका मूल्यांकन किया गया। तीनों वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के साथ स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। वहीं प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों को सहभागिता प्रमाण पत्र, पदक और आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों और उनके अभिभावकों में काफी उत्साह और खुशी का माहौल रहा। शिशु प्रदर्शनी के दौरान बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण और मूल्यांकन के लिए शहर के प्रसिद्ध बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ उपस्थित रहे। इनमें उमेश कुमार, एस.एस. जमाँ, विजय कुमार करण, नन्द किशोर गुप्ता और योगिता सिन्हा परीक्षक के रूप में शामिल हुए और बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से तनवीर उस्मानी, प्रभात कुमार सिन्हा, रामनरेन्द्र प्रसाद, उमेश कुमार डिडवानिया, आदित्य कुमार और दंत चिकित्सक तृषा कुमारी मौजूद रहे। इसके अलावा गया जिला सक्षम के सचिव तथा स्वाब संस्था के संस्थापक अध्यक्ष समाजसेवी रामानुज महाराज भी कार्यक्रम में शामिल हुए। आयोजन को सफल बनाने में गौरव कुमार का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और समग्र विकास के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना है, ताकि आने वाली पीढ़ी स्वस्थ, जागरूक और सशक्त बन सके।

# देसी कट्टा के साथ दो गिरफ्तार

## चाकंद थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज।** चाकंद थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो अपराधियों को हथियार, चोरी की मोटरसाइकिल और मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार चाकंद थाना की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम देशिन बिगहा स्थित भट्ठा के पास कुछ संदिग्ध व्यक्ति हथियार के साथ मौजूद हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने दो व्यक्तियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रवि कुमार उर्फ रवि मांझी, पिता सुरेश मांझी उर्फ हाथी मांझी तथा दीपू कुमार, पिता दीनानाथ चौधरी, दोनों निवासी बिथो शरीफ, थाना चाकंद, जिला गया के रूप में की गई है। तलाशी के दौरान पुलिस ने इनके पास से एक देशी कट्टा, एक चोरी की मोटरसाइकिल तथा दो मोबाइल फोन बरामद किया। पूछताछ में मोटरसाइकिल चोरी की होने की बात सामने आई है। चाकंद थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष दिनेश कुमार महतो ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि दोनों किसी अन्य आपराधिक घटना में शामिल तो नहीं हैं। इस संबंध में चाकंद थाना में कांड संख्या 47/26 दिनांक 07 मार्च 2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2), 317(2), 3(5) तथा आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-उ)ए, 26 और 35 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायालय, गया में पेश करने के लिए भेज दिया है।

# ब्रह्माकुमारीज सिविल लाइंस सेवा केंद्र में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सिविल लाइंस सेवाकेंद्र में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में माताओं, बहनों और गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और ईश्वरीय स्मृति के साथ हुई। इस अवसर पर सेवाकेंद्र की संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शीला दीदी ने महिलाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिला समाज की शक्ति, संस्कारों की धरोहर और परिवार की आधारशिला होती है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनती हैं तो परिवार, समाज और राष्ट्र में सकारात्मक परिवर्तन स्वतः दिखाई देने लगता है। उन्होंने यह भी कहा कि राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से महिलाएं अपने भीतर छिपी शक्तियों को जागृत कर सकती हैं और जीवन में शांति, आत्मविश्वास तथा खुशी का अनुभव कर सकती हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में प्रोफ़ेसर कविता कुमारी, पूर्व विभागाध्यक्ष संस्कृत विभाग मगध विश्वविद्यालय, अरुणा कुमारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, अंशु अग्रवाल, गैर सरकारी संस्था की प्रमुख तथा शिक्षिका इंद्रावती सिंह उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए महिला सशक्तिकरण के लिए शिक्षा, संस्कार और आध्यात्मिकता को आवश्यक बताया तथा महिलाओं की भूमिका को समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिन्होंने उपस्थित लोगों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने समाज में महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया। अंत में विश्व शांति की कामना के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# अर्श सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर

## शिविर में 1000 मरीजों का मुफ्त में किया गया इलाज एवं दवा वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** आर्षेय अरिहंत फाउंडेशन के तत्वाधान में गया शहर के एपी कॉलोनी में संचालित अर्श सुपर स्पेशलियटी हॉस्पिटल के तत्वाधान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर आयोजन में समर्थ केंद्र बड्गांव का सहयोग रहा है। इस चिकित्सा शिविर में लगभग 1000 मरीजो का निःशुल्क परामर्श किया गया. इसके साथ ही मुफ्त में दवा का भी वितरण किया गया। इस मौके पर अर्श सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक सह हड्डी रोग




विशेषज्ञ डॉ. नवनीत निश्चल एवं डॉ कविता निश्चल के अलावे अर्श सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉ प्रवीण कुमार, डॉ पूजा कुमारी, डॉ राखी कुमारी, रमेश कुमार, भवानी सिंह, निक्की कुमारी, अमर पांडेय, अमित कुमार, विशाल कुमार, हरे राम ने उपस्थित होकर 1000 लोगो का निःशुल्क चिकित्सा सेवा प्रदान करने में सहयोग किया। चिकित्सा शिविर के मौके पर अर्श सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नवनीत निश्चल ने बताया कि अर्श सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य होता है कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मुफ्त में चिकित्सा सेवा दिया जा सके और दवा का भी वितरण किया जा सके क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र के कई ऐसे लोग भी होते हैं जो पैसे के अभाव में सही इलाज नही करवा पाते है जिन्हें सेवा भाव के उद्देश्य से मुक्त में इलाज कर दवा दिया जा रहा है। यह हमारी संस्था के द्वारा लगातार जारी है और आगे भी जारी रहेगा। वही इस तरह का आयोजन करने के लिए ग्रामीणो ने भी अस्पताल के प्रति एवं डॉ नवनीत निश्चल के प्रति आभार प्रकट किया।

# मुख्यमंत्री के महिला विकास मॉडल से महिलाएं सशक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में जब आधी आबादी को नेतृत्व का बराबर मौका मिला, तो विकास की रफ्तार तेज हो गई। महिलाओं का उभरता नेतृत्व पंचायतों को मजबूती देने के साथ समाज को सशक्त बना रहा है। राज्य में कभी महिलाओं को घर की चारदीवारी तक सीमित माना जाता था। आज इनका ग्रामीण शासन नेतृत्व की मिसाल पेश कर रहा है। राज्य सरकार की दूरदर्शी नीति के तहत 2006 में पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया। ऐसा करने वाला बिहार देश का पहला राज्य बना। इसके बाद 2007 में नगर निकायों में भी यही क्रांतिकारी कदम उठाया गया। इस नीति का असर 2021 के पंचायत चुनावों में साफ दिखा, जहां महिलाओं ने विभिन्न पदों पर मजबूत उपस्थिति दर्ज की। 2021 के पंचायत चुनाव में महिला मुखियाओं और सरपंचों की संख्या 50 प्रतिशत से अधिक रही। जिला परिषद अध्यक्ष के 38 पदों में से 29 (यानी 76 प्रतिशत से अधिक) महिलाओं ने जीते। पंचायत समिति प्रमुख पदों पर भी महिलाओं का दबदबा रहा, जहां 66 प्रतिशत से ज्यादा सीटें उन्होंने हासिल कीं। वार्ड सदस्य, समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य और पंच स्तर पर भी महिलाओं की संख्या 50 प्रतिशत के आसपास या उससे ऊपर रही। कुल मिलाकर, राज्य भर में विभिन्न पंचायती पदों पर 1 लाख से अधिक महिलाएं निर्वाचित हुईं। ये सिर्फ आंकड़े नहीं हैं। बल्कि, महिलाओं के बढ़ते आत्मविश्वास, निर्णय लेने की क्षमता और समाज में उनके सम्मान की कहानियां बनीं। पंचायती राज विभाग विभिन्न संस्थाओं के साथ मिलकर महिला पंचायत प्रतिनिधियों को नियमित प्रशिक्षण, मेंटरशिप और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों से मजबूत कर रहा है। इन प्रयासों का नतीजा है कि ग्रामीण इलाकों में महिला मुखियाएं अब विकास की नई दिशा तय कर रही हैं।

# वजीरगंज में विश्व महिला दिवस पर नंदवंशी चेतना मंच ने किया नारी शक्ति सम्मान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रखंड मुख्यालय परिसर के सभागार भवन में नंदवंशी चेतना मंच की ओर से नारी शक्ति सम्मान- 2026 समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफ़ेसर रेणु कुमारी ने की और संचालन रेखा देवी ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन जहानाबाद की पूर्व प्रमुख सह जनता दल यूनाइटेड की नेत्री मनोरमा देवी, गंगा रानी महिला कॉलेज नवादा के मनोविज्ञान विभाग की व्याख्याता प्रोफ़ेसर रेणु कुमारी, तरवां पंचायत की सरपंच सुमित्रा देवी और प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर सिंह सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर सिंह ने कहा कि नारी आदि काल से समाज के निर्माण में पुरुषों के साथ बराबर की भागीदार रही है। सरकार महिलाओं को समान अधिकार दे रही है, इसलिए समाज के हर व्यक्ति का दायित्व है कि वह महिलाओं का सम्मान करे और उनके निर्णयों को महत्व दे। मुख्य अतिथि मनोरमा देवी ने कहा कि अपने अधिकारों की प्राप्ति के लिए शिक्षा सबसे बड़ा साधन है और शिक्षा के माध्यम से हर मंजिल हासिल की जा सकती है। नंदवंशी चेतना मंच के मीडिया प्रभारी प्रभाकर कुमार ने कहा कि कई बार आरक्षण के कारण महिलाओं को जनप्रतिनिधि तो बना दिया जाता है, लेकिन उन्हें स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने का अवसर नहीं दिया जाता। उन्होंने कहा कि यह स्थिति बदलनी चाहिए और महिलाओं को वास्तविक अधिकार और सम्मान मिलना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों और उपस्थित महिलाओं को माल्यार्पण तथा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इधर कुर्किहार उमन बिगहा प्राथमिक विद्यालय परिसर में भी महिला दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य, मुखिया और मुखिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान जिला परिषद सदस्या डॉ. पिंकी कुमारी ने कहा कि मानव जीवन के हर पहलू में नारी का महत्वपूर्ण योगदान है और समाज को हमेशा महिलाओं का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम में नंदवंशी चेतना मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, नाई समाज गया के नंदकिशोर शर्मा, भोला ठाकुर, प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार नंदवंशी उर्फ विद्यासागर, जिला उपाध्यक्ष अनिल नंदवंशी, मिथलेश शर्मा, रेखा देवी, मीना देवी, शीला कुमारी, स्वस्तिका शर्मा, पूनम शर्मा, राजेश नंदवंशी, जनार्दन शर्मा, अशोक शर्मा, अजय शर्मा, शैलेन्द्र शर्मा सहित नाई समाज के बड़ी संख्या में महिला और पुरुष उपस्थित रहे।

# छिपकली गिरी मछली खाने से एक ही परिवार के नौ लोगों की तबीयत बिगड़ी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के भगवतीपुर गांव में शनिवार की देर शाम छिपकली गिरी मछली खाने से एक ही परिवार के नौ लोगों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। सभी लोगों को पेट में दर्द एवं उल्टी की शिकायत थी। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार उक्त लोगों में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के भगवतीपुर गांव निवासी मजेटर यादव का 35 वर्षीया पुत्र वीरेंद्र कुमार यादव, उनकी 28 वर्षीया पत्नी शीशामुनी देवी, 14 वर्षीय पुत्री रौशनी कुमारी, 12 वर्षीया पुत्री रितु कुमारी, बिजेंद्र यादव की 6 वर्षीया पुत्री नंदनी कुमारी, 7 वर्षीया पुत्री रागिनी कुमारी, 10 वर्षीया पुत्र गुलशन कुमार, 5 वर्षीय पुत्र गुंजन कुमार एवं 65 वर्षीय मजेदार यादव शामिल हैं। इधर वीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि उनके घर में मछली बना था। जिसमें छिपकली गिरकर मर गई थी। हालांकि किसी ने नही देखा और उसी मछली को सभी लोगों ने खा लिया। कुछ ही देर बाद सभी लोगो की तबीयत बिगड़ने लगी और उन्हें पेट दर्द व उल्टी होने लगा। जब उनकी भावह ने मछली निकला तो देखा कि उसमे छिपकली मरी हुई पड़ी है। इसके बाद सभी लोगों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया।

# सम्मान समारोह में महिलाओं को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शहर के रमना रोड पकड़ी स्थित आनंद हॉस्पिटल में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। यह आयोजन फिजिशियन डॉ. के.एन. सिन्हा जिलाध्यक्ष (भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ) के द्वारा किया गया। समारोह में शहर की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. जीत शर्मा, भाजपा की चुन्नी देवी, जदयू की राधा सिंह, रेडक्रॉस की सचिव डॉ. विभा कुमारी, पत्रकार नेहा गुप्ता सहित कई लोगों को अंगवस्त्र, माला और बुके से सम्मानित किया गया। डॉ. के.एन. सिंह ने कहा कि आज इस दिवस




पर परिवार, समाज एवं देश स्तर पर महिला के महत्व को हम याद करते हैं, जिनकी वजह से हर जगह प्रगति व उन्नति होती है। आज महिलाएं पुरुष के साथ कंधा से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। समाज व देश के उत्थान में बराबर सहयोग कर रही है। डॉ. जीत शर्मा ने भी कहा कि महिलाओं की उन्नति, प्रगति हर क्षेत्र में हो रही है, जिसका श्रेय पुरुषों को भी जाता है, उनके सहयोग से महिलाएं हर क्षेत्र में उन्नति कर रही हैं। रेडक्रॉस की सचिव डॉ. विभा ने बताया कि चिकित्सा, प्रशासन और यहां तक कि अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय खेलों में भी महिलाओं का बहुत ज्यादा योगदान एवं प्रभाव है। जदयू की राधा सिंह एवं भाजपा की चुन्नी देवी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। समारोह में अधिवक्ता सह भाजपा बुद्धिजीवी मंच के डॉ. संदीप कुमार सिंह, अनिल कुमार सिन्हा, शशि कुमार, प्रदीप कुमार, विनोद कुमार, शशिकांत कुमार, जयप्रकाश यादव, शिवनारायण यादव, हरेंद्र प्रसाद सहित कई लोग मौजूद रहें।

# सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में पीरो के छात्रों ने लहराया परचम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पीरो।** अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 2026 में आवासीय बाल उत्कर्ष प्रतियोगिता निकेतन पीरो के 19 छात्र-छात्राओं ने सफलता हासिल कर संस्थान के साथ-साथ क्षेत्र का मान बढाया है। संस्थान के निदेशक अंकित कुमार तिवारी ने बताया कि सफल छात्र-छात्राओं को देश के प्रतिष्ठित सैनिक स्कूल में दाखिला मिलेगा। उक्त परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं में इनरपतपुर निवासी अरविंद कुमार सिंह के पुत्र अतुल राज को 284 अंक, कछवा निवासी राकेश कुमार के पुत्र रजत कुमार को 282 व दनवार निवासी शशिभूषण सिंह के पुत्र आरव आनंद सिंह को 279 अंक प्राप्त हुए हैं। अन्य सफल छात्र-छात्राओं में पीरो के वार्ड नंबर 4 निवासी पप्पू सिंह की बेटी आकांक्षा कुमारी, रजेयां निवासी धर्मेंद्र कुमार गुप्ता की बेटी लक्ष्मी राज, अकरुआं



निवासी एकराम साह के पुत्र लखन कुमार, कोररियाडीह निवासी राजकुमार के पुत्र प्रियांशु कुमार, डुमरियां निवासी बबलू साह के पुत्र करन कुमार, सेमरांव निवासी बबलू कुमार के पुत्र अभिषेक कुमार, कुशी निवासी रंजन चौधरी के पुत्र रोहन कुमार, पीरो निवासी अब्दुल हमीद के पुत्र एकराम अली, बहुआरा निवासी मुन्ना कुमार सिंह के पुत्र अभिरंजन राज, हाटपोखर निवासी रंजन चौधरी के पुत्र प्रीतम कुमार, पीरो निवासी ओमप्रकाश सिंह के पुत्र आदर्श कुमार, कुसुम्ही निवासी मिथिलेश कुमार राय के पुत्र आकृत कुमार, पीरो निवासी संतोष कुमार सिंह के पुत्र विक्रांत कुमार, कोथुआ निवासी जगजीवन राम के पुत्र पवन कुमार, सुखरौली निवासी अजय सिंह के पुत्र बलवंत कुमार व धनौती निवासी सतीश कुमार के पुत्र बिटू कुमार शामिल हैं। इन सभी छात्र-छात्राओं ने आवासीय बाल उत्कर्ष प्रतियोगिता निकेतन के शिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रवेश परीक्षा की तैयारी की थी। सभी सफल छात्र-छात्राओं को संस्थान के निदेशक द्वारा यहां एक कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया गया।

# महिला दिवस केवल एक उत्सव नहीं बल्कि महिलाओं के संघर्ष, उपलब्धियों और समाज में उनके योगदान को याद करने का दिन : मेयर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** गयाजी शहर के काशीनाथ मोड़ स्थित एक निजी होटल में रविवार को वूमेन विंग्स ऑफ सोशल डेवलपमेंट सोसाइटी के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ गया नगर निगम के मेयर विरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान और पूर्व डिप्टी मेयर अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया है।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय महिला लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष राखी अग्रवाल, सचिव ममता कुमारी, कोषाध्यक्ष अनुराधा बरनवाल, विशिष्ट सदस्य निर्मला देवी, रूपा अग्रवाल, सनी कुमार, सेठ भारत




कुमार तथा अजय कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे हैं। सभी ने महिलाओं के सम्मान, अधिकार और समाज में उनकी बढ़ती भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर नगर निगम के कई महिला वार्ड पार्षद को, प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मेघा सिन्हा व मधु शर्मा, नितन सिंह, इंदु प्रजापति महिला शिक्षक रीता रानी, वार्ड पार्षद सारिका वर्मा, मीना देवी, जया देवी, पटना हाईकोर्ट नैसी कुमारी, सुरभी बाला जिला आर्ट एंड कल्चर प्रोग्राम, को भी महिला दिवस पर सम्मानित किया गया है। इसके अलावा समाजसेवी से जुड़ी महिलाओं को अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया है।

इस मौके पर मेयर गणेश पासवान ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक उत्सव नहीं बल्कि महिलाओं के संघर्ष, उपलब्धियों और समाज में उनके योगदान को याद करने का दिन है। महिलाओं को समाज की आधी आबादी कहा जाता है, क्योंकि वे

# छात्रों के गुणात्मक सुधार के लिए शैक्षणिक परिभ्रमण जरूरी : प्रधानाध्यापक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** प्रखंड के मध्य विद्यालय सोनबरसा के छात्रों को मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के तहत शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए रवाना किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापक किरण कुमारी ने हरी झंडी दिखाकर 45 छात्रों के दल को परिभ्रमण के लिए विदा किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक किरण कुमारी ने कहा कि मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के अंतर्गत आयोजित शैक्षणिक परिभ्रमण से छात्रों का बौद्धिक और मानसिक विकास होता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उठाया गया यह कदम सराहनीय है और इससे छात्रों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों की जानकारी भी मिलती है। परिभ्रमण के दौरान छात्र रोहतासगढ़ किला, ताराचंडी मंदिर, तुतला भवानी मंदिर सहित अन्य दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करेंगे और वहां के ऐतिहासिक तथा धार्मिक महत्व से परिचित होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा के गुणात्मक सुधार के लिए दृढ़ संकल्पित है और इस प्रकार की योजनाएं छात्रों के सर्वांगीण विकास में काफी लाभदायक साबित हो रही हैं। समाजसेवी सुमित कुमार ने भी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना को ज्ञानवर्धक पहल बताया।

# निशांत के राजनीति में प्रवेश पर समर्थकों ने किया जलाभिषेक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पीरो।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे व सूबे के भावी उप मुख्यमंत्री निशांत कुमार के जदयू की सदस्यता के साथ राजनीति में प्रवेश से समर्थकों ने रविवार को बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ का जलाभिषेक कर उनके सफल राजनीतिक जीवन की कामना की। जदयू के प्रदेश महासचिव मनोज उपाध्याय के नेतृत्व में ब्रह्मपुर जाकर बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ का जलाभिषेक करने के पश्चात समर्थकों ने कहा कि निशांत कुमार पढे-लिखे, बेदाग छवि व सौम्य स्वभाव के परिपक्व व्यक्ति हैं। राजनीति तो उन्हें विरासत में मिली है पर उन्होंने अबतक खुद को सक्रिय राजनीति से अलग रखकर यह साबित किया है कि वे अपने पिता के पद व नाम के बजाय खुद की क्षमता के बूते राजनीति करना चाहते हैं। उनका अबतक का जीवन सादगी रहा है। निशांत कुमार के रूप में बिहार को एक युवा राजनेता मिला है। ऐसे शख्सियत से बिहार के लोगों को काफी उम्मीदें हैं। उनके नेतृत्व में बिहार के विकास को और गति मिलेगी। जलाभिषेक कार्यक्रम में शामिल समर्थकों में रविशंकर गुप्ता, विकास पांडेय, भोला तिवारी, रवि कुमार, महावीर चौधरी, पप्पू सिंह सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

# शराब मामले में फरार यूपी निवासी गिरफ्तार

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सिन्हा थाना पुलिस द्वारा शराब मामले में फरार चल रहे यूपी निवासी आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी नवादा थाना क्षेत्र के स्टेशन चौक के पास से रविवार को की। गिरफ्तार आरोपी उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के बैरिया थाना क्षेत्र के भवन टोला गांव निवासी रमेश सिंह का पुत्र दीपू सिंह है। बता दें कि बीते माह 11 फरवरी की रात सिन्हा थाना पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना क्षेत्र के कान्हा छपरा गांव स्थित गंगा घाट पर दो नाव से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब आने वाला है। सूचना के सत्यापन उपरांत जब पुलिस वहां पहुंची, तो नाव से उतरकर दो कारोबारी भागने लगे। तभी पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया था। साथ ही पुलिस ने 1278 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद कर दोनो नाव को भी जब्त किया था।

संपादकीय

## नीतीश को हटाने के मायने

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लगभग 20 साल तक सीएम रहने के बाद विदाई की पटकथा तो पिछले साल विधानसभा चुनाव के बाद ही लिख दी गई थी, अब उन्हें राज्यसभा भेजना इसका 'दि एंड' है। कारण भाजपा की लंबे समय से तमन्ना रही है कि वह उत्तर भारत के इस बड़े राज्य में अपनी सरकार बनाए, लेकिन राज्य की राजनीति पर नीतीश कुमार की पकड़ और उनके निश्चित वोट बैंक के चलते उसे नीतीश की छाया तले ही आगे बढ़ना पड़ रहा था। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा 89 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, जबकि नीतीश की जदयू ने 85 सीटें जीतीं। इन नतीजों के बाद भाजपा चाहती तो एनडीए माइनस जदयू भी सरकार बना सकती थी, क्योंकि तब उसे बहुमत के लिए केवल पांच सीटों की और जरूरत होती। लेकिन भाजपा ने ऐसा न करते हुए नीतीश को मानसिक रूप से बिहार छोड़ने के लिए तैयार किया। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि नीतीश ने मजबूरी में राज्यसभा जाना स्वीकार किया अथवा उन पर इतना दबाव बनाया गया कि वो ना नहीं कर सके। वैसे भी बीते चार माह में राज्य सरकार जिस तरह निर्णय ले रही थी, वो नीतीश की पुरानी नीतियों से मेल नहीं खाते थे। हालांकि नीतीश का इस तरह बिहार छोड़ना जदयू कार्यकर्ताओं के गले नहीं उतर रहा है। बताया जाता है कि जदयू का एक खेमा नीतीश के इस फैसले से बहुत नाराज हैं और उसने अपनी नाराजी सड़कों पर उतर कर जताई भी है। जबकि दूसरा खेमा भाजपा के साथ ही चलने का हामी है। ऐसे में संभव है कि आगे चलकर यह खेमा भाजपा में ही शामिल हो जाए। यहां सवाल है कि नीतीश इस तरह बिहार छोड़ने पर क्यों तैयार हुए? बताया जा रहा है कि अब उन्होंने अपने बेटे निशांत कुमार को सक्रिय राजनीति में उतारने का मन बना लिया है। अगर ऐसा हुआ तो नई सरकार में निशांत उपमुख्यमंत्री हो सकते हैं। जो चर्चा है, उसके मुताबिक भावी सरकार में सीएम भाजपा का होगा और दो उपमुख्यमंत्री जदयू के होंगे, जबकि स्पीकर पद भाजपा के पास ही रहेगा। एक समय था जब नीतीश बिहार के साथ-साथ राष्ट्रीय राजनीति में एक बड़ा चेहरा बन कर उभरे थे। उसका कारण भाजपा में मोदी युग के उभार के बाद बीजेपी से रिश्ते तोड़ना और विपक्ष की राजनीति करना था। लेकिन बाद में नीतीश ने अपने ही पैमानों को ध्वस्त कर पलटूराम की राजनीति शुरू कर दी। वो मुख्यमंत्री तो बने रहे, लेकिन धीरे-धीरे उनकी नैतिक सत्ता कमजोर पड़ती गई। फिर वो अगर सीएम बने रहे तो इसकी वजह राज्य में उनका मजबूत वोट बैंक है, जो मुख्य रूप अति पिछड़े वर्ग का है। नीतीश के राज्य से हटने के बाद भाजपा सहित सभी की निगाहें इसी वोट बैंक पर लगी है। यही कारण है कि नेता विपक्ष तेजस्वी यादव नीतीश के जाने को भाजपा का षड्यंत्र बताते हए उनके प्रति सहानुभूति जता रहे हैं। उधर भाजपा भी संभवतः किसी अति पिछड़े को ही मुख्यमंत्री बनाएगी, ताकि नीतीश का वोट भाजपा की झोली में गिरे। कहा यह भी जा रहा है नीतीश राज्यसभा में उपसभापति बन सकते हैं। लेकिन इसकी संभावना कम लगती है, क्योंकि नीतीश पहले उपराष्ट्रपति पद का ऑफर ठुकरा चुके हैं। ऐसे में उपसभापति का पद उनके कद से छोटा है। राज्यसभा जाकर भी नीतीश क्या करेंगे, यह अभी बड़ा सवाल है। अलबत्ता अन्य विपक्षी पार्टियां भाजपा को इस बात पर घेर रही हैं कि वह अपने सहयोगियों को किसी न किसी तरह से निपटाती है। बहरहाल बिहार में अब भगवा युग शुरू होने जा रहा है, जिसका राजनीति और समाज पर व्यापक असर जल्द दिखेगा।

# अभिशप्त युद्ध से प्रभावित मानवता

**पृथ्वी पर अशांति व अस्थिरता से ज्यादा खतरनाक कुछ और नहीं हो सकता। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भले दुनिया से अपील करके अपनी चिंता व्यक्त की हो लेकिन आमजन के बीच इन युद्धों से जो उत्पीड़न देखने को मिल रहे हैं वे असह्य हैं। अविश्वास में भी युद्धरत देश किसी तरह से अपने नागरिकों का विश्वास नहीं जीत सकते। इस पूरी सभ्यता में उनका विश्वास ज़रूर खोता जा रहा है। ऐसे में, इस अभिशप्त काल में विश्व के युद्धरत देशों की जीवन दशा कैसे बचेगी चिंता इस बात की है। चिंता इस बात की है कि अपनी संप्रभुता व वर्चस्व के लिए क्या मानव हित बिलकुल संवेदना से बाहर होते जा रहे हैं। यदि यही हाल रहा तो तृतीय विश्वयुद्ध अपना आकार ले लेगा और परमाणु हथियार भी उपयोग में आने लगेंगे। ईरान, अमेरिका व इसरायल के द्वंद्व के बीच फंसी दुनिया को अब अपना-अपना पक्ष तय करना पड़ेगा तो स्थितियां और खतरनाक होंगी।**

**प्रो. कन्हैया त्रिपाठी**

युद्ध का महातांडव शुरू हो गया है। अमेरिका जो कि इस युद्ध में अपनी आँखें लाल-पीली करते हुए शामिल हुआ उसने कई देशों में अपने दूतावास को बंद कर दिया है और अपने नागरिकों व राजनयिकों को सुरक्षित रहने और लौटने का आग्रह किया है। ट्रंप को अब पूरी दुनिया मूर्ख मानने लगी है क्योंकि उनके भीतर का जानवर अब बेकाबू हो गया है और इससे जो पूरे विश्व को हानि का सामना करना पड़ रहा है, वह असहनीय है।

ईरान के सुप्रीमो लीडर खमनेई और उनके सहयोगियों का इस भयानक युद्ध में सर्वनाश कर दिया गया। यह अमेरिका व इस्रायल के लिए भले ही प्रसन्नता का विषय हो लेकिन जिस प्रकार से इस सर्वनाश को अंजाम दिया गया वह निंदनीय है। इसकी भर्त्सना पूरे विश्व में हो रही है। ऐप्स्टीन फ़ाइल में की बहस को युद्ध के द्वारा नए तरीके से मोड़ देने के लिए यदि यह युद्ध शुरू किया गया है और इसमें धरती के नागरिकों को त्रासदीपूर्ण वातावरण में धकेल दिया गया है तो यह खतरनाक है। अब हालात ऐसे हो गए हैं कि ईरान पर इसराइल व संयुक्त राज्य अमेरिका के हवाई हमलों और फिर ईरान की ज़वाबी कार्रवाई से पूरे मध्य पूर्व क्षेत्र में उथलपुथल मच गई है। वायु क्षेत्र व परिवहन मार्गों में बड़ा व्यवधान दर्ज किया जा रहा है। परिस्थितियाँ तेज़ी से बिगड़ रही हैं। हताहत होने वाले आम नागरिकों की संख्या बढ़ रही है। खाड़ी देशों समेत व्यापक क्षेत्र में व्यापक अस्थिरता फैल चुकी है। ईरान चेतावनी देते कह रहा है कि अमेरिका को अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में उसके युद्धपोत को डुबोने की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

मध्य पूर्व क्षेत्र में स्थित 12 देश अस्थिरता, तनाव व हमलों की चपेट में ऐसे आएंगे कभी किसी ने सोचा भी नहीं होगा। इस युद्ध से अभिशप्त वे हैं जो बेजुबान हैं। जिनसे कोई इस युद्ध का वास्ता नहीं है। वे अपने जीवन को नहीं जी सकते बस। हिंसक टकराव के दौरान ईरान के मिनाब शहर में लड़कियों के एक प्राथमिक स्कूल के हमले की चपेट में आने पर गहरा क्षोभ



स्वाभाविक है। इसमें बड़ी संख्या में छात्राओं की मौत हुई है। आखिर उन बेचारी छात्रों व छात्राओं का क्या दोष है जो अपने जान से हाथ धो बैठे। बच्चे, छोटी लड़कियाँ स्कूली दिन की शुरुआत में इस तरह मारी जा रही हैं। उनके बस्तों पर खून के धब्बे देखकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। यह पूरी तरह से भयावह है और मानव गरिमा के खिलाफ है। जिन लोगों ने अपने सनक को अंजाम दिया है उनसे कोई सवाल कोई करे तो क्या करे क्योंकि यह उनकी अपनी सनक है और कुछ भी नहीं।

विश्व में आने वाले संकट को अब कोई नहीं रोक सकेगा, यह तो तय है। देखा जाए तो यह वैश्विक सप्लाई चेन में एक बड़ा असर डालने वाला युद्ध लग रहा है। अगर संघर्ष आगे बढ़ता रहा, तो बहुत सी चीजों की किल्लत और कुछ मामलों में बहुत ज्यादा महंगाई बढ़ेगी। आम जनजीवन बहुत ज्यादा विश्व भर में प्रभावित होगा। मानवाधिकारों का हनन जो व्यापक पैमाने पर होने जा रहा है उसका आंकलन तो कोई कर ही नहीं सकता। विगत कुछ वर्ष पहले दुनिया को स्मरण होगा की संयुक्त राष्ट्र में बैठकर समिट फॉर फ्यूचर पर सभी राष्ट्राध्यक्ष बड़ी-बड़ी बातें किए और अब यह युद्ध है हमारे सामने। इससे पता चलता है कि आज का युग कितना असंवेदनशील होता जा रहा है।

ईरान संकट पर सुरक्षा परिषद की आपात बैठक हुई। उसमें पुरानी परिपाटी के अनुसार कहा गया कि यह केवल एक आक्रामक कृत्य नहीं है। यह एक युद्ध अपराध और मानवता के विरुद्ध अपराध है। इसका असर क्या पड़ने वाला है, यह तो दुनिया जानती है। यदि यह कहा जाए कि यह सभी देशों को सुनने की आदत हो गयी है तो कोई अतिश्योक्तिपूर्ण बात न होगी क्योंकि युद्ध के साथ ऐसी बातें सुरक्षा परिषद् में होती रही हैं। अब कुछ उन देशों की बातें करें जो इस युद्ध में अहम् नाम हैं जिसमें अमेरिका कहता है कि आक्रामकता को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। वह अपनी आक्रामकता को कभी प्रश्नांकित नहीं करता। रूस जो कि शक्तिशाली देशों में सम्मिलित है उसका कहना है कि सशस्त्र आक्रामकता का एक और उकसावे वाला कृत्य इस्रायल व अमेरिका ने किया है जो उचित नहीं है। अब बात करें चीन की तो उसके रुख के बारे में पूरी दुनिया को पता है फिर भी उसने कहा कि ईरान की क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना ही होगा जबकि ब्रिटेन का मानना है कि क्षेत्रीय स्थिरता एक प्राथमिकता के तौर पर देखी जानी चाहिए। बहरीन ने अकारण ईरानी हमलों की निन्दा की और फ्रांस का ज़ोर है कि युद्धरत क्षेत्र को शान्ति की ज़रूरत है। इस कहासुनी के बीच युद्ध में रोज लोग मारे जा रहे हैं और भारी संख्या में जानमाल की हानि विश्व में विशेषज्ञ अपने-अपने आकलन के अनुसार दे रहे हैं।

यह एक विकृत लोगों का समय है। जिसमें युद्ध यूक्रेन व रूस लड़ते रहे। गज़ा में अशांति रही और अब ईरान, इस्रायल व अमेरिका की पॉवर पोलिटिक्स निश्चित रूप से बहुपक्षवाद व द्विपक्षीय मसलों को किसी भी तरीके से एक प्लेटफॉर्म पर आने ही नहीं देंगे, ऐसा लगता है। युद्ध किसी भी दशा में ठीक नहीं है। विश्व में अफरातफरी का माहौल होगा तो हमारे विकास की गति रुक जाएगी। जिन देशों को सतत विकास लक्ष्य को हासिल करना था उन देशों ने युद्ध लड़ना शुरू कर दिया है। हमारे पर्यावरण, मानव विकास व भविष्य की विभिन्न नीतियों पर इससे असर पड़ने वाला है।

पृथ्वी पर अशांति व अस्थिरता से ज्यादा खतरनाक कुछ और नहीं हो सकता। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भले दुनिया से अपील करके अपनी चिंता व्यक्त की हो लेकिन आमजन के बीच इन युद्धों से जो उत्पीड़न देखने को मिल रहे हैं वे असह्य हैं। अविश्वास में भी युद्धरत देश किसी तरह से अपने नागरिकों का विश्वास नहीं जीत सकते। इस पूरी सभ्यता में उनका विश्वास ज़रूर खोता जा रहा है। ऐसे में, इस अभिशप्त काल में विश्व के युद्धरत देशों की जीवन दशा कैसे बचेगी चिंता इस बात की है। चिंता इस बात की है कि अपनी संप्रभुता व वर्चस्व के लिए क्या मानव हित बिलकुल संवेदना से बाहर होते जा रहे हैं। यदि यही हाल रहा तो तृतीय विश्वयुद्ध अपना आकार ले लेगा और परमाणु हथियार भी उपयोग में आने लगेंगे।

ईरान, अमेरिका व इसरायल के द्वंद्व के बीच फंसी दुनिया को अब अपना-अपना पक्ष तय करना पड़ेगा तो स्थितियां और खतरनाक होंगी। ऐसे में, यदि ये युद्ध रुक जाएँ और मनुष्यता के लिए विश्व के सभी देश कार्य संस्कृति विकसित करें तो अच्छा होगा। यदि बदले की भावना और बर्चस्व की राजनीति में देश फंसेंगे तो निश्चय ही महाविनाश की ओर जाकर हम अपने भविष्य को अंधकार में डाल देंगे।

अध्यात्म

## अप्रत्याशित सफलताओं का आधार प्रचंड मनोबल!

एक बार की बात है गौतम बुद्ध अपने भिक्षुओंके साथ विहार करते हुए शाल्यवन में एक वटवृक्ष के नीचे बैठ गए। धर्म चर्चा शुरू हुयी औरउसी क्रम में एक भिक्षु ने उनसे प्रश्न किया – 'भगवन्! कई लोग दुर्बल और साधनहीन होतेहुए भी कठिन से कठिन परिस्थितियों को भीमात देते हुए बड़े–बड़े कार्य कर जाते हैं, जबकिअच्छी स्थिति वाले साधन सम्पन्न लोग भी उनकार्यों को करने में असफल रहते हैं। इसकाक्या कारण हैं? क्या पूर्वजन्मों के कर्म अवरोधबन कर खड़े हो जाते हैं?' 'नहीं' बुद्ध ने समझाते हुए कहा, और एक प्रेरक कथा सुनाने लगे – 'विराट् नगर के राजासुकीर्ति के पास लौहशांग नामक एक हाथीथा। राजा ने कई युद्धों में इस पर आरूढ़ होकरविजय प्राप्त की थी। शैशव से ही लौहशांग कोइस तरह प्रशिक्षित किया था कि वह युद्ध कलामें बड़ा प्रवीण हो गया था। सेना के आगे चलतेहुए पर्वताकार लौहशांग जब अपनी क्रुद्धावस्थामें प्रचण्ड हुँकार भरता हुआ शत्रु सेनाओं मेंघुसता था तो देखते ही देखते विपक्षियों के पाँवउखड़ जाते थे। धीरे–धीरे समय से साथ जिस तरह जन्म के बादसभी प्राणियों को युवा और जरावस्था सेगुजरना पड़ता है, उसी क्रम से लौहशांग भीवृद्ध होने लगा, उसकी चमड़ी झूल गई औरयुवावस्था वाला पराक्रम जाता रहा। अब वहहाथीशाला की शोभा मात्र बनकर रह गया।उपयोगिता और महत्व कम हो जाने के कारणउसकी ओर पहले जैसा ध्यान भी नहीं था। उसेमिलने वाले भोजन में कमी कर दी गई। एकबूढ़ा सेवक उसके भोजन पानी की व्यवस्थाकरता, वह भी कई बार चूक कर जाता औरहाथी को भूखा प्यासा ही रहना पड़ता। बहुत प्यासा होने और कई दिनों से पानी नमिलने के कारण एक बार लौहशांग हाथीशालासे निकल कर पुराने तालाब की ओर चल पड़ा, जहाँ उसे पहले कभी प्रायः ले जाया करता था।उसने भरपेट पानी पीकर प्यास बुझाई औरगहरे जल में स्नान के लिए चल पड़ा। उसतालाब में कीचड़ बहुत था दुर्भाग्य से वृद्ध हाथीउसमें फँस गया। जितना भी वह निकलने काप्रयास करता उतना ही फँसता जाता औरआखिर गर्दन तक कीचड़ में फँस गया। यह समाचार राजा सुकीर्ति तक पहुँचा, तो वेबड़े दुःखी हुए। हाथी को निकलवाने के कईकई प्रयास किये गये पर सभी निष्फल। उसेइस दयनीय दुर्दशा के साथ मृत्यु मुख में जातेदेखकर सभी खिन्न थे। जब सारे प्रयासअसफल हो गये, तब एक चतुर मंत्री ने युक्तिसुझाई। इसके अनुसार हाथी को निकलवानेवाले सभी प्रयत्न करने वालों को वापस बुलालिया गया और उन्हें युद्ध सैनिकों की वेशभूषापहनाई गई। वे वाद्ययन्त्र मँगाये गए जो युद्धअवसर पर उपयोग में लाए जाते थे। हाथी के सामने युद्ध नगाड़े बजने लगे औरसैनिक इस प्रकार कूच करने लगे जैसे वे शत्रुपक्ष की ओर से लौहशांग की ओर बढ़ रहे हैं।यह दृश्य देखकर लौहशांग में न जाने कैसेयौवन काल का जोश आ गया। उसने जोर सेचिंघाड़ लगाई तथा शत्रु सैनिकों पर आक्रमणकरने के लिए पूरी शक्ति से कण्ठ तक फँसे हुएकीचड़ को रौंदता हुआ तालाब के तट पर जापहुँचा और शत्रु सैनिकों पर टूट पड़ने के लिएदौड़ने लगा। बड़ी मुश्किल से आखिर उसेनियन्त्रित किया गया।

# मजबूत सैन्य रणनीति का हिस्सा हैं परमाणु हथियार

**अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध आरंभ हो गया है। लेकिन अब यह युद्ध मात्र तीन देशों के बीच न रहकर वैश्विक युद्ध की श्रेणी में बदलता दिख रहा है। क्योंकि ईरान ने कई अरब देशों पर ड्रोन हमले करके बड़ी तबाही मचा दी है। इधर अमेरिकी स्टेल्थ जेट्स ने ईरानी परमाणु ठिकानों फोरदो, इस्फाहन और नातांज पर भारी बमबारी की है। इस हमले की पुष्टि करते हुए अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के ईरानी प्रतिनिधि रेजा नजाफी ने दावा किया है कि 'अमेरिका और इजरायल की संयुक्त सैन्य कार्यवाही में ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया गया है। जबकि यहां शातिपूर्ण परमाणु ऊर्जा पर काम हो रहा है। बमबारी के बाद इन ठिकानों से परमाणु रिसाव का खतरा बढ़ गया है।**

**प्रमोद भार्गव**

यह रिसाव पूरी दुनिया के लिए संकट बन सकता है।' हालांकि आईएइए के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने इस तरह के किसी हमले की जानकारी से मना किया है। जबकि अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि ईरान परमाणु बम बना रहा है। इसलिए इस कार्यक्रम पर नियंत्रण जरूरी है। नतांज ईरान का सबसे पुराना परमाणु संयंत्र है। यहां दो यूरेनियम संवर्धन संयंत्र स्थापित है। यहीं पर जून 2025 में अमेरिका ने हमला किया था। अमेरिका ने इस हमले को जायज ठहराते हुए कहा था कि ईरान इस संयंत्र में परमाणु बम बनाने के लायक यूरेनियम संवर्धन कर रहा था। अब इजरायल के साथ परमाणु ठिकानों पर हमले करके वैश्विक संकट बढ़ा दिया है। यह संकट इसलिए भी बड़ा आकार लेता जा रहा है, क्योंकि ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, जोर्डन, बहरीन, ओमान, कुवैत, कतर पर भी हमले बोल दिए हैं। ये सब वे मुस्लिम देश हैं, जिनमें अमेरिका के या तो हवाई सैन्य अड्डे हैं, या वे अमेरिका के हमदर्द बने हुए हैं। ईरान ने दुबई पर हमले इसलिए किए हैं, क्योंकि वहां अमेरिकी कंपनियां कार्यरत हैं। इस युद्ध में ट्रंप दादागिरी की भूमिका में हैं। उनके अहंकार का ज्ञान तभी हो गया था, जब उन्होंने वेनेजुएला के राष्ट्रपति और उनकी पत्नी को उनके घर से बिना कोई युद्ध किए उठा लिया था। इजरायल और ईरान लंबे समय से एक-दूसरे के कट्टर शत्रु हैं। अतएव ईरान की ओर से जब भी खतरे की आशंका होती है, इजरायल अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए ईरान पर हमला बोल देता है। अतएव इसलिए यह कहना स्वाभाविक है कि इजरायल-अमेरिका ने यह हमला एक व्यापक और लंबे समय तक चलने वाले रणनीतिक अभियान के अंतर्गत किया है। ट्रंप बोल भी चुके हैं कि यह लड़ाई एक माह से अधिक खिंच सकती है। इस बीच ईरान पर बड़ी कार्यवाही भी संभव है। यानी यह आशंका बनी हुई है कि अमेरिका ईरान के परमाणु ठिकानों को तो नेस्तनाबूद कर ही सकता है, तेहरान पर परमाणु हमला भी कर दे तो कोई हैरानी नहीं होगी ?

दरअसल ईरान को परमाणु बम बनाने से रोकने के लिए यह संयुक्त हमला किया गया है। अमेरिका और इजरायल को आशंका है कि ईरान ने यूरेनियम संवर्धन प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह ऐसी प्रक्रिया हैं, जो परमाणु हथियार बनाने की प्रक्रिया को बेहतर बनाती है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत यूरेनियम-235 के निर्माण की प्रक्रिया को बढ़ावा दिया जाता है। अतएव इजरायल के लिए ईरान का परमाणु हथियार संपन्न देश हो जाना चिंता की स्थिति उत्पन्न करने वाली बात है। दरअसल, परमाणु हथियार संपन्न देश होना एक ऐसी सैन्य रणनीति है, जिसके चलते दूसरे देश परमाणु संपन्न देश पर हमला करने से कतराते हैं। इसका बुनियादी कारण है कि यदि कोई देश शत्रु देश पर परमाणु हमला करता है तो जवाबी कार्यवाही में उसे भी परमाणु हमले का सामना करना पड़ सकता है। ऐसा होता है तो दोनों देशों को बड़ा नुकसान उठाना



पड़ सकता है। रूस ने यूक्रेन पर आसानी से इसलिए हमला बोल दिया था, क्योंकि उसके पास परमाणु हथियार नहीं है। रूस और अमेरिका के बहकावे में आकर उसने अपने परमाणु हथियार, परमाणु निरस्त्रीकरण संधि पर हस्ताक्षर करने के बाद समुद्र में नष्ट कर दिए थे। इसका खामियाजा उसे खत्म नहीं होने वाले युद्ध के रूप में भुगतना पड़ रहा है। ईरान परमाणु संपन्न देश न बन जाए, इसलिए उस पर अमेरिका ने लंबे समय से परमाणु संबंधी प्रतिबंध लगाए हुए थे। परंतु बराक ओबामा के कार्यकाल में अमेरिका और ईरान के बीच एक परमाणु समझौता हुआ और ईरान से परमाणु प्रतिबंध समाप्त कर दिए गए थे। तब भी इजरायल ने इस समझौते का खुला विरोध किया था। नेतन्याहू ने यहां तक कहा था कि यह संधि एक ऐतिहासिक भूल है। किंतु उस समय इस संधि को ओबामा की बड़ी उपलब्धि बताकर वैश्विक श्रेय लूटा गया था।

ईरान और इजरायल के बीच तनाव लंबे समय से चला आ रहा है। लेकिन इन देशों ने लंबे समय तक छदम् युद्ध लड़ा है। परंतु जब एक अप्रैल 2024 को इजरायल ने सीरिया पर हमला किया था तब ईरान ने इजरायल पर सीधा हमला बोला था। क्योंकि इस लड़ाई में ईरान समर्थित इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड के ब्रिगेडियर जर्नल मोहम्मद रजा जाहेदी समेत 8 अधिकारी मारे गए थे। ईरान ने इस हमले के जवाब में अप्रत्याशित रुख अपनाते हुए लगभग 320 द्रोण और क्रूज मिसाइलों से हमला किया था।। ईरान इजराइल से करीब 1800 किमी की दूरी पर स्थित होने के बावजूद हमला करने में सफल रहा। ईरान ने 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद इजरायल से लंबी दुश्मनी के चलते पहली बार यह सैन्य हमला किया था। इस लड़ाई में इजरायल को अमेरिका ने खुली सामरिक मदद की थी। इस संदर्भ में ईरान ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा था कि उसने यदि अब इजरायल की मदद की तो नतीजा भुगतने को तैयार रहे। ईरान ने यह पलटवार इसलिए भी किया था, जिससे मध्य-पूर्व की राजनीति में उसके वर्चस्व की महिमा को स्वीकार लिया जाए। यदि वह जवाबी हमला नहीं बोलता तो इजरायल और अमेरिका के खिलाफ खामेनेई की जो धारणा है, वह ध्वस्त हो जाती। दरअसल ईरान इजरायल के अस्तित्व को ही स्वीकार नहीं करता है। उसका मानना है कि इजरायल ने मुस्लिमों की जमीन पर कब्जा कर रखा है। बराक ओबामा के कार्यकाल में ईरान से हुए परमाणु समझौते के तहत शर्त थी कि ईरान 300 किलोग्राम से ज्यादा यूरेनियम अपने पास नहीं रख सकेगा। ईरान अपनी परमाणु सेन्ट्रीफ्यूजन प्रयोगशालाओं में दो तिहाई यूरेनियम का 3.67 फीसदी भाग ही रख सकेगा। यह शर्त इसलिए लगाई गई थी, जिससे ईरान परमाणु बम नहीं बना पाए। दरअसल यूरेनियम की प्राकृतिक अवस्था में 20 से 27 प्रतिशत ऐसे बदलाव करने होते हैं, जो यूरेनियम को खतरनाक परमाणु हथियार में तब्दील कर देते हैं। ईरान यूरेनियम में परिवर्तन की तकनीक बहुत पहले हासिल कर चुका है। इसी शंका के चलते 300 किलोग्राम से अधिक यूरेनियम नहीं रखने की बाध्यकारी शर्त मानने के लिए मजबूर कर दिया था। लेकिन 2025 में आई रिपोर्ट के मुताबिक ऐसा माना गया कि ईरान के पास बड़ी मात्रा में सर्वंर्धित यूरेनियम है। जिससे कई घातक परमाणु हथियार बनाए जा सकते हैं। इजरायल अपने अस्तित्व के लिए किसी भी हाल में नहीं चाहता कि ईरान परमाणु संपन्न देश बन जाए। इजरायल की इस मंशा का समर्थन शक्तिशाली देश अमेरिका और उसके तानाशाह की भूमिका में आए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी करते हैं। दोनों देशों की इसी संयुक्त मंशा का परिणाम यह एक ऐसा युद्ध है, जो अब परमाणु नियंत्रण के बहाने धर्म, तेल, गैस और क्षेत्रीय रणनीति की ऐसी कुटिल चालों में उलझता दिखाई दे रहा है, जो विश्व को महाविनाश की ओर ले जा सकता है ?

### आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

व्यवसाय में वृद्धि के लिये अतिरिक्त धन का निवेश कर सकते हैं। एकाग्रचित्त होकर अपने काम पर ध्यान दें। अपनी जीवनशैली में परिवर्तन लायेंगे।

**वृषभ**

दाम्पत्य सम्बन्धों में अविश्वास की स्थिति उत्पन्न न होने दें। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व कम होगा। कानूनी पचड़ों में घिरने की आशंका है।

**मिथुन**

सहकर्मी राय व विचारों के आधार पर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है। बिजनेस को लेकर नये अनुबन्ध हो सकते हैं।

**कर्क**

आपकी योजनायें समय पर पूर्ण होंगी। कारोबार में अभिनव प्रयोग करना लाभकारी हो सकता है। पहले की गयी मेहनत का सुखद परिणाम प्राप्त होगा।

**सिंह**

आपके विनम्र व्यवहार के कारण बिजनेस रिलेशन मजबूत होंगे। अव्यवहारिक निर्णय लेने से आपको बचना चाहिये। पेट में जलन की शिकायत हो सकती है।

**कन्या**

सम्पत्ति के विवादों में समझौता हो सकता है। कार्यक्षेत्र में विरोधी परेशान करेंगे। छाती व फेफड़ों में कोई समस्या हो रही हो, तो अपने डॉक्टर से अवश्य मिलें।

**तुला**

सामाजिक कार्यो के कारण लोकप्रियता में वृद्धि होगी। शान्त और धैर्यवान होकर समस्या का समाधान खोजें। कामुक विचारों के कारण काम में मन नहीं लगेगा।

**वृश्चिक**

वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**धनु**

आज दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। शरीर मे थकावट व ऊर्जा में कमी महसूस करेंगे। कुण्ठित यौन आकर्षण आपके काम में बाधा बन सकते हैं। योग व प्राणायाम से मन को सन्तुलित करें।

**मकर**

जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। व्यापार में समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। नयी जॉब ढूँढ रहे लोगों को परेशानी होगी। अपने खर्चों पर नियन्त्रण पाना आवश्यक है।

**कुंभ**

सामाजिक कार्यों में न चाहते हुये भी सम्मिलित होना पड़ सकता है। अपनी क्षमता से अधिक खर्च का बजट न बनायें। बेरोजगार लोगों को जॉब मिल सकती है।

**मीन**

आपके उदार व्यवहार की लोग प्रशंसा करेंगे। युवा साथी अपने प्रेम की अभिव्यक्ति कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सम्मान व आर्थिक लाभ दोनों प्राप्त होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### लहसूना थाने की मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को बाल विवाह, घरेलू हिंसा के प्रति किया जागरूक

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर लहसुना थाना के थानाध्यक्ष खुशबू खातून के नेतृत्व में थाना की मिशन शक्ति टीम ने थाना क्षेत्र के लहसूना गांव में जागरूकता अभियान चलाया।



इस दौरान महिलाओं, किशोरियों को एकत्रित कर विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। इस अभियान का उद्देश्य बालिकाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा और विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाना था। थानाध्यक्ष खुशबू ने बाल विवाह,महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया, मुसहर समाज की महिलाओं के अलावा कई गांव में जाकर गांव की महिलाओं को बाल विवाह, दहेज प्रथा और घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता फैलाई। इसके अलावा साइबर अपराधों से संबंधित जानकारी के साथ-साथ 'महिला हेल्पलाइन नं. 181', 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ', 'सखी-वन स्टॉप सेंटर', 'पॉक्सो एक्ट' और 'मिशन शक्ति' से जुड़ी अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

### मोबाइल छिनतई का किया विरोध तो चाकू से गर्दन पर कर दिया हमला, दो पर प्राथमिकी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के सोनकुकरा मोहल्ले में देवी मंदिर के पास दो युवकों के बीच मोबाइल छीना झपटी के बीच जब मोबाइल छीनने का विरोध किया तो चाकू निकालकर गर्दन पर वार कर दिया। दरअसल या घटना सोनकुकरा देवी मंदिर के पास है जहां जख्मी बिट्टू कुमार उम्र 15 वर्ष पिता उपेंद्र कुमार के द्वारा थाने में दिए आवेदन के आलोक में लिखा है कि जब हम गांव के देवी मंदिर के पास बैठे थे तो अचानक बबलू कुमार उम्र 19 वर्ष और गुंजन कुमार उम्र 24 वर्ष दोनों पिता सुभाष यादव ने मुझे पड़कर मेरे पैकेट से मोबाइल छिनने की कोशिश करने लगा जब मैं उसका विरोध किया तो अपने पॉकेट से चाकू निकालकर मेरे गर्दन पर कई जगहो पर जख्मी कर दिया जिसे कई जगहों पर कट गया है और हमारे गले का हनुमान लॉकेट छीनकर भाग गया है। बहरहाल इस घटना के बाद हो हल्ला होने पर लोग जुटे और आनंन फानन में इलाज हेतु अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में दो लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।



### मसौढ़ी में दो फरार अभियुक्तों ने किया सरेंडर

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र में वर्ष 2007-08 में हुए आपसी विवाद मे हिसंक झड़प मामले में दो फरार अभियुक्तों ने कुर्की के भय से आत्मसमर्पण कर दिया है। यह कार्रवाई कोर्ट द्वारा कुर्की का आदेश जारी होने के बाद हुई। सरेंडर करने वालों में नीरज कुमार पिता स्वङ्ग कृष्णदेव प्रसाद सकिन मालिकाना एवं दुसरा पप्पू कुमार यादव पिता बिरजू प्रसाद सकिन पकड़ी है।बताया जा रहा है कि कोर्ट द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 183 के तहत कुर्की की कार्रवाई का आदेश जारी किया गया था। इसी दबाव के चलते दोनों अभियुक्तों ने आत्मसमर्पण करने का फैसला किया।वहीं, इस कांड में अन्य अभियुक्त अभी भी फरार चल रहा है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।मामले को लेकर थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि पुलिस के लगातार दबाव और कुर्की की कार्रवाई के बाद ही दो अभियुक्तों ने सरेंडर किया है। वहीं आश्वस्त किया है कि फरार अभियुक्त को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### तृतीय राज्यस्तरीय महिला फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**दनियावां (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर तृतीय राज्यस्तरीय महिला फुटबॉल टूर्नामेंट-2026 का आयोजन आगामी 8 से 10 मार्च तक उच्च विद्यालय सिंगरियावां के खेल मैदान में किया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन रविवार की संध्या में होगी। टूर्नामेंट में पटना,उत्तर प्रदेश, झारखंड एवं पश्चिम बंगाल की महिला टीमें भाग लेंगी। 8 मार्च को पटना और उत्तर प्रदेश के बीच उद्घाटन मैच, 9 मार्च को झारखंड और पश्चिम बंगाल के बीच मैच खेला जाएगा, जबकि 10 मार्च को फाइनल मुकाबला आयोजित होगा। इस प्रतियोगिता का आयोजन रूबी कुमारी, मुखिया, ग्राम पंचायत राज सिंगरियावाँ दनियावाँ,पटना के द्वारा किया जा रहा है।इस आयोजन में मुखिया प्रतिनिधि सह शिक्षक राजीव कुमार,सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप कुमार,स्टेट रेफरी कुणाल बनर्जी व अन्य खेल प्रेमियों द्वारा सार्थक भूमिका निभाई जा रही है। आयोजन कर्ता द्वारा क्षेत्र के खेल प्रेमियों से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।



### युगल रंजीत मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में मुबारक चक मुंगेर की टीम विजयी

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फुलका के मैदान में स्पोर्टिंग क्लब फुलका के तत्वावधान में युगल रंजीत मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का आरंभ किया गया जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि मुख्य पार्षद पार्वती देवी ने किया उद्घाटन मैच मुबारक चक मुंगेर और शंकर स्पोर्टिंग क्लब धरहरा के बीच खेला गया जिसमें मुबारक चक मुंगेर की टीम तीन एक से विजयी रहीमैच में मुबारक चक मुंगेर की ओर से मोहम्मद नौशाद ने शानदार खेल दिखाते हुए दो गोल किए जबकि आर्यन ने एक गोल कर टीम को बढ़त दिलाई वहीं शंकर स्पोर्टिंग क्लब धरहरा की ओर से एकमात्र गोल मनीष ने किया बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मुबारक चक मुंगेर के जर्सी नंबर 12 मोहम्मद नौशाद को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया निर्णायक मंडली में रामरक्षा यादव सुधांशु कुमार अजय कुमार और नेशनल रेफरी कृष्णानंद शामिल थे।इससे पहले मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट तिथि ने मैदान में जाकर दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और आयोजन समिति की सराहना की तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# लज्जा छोड़ो चुप्पी तोड़ो.. गर्व से कहो हम नारी हैं

## मसौढ़ी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महावारी के प्रति किया गया जागरूक





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर गांव की महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य और स्वच्छ महावारी के प्रति जागरूक करने के लिए मसौढ़ी में अधिकार जीविका महिला संकुल संघ की ओर से कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को जागरूक किया गया ,जिसका उद्देश्य मासिक धर्म के दौरान सुरक्षा, स्वास्थ्य, सैनिटरी उत्पादों के उपयोग और सामाजिक झिझक को दूर करना है। उन्हें मासिक धर्म स्वच्छता और स्वास्थ्य पर जानकारी दी गईः 'मेरी पहचान मेरी आजादी' अभियान के तहत महिलाओं को न केवल जागरूक किया गया, बल्कि उन्हें परिवार व समाज में भी स्वच्छता का संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। स्वास्थ्य पोषण कैडर चंद्रप्रभा ने बताया की सही जानकारी और स्वच्छता की कमी से होने वाली बीमारियों जैसे इन्फेक्शन, कैंसर को रोकने के लिए जागरूकता जरूरी है।इसके अलावा माहवारी के दौरान शर्म या झिझक को तोड़कर महिलाओं को आत्मविश्वासी बनाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को जागरूक करना जरुरी है। वही सीएफ पूजा कुमारी ने कहा की हर उम्र में महिलाओं का स्वास्थ्य झ किशोरावस्था से मातृत्व और आदी पर कहा की विभिन्न आयु वर्गों में महिलाओं की स्वास्थ्य समस्याओं का स्वरूप बदल रहा है। किशोरियों में अनियमित पीरियड्स, दर्दनाक मासिक धर्म और एनीमिया जैसी समस्याएं आम हैं, जो अक्सर मासिक धर्म से जुड़ी जागरूकता की कमी के कारण बढ़ जाती हैं। मासिक धर्म की अनियमितता, थायरॉइड की समस्या और प्रजनन से जुड़ी चिंताएं बढ़ रही हैं, जिन पर बैठने वाली जीवनशैली, तनाव और असंतुलित खान-पान का बड़ा असर है। इस अवसर पर अधिकार जीविका महिला संकुल संघ के कोषाध्यक्ष ममता देवी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य पोषण कैडर चन्द्रप्रभा, सीएफ पुजा कुमारी, एमआरपी मुकेश कुमार, नूरा पंचायत से सीआरपी पूनम देवी, निशियावां पंचायत से सीआरपी सुषमा देवी दहीभता सीएम सुनीता कुमारी,भीआरपी अनीता देवी, किरण देवी आदी शामिल रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र बाढ़ में कार्यक्रम आयोजित



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र, बाढ़, पटना के परिसर में महिलाओं के सशक्तिकरण एवं कृषि में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की महिला कृषकों, स्वयं सहायता समूह की सदस्यों एवं ग्रामीण महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि अनुमंडल कृषि पदाधिकारी विभा कुमारी, , बाढ़, केन्द्र के वरीय वैज्ञानिक डॉ रीता सिंह एवं जीविका खुशरूपुर से पूनम कुमारी एवं जीविका बाढ़ से अनामिका कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित किया। केन्द्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ० रीता सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। महिलाएं कृषि, पशुपालन, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन तथा खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। इस अवसर पर केन्द्र के महिला वैज्ञानिक डॉ० पुष्पम पटेल एवं श्रीमती संगीता कुमारी के साथ केन्द्र के मृदा विज्ञान के वैज्ञानिक श्री राजीव कुमार ने भी महिलाओं को आधुनिक कृषि तकनीक, पोषण वाटिका, मूल्य संवर्धन एवं स्वरोजगार से संबंधित जानकारी दी। साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और कृषि आधारित उद्यम अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला किसानों को अंग वस्त्र एवं प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित भी किया गया तथा उन्हें भविष्य में प्रशिक्षण और तकनीकी सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। इस कार्यक्रम में पटना जिले के 75 महिलओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी महिलाओं को एक एक फलदार पौधा देकर महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## ऐपवा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर लिया संकल्प, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज होगी बुलंद



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऐपवा संगठन के महिलाओं ने ग्राम मोरियावाँ में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया, इस अवसर पर ऐपवा नेत्री कामरेड कमला देवी, कामरेड रिंकू देवी, कामरेड मीना देवी, कामरेड निरंजन वर्मा ,कामरेड खुर्शीद अंसारी एवं दर्जनों महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कामरेड रिंकू देवी महिला कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा की गरीब महिला मजदूर के संघर्ष का प्रतिफल है जो आज हम लोग 8 मार्च को महिला आजादी दिवस के रूप में मना रहे हैं। यह अधिकार महिलाओं को 1910 में ही संघर्ष के बदौलत मिली थी, लेकिन आज नीतीश मोदी राज में फिर से महिलाओं पर दमन अत्याचार बढ़ा हुआ है। खासकर बिहार में महिलाओं और छात्राओं पर हत्या बलात्कार यौन उत्पीड़न अपने चरण सीमा पर है और नीतीश मोदी सरकार बलात्कारियों को बचाने के पक्ष में है, यहां तक की मोदी सरकार बलात्कारियों को माला पहनकर महिमा मंडित कर रही है, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी महिलाओं की दशा आज आधुनिक युग में दयनीय हो चुका है। एपिस्टीन फाइल में अमेरिकी ट्रंप सरकार से लेकर हरदीव पुरी, अनिल अंबानी मोदी सरकार का भी नाम आ चुका है इस एपस्टीन फाइल में छोटी-छोटी बच्चियों का यौन शोषण उत्पीड़न और हत्या का आरोप है इसलिए आज ऐसी सरकार में गरीब महिलाओं को न्याय मिलना मुश्किल हो गया है इसलिए हम तमाम महिलाओं को एकता बनाकर संघर्ष को आगे बढ़ना होगा तभी हम पूर्ण आजादी की ओर बढ़ सकेंगे।

## राज्य आशा फैसिलिटेटर संघ ने श्रम कानून के विरोध में एकजुटता दिखाकर आंदोलन का फूंका बिगुल



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढी में बिहार राज्य आशा, आशा फैसिलिटेटर संघ सीटू के बैनर तले कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षा मीरा सिन्हा ने किया, मौके पर सीपीएम के सचिव कॉमरेड प्रो सीपी मंडल ने कहा कि सरकार श्रम कानूनों में संशोधन कर मजदूरों का शोषण करना चाहती है । इस कानून को आने के बाद मजदूर संगठन नहीं बना सकते है और ना ही अपनी माँग को सरकार के सामने उठा सकते हैं। साथ ही 24 मार्च को होने वाले आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली जाने का अपील किया । मौके पर चिकित्सा संघ के प्रखण्ड मंत्री प्रकाश कुमार, जशोदा देवी, मगही कवि अवधेश एवं बड़ी संख्या में आशा, आशा फैसिलिटेटर मौजूद रहे। वही आशा फैसिलिटी संघ के अध्यक्ष मीरा कुमारी ने कहा की लगातार सरकार से आशा की वेतनमान बढ़ाने समेत कई सूत्री मांगों को लेकर पूरे बिहार में विरोध प्रदर्शन किया गया है अब फिर से अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। महिला दिवस पर एक तरफ सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लेती हैं वहीं दूसरी ओर हम महिलाओं को पिछले कई वर्षों से जो पुरानी लंबित मांग है उसे पर अभी तक विचार नहीं हो पाया है।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नगर परिषद ने सफाई कर्मियों को किया सम्मानित



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर परिषद मसौढ़ी के मुख्य पार्षद पिंकी देवी ने मसौढ़ी शहर के विभिन्न मुहल्लों मे साफ सफाई के कार्य मे जुटे महिला सफाई कर्मचारियों की सेवाओं को सराहते हुए सम्मानित किया और महिला सफाई कर्मचारियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनायें दीं। इसके अलावा मुख्य पार्षद पिंकी देवी ने कहा की नगर परिषद के अंतर्गत काम करने वाले सभी महिला सफाई कर्मियों को विशेष तौर पर नगर परिषद की ओर से उनके सम्मान सुरक्षा एवं अन्य सभी सुविधाओं के लिए प्राथमिकता दे रही है। कहा कि शहर को साफ सुथरा रखने में महिला सफाईकर्मियों का योगदान बहुत बड़ा है। यह वह महिलाएं हैं जो प्रतिदिन सुबह से लेकर देर शाम तक शहर के विभिन्न हिस्सों में घूम घूम कर साफ सफाई का ख्याल रखती है। इसलिए हम सबका दायित्व बनता है कि हम लोग भी इनके हर सुख दुख का सहभागी बनकर रहें। उन्होंने शहर के लोगों से अपील किया कि महिला दिवस ही नहीं बल्कि हर दिन अपने मोहल्ले में सफाई के लिए आने वाले सफाई कर्मियों पर विशेष नजर रखें। सफाई कर्मियों के बल पर मसौढ़ी शहर सफाई की रैंकिग में बेहतर रहा है। इस मौके पर अमीन रामाधार कुमार यादव समेत कर्मचारी भी उपस्थित रहे हैं।

## दो फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार,दो इश्तेहार वारंटी गिरफ्तार





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र अंतर्गत दो अलग-अलग कांडों में फरार चल रहे दो आरोपी के घर पुलिस ने ढोल बजा बजाकर इश्तेहार चिपकाया. पुलिस ने बताया कि अब भी अगर आरोपी आत्मसमर्पण नहीं करते है तो दोनों के घर की संपत्ति को पुलिस कुर्क करेगी. पुलिस ने बताया कि गंगाचक बंगला बाजार गांव के पिंटू कुमार पिता पारसनाथ गुप्ता और लखिबाग स्थित सोनू कुमार पिता स्व गिरजा सिंह आदी अलग-अलग कांड के आरोपी है। गंगाचक बांग्ला बाजार स्थित इतिहास चिपका रहे पुलिस पदाधिकारी सरवन कुमार मंडल ने बताया कि मसूरी थाना कांड संख्या 213 ऑब्लिक 6 के तहत तक एवं 20 साल का फरार आरोपी है। वही लखिबाग में सब इंस्पेक्टर राजेंद्र चौधरी ने बताया कि 44/12 कांड संख्या के तहत तकरीबन 14 वर्षो से फरार आरोपी के घर पर इश्तिहार तामिला किया गया है।जबकि पुलिस दोनो की गिरफ्तारी के लिये कई बार छापेमारी की, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी. थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि दोनों आरोपी के घर न्यायालय के आदेश पर इश्तेहार चिपका दी गयी है. अगर अब भी दोनों आरोपी पुलिस के समक्ष या फिर न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करते है तो दोनों के घर की संपत्ति को पुलिस कुर्क करने की कार्रवाई करेगी. इसके अलावा दो कुर्की वारंटी को गिरफ्तार किया गया है जिसमें सोना देवी पति पारशनाथ गुप्ता सा० गंगाचक बजार,एवं विभा देवी पति सोनु कुमार ऊर्फ सोनी सा० लहसुना वर्तमान लखीबाग थाना लहसूना है।

## सरेंडर नहीं करने वाले अपराधी के घर पर हुई कुर्की



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार वारंट , इश्तिहार,और कुर्की के निष्पादन हेतु एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को मसौढ़ी थाना की पुलिस ने थाना क्षेत्र के भगवानपुर एवं चरमा में अलग-अलग मामलों में दो अलग-अलग आरोपियों के घर की कुर्की रविवार को किया। पुलिस ने भगवानपुर गांव में फरार चल रहे आरोपी योगेंद्र सिह पिता राजनंदन सिंह एवं चरमा गांव के बिनोद मांझा आदी के विभिन्न मामले में फरार चल रहे आरोपी के घर की कुर्की किया। थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि दोनों मामले के आरोपी पिछले कई सालों से फरार चल रहे हैं। न्यायालय के आदेश पर फरार चल रहे आरोपियों के घर की कुर्की की गई है। दरअसल बताया जाता है की कई साल से फरार आरोपी के घर पर रविवार को पुलिस ने कुर्की जब्ती की कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार आरोपी को कई बार सरेंडर करने के लिए घर पर इश्तिहार चिपकाया गया था। लेकिन उसने सरेंडर नहीं किया था। इस मौके पर एसआई श्रवण कुमार मंडल,राजेंद्र चौधरी सहित कई पुलिसकर्मी व चौकीदार उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित



**दनियावां (पटना)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड अंतर्गत सिंगरियावां पंचायत स्थित राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगरियावां के खेल मैदान में राज्यस्तरीय महिला फुटबॉल टूर्नामेंट 2026 का आयोजन पंचायत की मुखिया श्रीमती रूबी कुमारी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर, गुब्बारा उड़ाकर एवं फीता काटकर विधिवत रूप से किया गया। इस दौरान मंच का संचालन स्वतंत्रता सेनानी पुत्र विपिन बिहारी निर्मल द्वारा किया गया तथा आगत अतिथियोवक स्वागत शिक्षक सह समाजसेवी राजीव कुमार रंजन द्वारा पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष अतिथियों के रूप में खरभैया पंचायत की मुखिया चंद्रकांती देवी, शाहजहांपुर पंचायत की मुखिया पल्लवी भारती, प्रखंड प्रमुख विनोद कुमार, 20 सूत्री अध्यक्ष रवि प्रकाश, शाहजहांपुर थानाध्यक्ष मुन्ना दास, अपर थानाध्यक्ष शाहजहांपुर अभिनव त्रिपाठी, सुरभि आनंद, दनियावां थानाध्यक्ष अनिल प्रसाद, पूर्व मुखिया पालीगंज मोहम्मद नासिर हुसैन, उप सरपंच राजेश कुमार, खरभैया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि उपेंद्र चौधरी, पूर्व प्रमुख अजय कुमार एवं मुनेंद्र कुमार, पूर्व उप प्रमुख लालबाबू बिंद, रंजय कुमार, रजनीश चक्रवर्ती, समाजसेवी सह शिक्षाप्रेमी दिलीप कुमार, मिथु पासवान, रितेश कुमार, सोनू रॉक तथा प्रखर समाजसेवी शिशुपाल कुमार सहित हजारों की संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे। टूनार्मेंट का पहला मुकाबला बिहार बनाम उत्तर प्रदेश के बीच खेला गया, जिसमें उत्तर प्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4-1 से जीत दर्ज की। दर्शकों ने इस रोमांचक मैच का भरपूर आनंद लिया और कार्यक्रम की सराहना की। आयोजन समिति के अनुसार टूर्नामेंट का अगला मैच झारखंड बनाम पश्चिम बंगाल के बीच कल आयोजित किया जाएगा।

# कृषि अनुसंधान परिसर पटना महिला कृषकों के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत

## भारतीय कृषि अनुसंधान परिसर, पटना में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस - 2026 का आयोजन






**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 'दान करके लाभ प्राप्त करें' थीम के अंतर्गत किया गया, जिसका उद्देश्य ज्ञान साझा करने, क्षमता विकास और संस्थागत सहयोग के माध्यम से महिला कृषकों को सशक्त बनाना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के कार्यवाहक निदेशक डॉ. आशुतोष उपाध्याय ने महिला किसानों का सशक्तिकरण, सतत कृषि विकास और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। डॉ. उपाध्याय ने कहा कि आय संवर्धन एवं सतत कृषि को बढ़ावा देने के लिए वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाना, महिला किसानों की आजीविका को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ उनके परिवार के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इससे पूर्व, प्रधान वैज्ञानिक डॉ. शिवानी ने स्वागत भाषण देते हुए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व तथा कार्यक्रम के उद्देश्यों पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. धीरज कुमार सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने महिला कृषकों के उत्थान में संस्थान के योगदान पर विस्तार से जानकारी दी। वैज्ञानिक डॉ. कुमारी शुभा ने ह्होमस्टेड फार्मिंग एवं पोषण वाटिका के माध्यम से पोषण जागरूकता' विषय पर व्याख्यान देते हुए बताया कि घर के आसपास विकसित पोषण वाटिकाएँ परिवार के पोषण स्तर में सुधार और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रजनी कुमारी ने पशुपालन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार साझा करते हुए बताया कि छोटे पशुधन आधारित उद्यम ग्रामीण महिलाओं की आय और आजीविका सुरक्षा को बढ़ाने में अत्यंत सहायक सिद्ध हो सकते हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि कार्यों में सक्रिय महिलाओं द्वारा सामना की जाने वाली समस्याओं एवं संभावित समाधानों पर एक तकनीकी सत्र भी आयोजित किया गया, जिसका संचालन वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनिर्बन मुखर्जी ने किया। इस अवसर पर श्री पुष्पनायक मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (वरिष्ठ श्रेणी) ने 'बेहतर भविष्य के लिए कृषि में महिला सशक्तिकरण' विषय पर व्याख्यान देते हुए महिला कृषकों के लिए संस्थागत सहयोग, लैंगिक संवेदनशील नीतियों तथा निरंतर क्षमता निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. अनुप दास, निदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना ने अपने संदेश में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर सभी को बधाई दी तथा अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ व्यक्त कीं।

## संक्षिप्त समाचार

### बाराहाट कांग्रेस (इंटक) श्रमिक केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित



**बाराहाट बांका/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बाराहाट कांग्रेस इंटक श्रमिक केंद्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे बांका जिला इंटक अध्यक्ष विनय कुमार कापरी ने कहा - आज की परिवेश की महिला घर से निकलकर हर कार्यो में आगे बढ़ रही हैं। महिलाओं का सबसे बड़ा अधिकार उनका मान सम्मान ही है। उन्होंने कार्यक्रम के उपरांत महिलाओं का 25- 25 ग्रुप बनाने पर भी निर्णय लिया गया। सरकार के द्वारा चलाए गए योजनाओं का सीधा लाभ महिलाओं को मिले। इस मौके पर बांका जिला इंटक महामंत्री कुंदन सिंह, बौसी इंटक प्रखंड अध्यक्ष दिवाकर जी,रानी सोरेन,मंगल सोरेन,मुख्तार अंसारी, बबलू यादव,रूपेश कुमार,दिनेश सरदार, मंटू कुमार इत्यादि मौजूद रहे।

### बसंतपुर में अवैध शराब फैक्ट्री पर छापा

**बसंतपुर/सिवान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बसंतपुर थाना पुलिस ने शहरकोला उसरी गांव में अवैध शराब बनाने के ठिकाने पर छापेमारी कर 25 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की। वहीं मौके पर करीब 300 लीटर अर्द्धनिर्मित शराब (लहन) को नष्ट कर दिया गया। पुलिस को देखते ही धंधेबाज मौके से फरार हो गए।जानकारी के अनुसार परि.पु.अ.नि. सौरव कुमार पुलिस बल के साथ शनिवार को अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी के लिए निकले थे। गुप्त सूचना के आधार पर पूनम देवी के घर के पीछे बसवारी में छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान चोकर के बोरे में पांच-पांच लीटर के पॉलोबिन में रखी 25 लीटर देसी शराब बरामद हुई। इसके अलावा शराब बनाने के दो उपकरण और दो गैस सिलेंडर भी जब्त किए गए।पुलिस ने पूनम देवी के घर के बरामदे से बिना नंबर प्लेट की एक सफेद अपाची बाइक भी बरामद कर जब्त कर ली। मामले में पूनम देवी, माला देवी, सुनीता देवी, लड्डू महतो और अमर महतो को नामजद करते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### माय भारत के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आयोजित



**सिवान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार कों माय भारत के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को मनाया जाता है। यह दिवस महिलाओं के अधिकार, समानता और सशक्तिकरण के लिए समर्पित है।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को समान अधिकार दिलाना, शिक्षा, रोजगार एवं राजनीति में उनकी भागीदारी बढ़ाना, लैंगिक भेदभाव के प्रति जागरूकता फैलाना तथा महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करना है।समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। महिला सशक्तिकरण से परिवार, समाज और राष्ट्र मजबूत बनता है। यह दिवस हम सभी के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह समानता और सम्मान का संदेश देता है। भारत में यह दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। विद्यालयों, कॉलेजों, सरकारी कार्यालयों एवं सामाजिक संस्थाओं में विभिन्न कार्यक्रम, भाषण, संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित किए जाते हैं।मौके पर कार्यालय सहायक विकाश कुमार साह और साथ ही और जीरादेई थाना प्रभारी पीयूष आनन्द सर ने बताया कि आज महिलाओं को सशक्त बनाने की आवश्यकता है। सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित कर रही है, ताकि हमारी बेटियां आगे बढ़ें और समाज के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। जिसमें कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के हेड लक्ष्मी कुमारी ने भी महिला सशक्तिकरण के ऊपर बताया कि जो बिहार सरकार की योजनाएं हैं मेडल लाओ और रोजगार पाओ उसे पर विस्तृत चर्चा करते हुए उन्होंने सभी बालिकाओं को अवगत कराते हुए कहे की आज लड़कियां विभिन्न क्षेत्रों में अपनी भागीदारी प्रथम निभा रही है आप सभी से भी निवेदन है कि अभी किसी भी कार्यक्रम में किसी भी क्षेत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले और अपने माता-पिता के साथ-साथ का और जिला का नाम है रोशन करें।कार्यक्रम में निम्नलिखित लोग उपस्थित रहे — निखिल नवीन भाजपा युवा मोर्चा के नगर मंत्री, कालीचरण चौहान , मिथुन कुमार , गुड्डू कुमार ,अभिमन्यु सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### मिनी मैराथन प्रतियोगिता में भागलपुर के जितेंद्र ने मारी बाजी तो महिला में मुस्कान रही प्रथम



**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कृष्णा फिजिकल अकादमी के तत्वावधान में राष्ट्रीय धावक कृष्णा एवं मोहन के द्वारा द्वितीय एथलेटिक प्रतियोगिता मिनी मैराथन फुलका 2026 का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में दूर-दराज से आए धावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग के लिए 10 किलोमीटर तथा महिला वर्ग के लिए 5 किलोमीटर की दौड़ आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को पुरुष वर्ग में 5000 रुपये तथा महिला वर्ग में 3000 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में यातायात डीएसपी प्रभात रंजन एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मुंगेर एथलेटिक संघ के अध्यक्ष निलेश सिंह उपस्थित रहे।अन्य गणमान्य व्यक्तियों में मनोज कुमार, कन्हैया तांती, अजय कुमार, सुनील कुमार, रामप्रीत यादव, विनय कुमार, मंटू कुमार, कृष्णानंद, महेश सिंह यादव, अरुण कुमार, रामचरित्र यादव आदि उपस्थित थे।आयोजकों ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### सड़क हादसे में यूपी के चार पुलिसकर्मी घायल

**हवेली खड़गपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शामपुर थाना क्षेत्र के धपरी मोड़ (एनएच-333) के समीप शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में उत्तर प्रदेश के चार पुलिसकर्मी (दो दारोगा और दो सिपाही) घायल हो गए। घटना उस समय हुई जब उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के बांस गांव थाना की पुलिस टीम सड़क मार्ग से मुंगेर से जमुई की ओर जा रही थी। इसी दौरान वाहन चालक सिपाही संजीत कुमार को झपकी आ जाने से चारपहिया वाहन अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया। दुर्घटना इतनी तेज थी कि वाहन के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार चारों पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायलों में पुलिस पदाधिकारी नीरज राय व अभिजीत उपाध्याय तथा सिपाही संजीत कुमार और जयप्रकाश यादव शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही शामपुर 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को वाहन से बाहर निकालकर अनुमंडल अस्पताल हवेली खड़गपुर में भर्ती कराया। वहीं सूचना मिलने के बाद शामपुर थाना की पुलिस भी घटनास्थल और अस्पताल पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। अस्पताल में इलाज कर रहे चिकित्सक डा. अजीत कुमार ने बताया कि घायल पुलिसकर्मी नीरज राय और संजीत कुमार की स्थिति गंभीर थी। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मुंगेर रेफर कर दिया गया है। घटना के बाद पुलिस महकमे में भी हलचल मच गई। पुलिस टीम के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना संबंधित विभागीय अधिकारियों को भी दे दी गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

### दूसरे दिन निवर्तमान अध्यक्ष ने भरा नामांकन

**नौतन/सिवान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुरारपट्टी पंचायत में चल रहे प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समिति (पैक्स) अध्यक्ष पद के चुनाव में दूसरे दिन यानी 7 मार्च को जोरदार राजनीतिक गतिविधि देखने को मिली। निवर्तमान अध्यक्ष सकलदेव चौबे ने प्रखंड मुख्यालय परिसर में स्थित नामांकन काउंटर पर अपना नामांकन पत्र सफलतापूर्वक जमा कर दिया। नामांकन के दौरान उनके समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे पूरा परिसर उत्साह और जोश से भर गया। सकलदेव चौबे वर्तमान में पैक्स के अध्यक्ष हैं और पिछले कार्यकाल में उन्होंने संस्था की कार्यप्रणाली में कई सुधार किए हैं। स्थानीय किसानों और सदस्यों के बीच उनकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि नामांकन के समय सैकड़ों समर्थक नारे लगाते हुए उनके साथ पहुंचे। चौबे ने नामांकन दाखिल करने के बाद कहा कि वे फिर से चुने जाने पर पैक्स को और मजबूत बनाने, किसानों को समय पर ऋण व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इनके अलावा बसदेवा निवासी राहुल यादव ने भी दूसरे दिन नामांकन पत्र दाखिल किया। पहले दिन पूर्व मुखिया अशोक यादव और उनकी पत्नी मुन्नी देवी ने नामांकन किया था।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

**केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार महिला सशक्तिकरण को लेकर काफी गंभीर : राधा मोहन सिंह**



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अव सर पर रविवार को भाजपा जिला कार्यालय, गाँधी कॉम्प्लेक्स के सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि हमारे देश में आज से नहीं बल्कि प्राचीन काल से ही नारी को एक बहुत महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। इस बात का प्रमाण हमारे धार्मिक ग्रंथों में भी देखने को मिलता है। प्राचीन ग्रंथों में तो नारी को देवी के समान पूजनीय माना गया है। ग्रंथों में बताया गया है कि 'यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवता' अर्थात जहां नारी का सम्मान किया जाता है। वहां देवता भी निवास करते हैं। श्री सिंह ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर काफी गंभीर है। नारी सशक्तिकरण का अर्थ महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से स्वतंत्र और समर्थ बनाना है, ताकि वे अपने जीवन के फैसले ले सकें। इसके लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चला रही है। मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार ने कहा कि कोई भी समाज राज्य तब तक प्रगति की ओर नहीं बढ़ सकता है जब तक वह नारी के प्रति भेदभाव और हीन भावना का त्याग नहीं करेगा। इसलिए नारी का सम्मान बहुत जरूरी है और नारी का सशक्त होना भी जरूरी है। जिलाध्यक्ष पवन राज ने कहा कि नारी सशक्तिकरण का सही शब्दों में यह अर्थ होता है कि अपने स्वयं के निर्णय और अधिकार नारी खुद अपने दम पर ले सके यही नारी सशक्तिकरण का सही और आसान अर्थ है। बिहार राज्य मछुआरा आयोग के अध्यक्ष ललन सहनी ने कहा कि महिलाओं का समाज और परिवार में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। आज के समय में भी स्त्रियां शिक्षित और समर्थ हुई हैं। मौके पर उप महापौर डॉ लालबाबू प्रसाद, मीना मिश्रा, संगीत चित्रांश, डॉ हेना चंद्रा, पुतुल प्रिया, संध्या वर्मा, नीता सिन्हा, रंजना श्रीवास्तव, इलायची देवी,शोभा गुप्ता,प्रियंका नागवंशी,गुड्डी देवी, सुनीता देवी सहित बड़ी संख्या में महिला मौजूद थी।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 50 से अधिक महिला कर्मियों को किया गया सम्मानित



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को समाहरणालय परिसर स्थित सभागार में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिलाधिकारी ने सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन महिलाओं के सम्मान, संघर्ष और समाज निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को याद करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक प्रगति तब तक संभव नहीं है, जब तक उसकी आधी आबादी सशक्त, सुरक्षित और सम्मानित न हो। उन्होंने महिलाओं की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए समाज में उन्हें समान सम्मान देने का आह्वान किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निगम आयुक्त शिवाक्षी दीक्षित ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता का परिचय दे रही हैं और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।कार्यक्रम के दौरान महिला पदाधिकारियों और कर्मियों के साथ संवाद किया गया तथा विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 50 से अधिक महिला पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।सांस्कृतिक कार्यक्रमों में असलम कौव्वाल, सत्यम मिश्रा और खुशबू मिश्रा सहित छात्र-छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण पर आधारित प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी राकेश कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं के सम्मान और समान अवसर के संदेश को समाज तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं।कार्यक्रम के अंत में वरीय उप समाहर्ता नगमा तबस्सुम ने धन्यवाद ज्ञापन किया।इस मौके पर अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी सुजीत कुमार, वरीय उप समाहर्ता नगमा तबस्सुम, डीपीओ आईसीडीएस कविता रानी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महिला दिवस पर जीविका के 57 संकुल संघों में कार्यक्रम, महिलाओं को किया गया सम्मानित



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पश्चिम चंपारण जिले में जीविका के सभी 57 संकुल स्तरीय संघों में उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान महिलाओं के सम्मान, सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता को लेकर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। बेतिया सदर प्रखंड के हिम्मत जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ, गनौली में आयोजित कार्यक्रम में जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक 'आर. के. निखिल' ने महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि जहां महिलाओं का सम्मान होता है, वहीं समाज का वास्तविक विकास संभव है। उन्होंने लड़का-लड़की के पालन-पोषण में भेदभाव नहीं करने तथा महिलाओं को शिक्षा और रोजगार से जोड़ने पर बल दिया।उन्होंने कहा कि जीविका दीदियाँ सामुदायिक संगठनों के माध्यम से लिंग भेदभाव, बाल विवाह और दहेज प्रथा के खिलाफ जागरूकता अभियान चला रही हैं और मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता योजना का लाभ लेकर स्वरोजगार को बढ़ावा दे रही हैं।इस अवसर पर हिम्मत संकुल संघ की रेणु देवी ने अपनी सफलता की कहानी साझा करते हुए बताया कि उन्होंने स्वयं सहायता समूह से 20 हजार रुपये का ऋण लेकर डेयरी व्यवसाय शुरू किया था। आज दूध और दुग्ध उत्पादों की दुकान से उनके परिवार की मासिक आय एक से सवा लाख रुपये तक पहुँच गई है।कार्यक्रम के दौरान महिलाओं से जुड़े सामाजिक मुद्दों पर चर्चा के साथ मेहंदी प्रतियोगिता और म्यूजिकल चेयर जैसी गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं। सफल प्रतिभागियों और परियोजना में बेहतर कार्य करने वाली दीदियों को सम्मानित किया गया।इससे पूर्व जिला प्रशासन द्वारा समाहरणालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में रामनगर की प्रखंड परियोजना प्रबंधक रत्ना प्रिया तथा चनपटिया प्रखंड की सामुदायिक समन्वयक रिंकी कुमारी को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर खो खो खिलाड़ियों को पुष्प माला पहनाकर किया सम्मानित



**बांका/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज देश भर में पूरे उत्साह के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इसी क्रम में बांका में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर मंदार पुत्री सह भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पुनीता सिंह के विजय नगर स्थित आवास पर खो खो खिलाड़ीयो के बीच अंग वस्त्र एवं पुष्प में पहनाकर जोरदार तरीके से स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर पुनीता सिंह ने कहा - आज के वर्तमान समय की महिला किसी भी प्रतिस्पर्धा में किसी से कम नही हैं। उन्होंने कहा कि एक महिला ही किसी के घर की मां,बेटी और बहु कहलाती हैं। महिलाओं के लिए आत्म मान सम्मान से बढ़कर कुछ भी नहीं है। कार्यक्रम के मौके पर भाजपा महिला मोर्चा बांका की जिला अध्यक्ष रानी महकम,नीलम सिंह, रेजिना हेंब्रम,कुसुम लता देवी, भारती ठाकुर,हेमलता देवी, सहित दर्जनों बीजेपी महिला मोर्चा के कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## महिला दिवस पर जमालपुर नेत्रालय की पहल

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर जमालपुर नेत्रालय परिसर में महिला मरीज का सम्मान कर महिला दिवस की सार्थकता को बताने का काम डॉ अमन कुमार ने किया। इधर महिला दिवस के मौके पर जमालपुर नेत्रालय में इलाज करवाने पहुंची महिलाओं को पहले महिला दिवस की शुभकामना देते हुए उन्हें गुलदस्ता एवं मिठाई खिलाकर सम्मान देने का काम डॉ अमन ने किया। उन्होंने कहा कि महिला दिवस पर मेरी कामना है कि आप चमकें, साहसी बनें और अपने दिल में जो भी ख्वाहिश रखें, उसे हासिल करें! आप एक अद्भुत शक्ति हैं! आज भी हर दिन की तरह आप अपनी शक्ति करुणा और साहस के लिए प्रशंसा की पात्र हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आज की महिला किसी भी क्षेत्र में पुरुष से काम नहीं है हर क्षेत्र में महिला आज प्रतिनिधित्व करते हुए अपना परचम लहरा रही है।

## स्वास्थ्य केंद्र को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली पीसीसी सड़क पूरी तरह ध्वस्त



**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्रखंड कार्यालय को चिरैया - पुरनहिया मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली पीसीसी सड़क पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। निर्माण के कुछ वर्षों के भीतर ही यह सड़क गड्ढों में तब्दील हो गया है। जिससे राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रखंड कार्यालय व अस्पताल के पीछे से उक्त सड़क मुख्य मार्ग में मिलती है। जिससे रोजाना प्रखंड क्षेत्र के बेलही, भेड़ियाही, महुआवा, रामपुर, दीपही व धरहरवा जैसे दर्जनों गांवों के लोग प्रखंड कार्यालय, किसान भवन, अंचल कार्यालय व मरीज अस्पताल आवागमन के लिए इसका उपयोग करते है। लेकिन अब यह सड़क साइकिल व बाइक की तो छोड़िए पैदल चलने वालो के लिए भी मुसीबत बन गया है। राहगीर अपनी जान जोखिम में डालकर सड़क पर चलने के लिए मजबूर है। सड़क पर बने जानलेवा सैकड़ों गड्ढों के कारण मरीजों, स्थानीय लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। रोजाना कई लोग गिरकर चोटिल हो जाते हैं। एक किलोमीटर लंबी इस सड़क की गुणवत्ता पर स्थानीय निवासियों ने सवाल उठाया है। इतनी जल्दी पीसीसी सड़क का टूटना इसके निर्माण में घटिया सामग्री, मानक से कम सीमेंट, गिट्टी और मिट्टी मिश्रित बालू के उपयोग की बाते सामने आई हैं। इन कार्यों में कम ढलाई से टूटने की खबरें हैं। लोगो का कहना है कि इस प्रकार के निर्माण कार्य कंक्रीट की संरचना को बिल्कुल कमजोर कर देता है, जिससे यह सड़क जल्दी टूट गई। ग्रामीणों ने संवेदक द्वारा सड़क निर्माण में बरती गई लापरवाही की जांच एवं दोबारा टेंडर निकाल कर तत्काल मरम्मती की मांग की है। वही इस मामले में स्थानीय प्रशासन की उदासीनता एवं जनप्रतिनिधियों की चुप्पी सवालों के घेरे में है।

## गरीबों व असहायों की मदद करने से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं



**कटोरिया (बांका)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गरीबों व असहायों की मदद करने से बड़ा कोई पुण्य कार्य नही है। हर सामथ्यवान व्यक्ति को गरीबों ओर असहायों की मदद के लिए आगे आना चाहिए यह बातें बांका जिला के विभिन्न गांवो में गरीब परिवारों के मदद करने के दौरान गरीबों के निगाहवान ट्रस्ट के जिला सचिव मकसुद आलम नें कहीं।उन्होंनें कहा कि हमारी संस्था रमजान के पवित्र माह में भी गरीब लोगों की सेवा के लिए हर संभव मदद करने की कोशिश कर रही है। अपनी मुहिम को जारी रखते हुए रविवार को गरीबों के निगाहवान ट्रस्ट नें बांका जिले के विभिन्न गांवो में समाज में बसने वाले असहाय लोगों को आर्थिक व शारीरिक मदद करता आ रहा है। ओर हर साल रमजान के पवित्र महिनें मे भी उन गरीबों तक राशन कपड़ा गरीब यतीम बेवा लाचार है उन तक राशन कपड़ा घर तक पहुंचाया गया है। उन्होंने बताया कि पांच बर्षो से गरीब के सेवा अनवतर जारी है। गरीबों के निगाहवान ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष ने बताया कि गरीबों परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए गरीबो के निगाहवान ट्रस्ट ने उनकी मदद की है। उन्होंने कहा कि गरीबों के निगाहवान ट्रस्ट सिर्फ गरीबों के लिए बनी हुए हर व्यक्ति को जितना हो सकें गरीब की मदद करनी चाहिए गरीब अभिशाप नही है। गरीब लोगों को मन में भी वही है जो हम सबके मन में है। ऐसे लोगों की सहायता करने से उन्हें भी खुशी मिलती है। इस संसार में गरीबों की मदद करने सें बढ़कर कोई भी पुण्य कार्य नहीं है। इस पुनित कार्य के लिए लोगों ने सराहनीय पहल बताया।इस मोके पर मो इरसाद ,मो इंतजार अंसारी, मो सरताज अंसारी, मो सद्दाम अंसारी, मो फरीक अंसारी, मो रोशन अंसारी, मो नसरूद्दीन कादरी, मो अख्तर अंसारी, मो कदीर अंसारी, मो जावेद अंसारी, मो फरीद अंसारी, मकसुद अंसारी, मो सनाउल अंसारी, मो मनोब्बर अंसारी, मो बसीम अंसारी, मो मेराज अंसारी, मो अब्दुल सत्रार अंसारी, मो जिब्राईल अंसारी, प्रवीण कुमार दास, पंकज कुमार, संजय यादव, राजीव गुप्ता सहित अन्य लोंग जो गरीबों को मदद करने के लिए तत्पर रहते हैं।

## प्रकृति और नारी दोनों ही सृजन का आधार : जिलाधिकारी

**नारी शक्ति को सम्मानित कर समाज निर्माण में उनके योगदान को सराहा गया**



**सीवान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आंबेडकर संवाद कक्ष में कला, संस्कृति विभाग, बिहार सरकार और जिला प्रशासन, सीवान के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नारी शक्ति को सम्मानित कर समाज सृजन में उनके योगदान को सराहा गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गोपालगंज वन प्रमंडल अधिकारी मेधा यादव ने कहा कि प्रकृति और नारी दोनों ही सृजन का आधार रही है। नारी का सम्मान समाज में सकारात्मकता का संचार करता है। उन्होंने बताया कि उनके गांव में लड़कियों के पढ़ने की अच्छी व्यवस्था नहीं थी लेकिन दृढ़ इच्छाशक्ति और कठिन परिश्रम के बल पर उन्होंने अपने सपने को साकार किया। आज नारी को सहानभूति की नहीं जागरूक और आत्मनिर्भर होने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला पदाधिकारी सीवान, विवेक रंजन मैत्रेय ने कहा कि नारी सशक्तिकरण के लिए जिला प्रशासन सदैव प्रयासरत है। केंद्र और राज्य सरकार की नारी सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं को संजीदगी से क्रियान्वित किया जा रहा हैं। पुलिस अधीक्षक, सिवान पूरन कुमार झा, डीडीसी सीवान, मुकेश कुमार, सिविल सर्जन सिवान, श्रीनिवास कुमार, महराजगंज अनुमंडल पदाधिकारी अनीता सिन्हा, पीजीआरओ इस्तियाक अली मंचासीन रहे। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आंबेडकर संवाद कक्ष में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत आगत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। स्थापना उपसमाहर्ता जूली कुमारी द्वारा आगत अतिथियों को पौधा और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर केक काटकर नारी शक्ति को शुभकामनाएं प्रेषित की गई। राजवंशी देवी इंटर कॉलेज की बालिकाओं ने संगीत शिक्षक तेजनाथ यादव के नेतृत्व में मनोहारी स्वागत गान के साथ एक मधुर लोक गीत को भी प्रस्तुत किया।

## विद्यालय में बच्चों की ऑनलाइन हाजिरी शत प्रतिशत सुनिश्चित कराई जाए : बीईओ

**पीएम श्री महादेव साह उच्च विद्यालय में प्रखंड स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित**



**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पीएम श्री महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी के सभागार में शनिवार को प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापकों की विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सरोज कुमार सिंह ने की। जिसमें प्राथमिक, मध्य व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग (पीबीएल) कार्यक्रम के प्रखंड तकनीकी टीम के सदस्य प्रधान शिक्षक कार्तिक कुमार, शिक्षक अशोक कुमार पटेल एवं शंभू शरण गोस्वामी आदि ने भाग लिया। इस बैठक में बीईओ ने प्रधानाध्यापकों को ई- शिक्षा कोष पोर्टल पर छात्रों का डीबीटी डाटा तत्काल अद्यतन करने का कड़ा निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि समय पर पाठ्य पुस्तक, पोशाक एवं अन्य योजनाओं की राशि लाभार्थियों के आधार-लिंक बैंक खातों में भेजने के लिए यह अति आवश्यक है। लापरवाही बरतने पर प्रधानाध्यापकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। बीईओ ने सभी एचएम से कहा कि विद्यालय में बच्चों की ऑनलाइन हाजिरी शत प्रतिशत सुनिश्चित कराई जाए। विभाग का स्पष्ट आदेश है कि ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में एक अहम कदम है। लेकिन एचएम यदि इसमें लापरवाही करते है तो पूरी प्रणाली पर सवाल खड़े हो जाते हैं। इस दौरान शिक्षक मो. कासिम ने बच्चों की ऑनलाइन हाजरी फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम (एफआरएस) से करने में होने वाली तकनीकी समस्याओं का निदान किया। बैठक के प्रारंभ में राजकीय प्राथमिक विद्यालय कमरचोली के विशिष्ट शिक्षक अनिल कुमार के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर उनके एवं परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की गई। बैठक में बीईओ श्री सिंह ने पीबीएल एम आई पी 3.10 में बेहतर प्रदर्शन करने वाले तीन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इनमें राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय रामपुर, रा. उ. मध्य विद्यालय हरनरैना एवं रा. उ. मध्य विद्यालय कटकुइयां भिनक सिंह टोला शामिल है। इसके साथ ही बीईओ ने प्रत्येक विद्यालय में पीबीएल गतिविधियों को प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्देश दिया। मौके पर प्रधानाध्यापक दयाशंकर पंडित, डॉ अरुण कुमार, संजय कुमार निराला, मनोज कुमार दास, कुंदन कुमार, कौशल किशोर, लिपिक विनोद कुमार, लेखापाल अखिलेश्वर प्रसाद, डाटा इंट्री ऑपरेटर सुमंत कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे सिवान हुआ भव्य स्वागत

**सिवान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी बिहार के प्रदेश के अध्यक्ष संजय सावरंगी का शनिवार की देर शाम सिवान में आगमन हुआ। सिवान भाजपा के जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी ने हजारों कार्यकर्ताओं के साथ ढोल नगाड़ों के साथ गर्म जोशी के साथ अपने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। संजय सारंगी बिहार भाजपा के प्रदेश के मंत्री नन्द प्रसाद चौहान जी के माता जी के श्राद्ध कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सिवान आए हुए थे। सरसर में दरौदा के विधायक करनजीत सिंह उर्फ ब्यास सिंह ने अंग वस्त्र और पुष्पऔर देकर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष जी का स्वागत गोपालगंज मोड़, सिवान अशोक होटल श्यामपुर बाजार भावना बाजार नौतन मोड़ दरौली मोड़ सहित विभिन्न जगहों पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

# शिव गुरु की दया ही वास्तविक दीक्षा : शिवपूजन सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। अहियापुर शिव मंदिर के प्रांगण में रविवार को एकदिवसीय शिव महोत्सव गुरु चर्चा का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य शिव जन-जन के गुरु हो इस विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर उपस्थित शिव शिष्य परिवार को संबोधित करते हुए औरंगाबाद से आए शिव पूजन सिंह ने कहा कि शिव गुरु की दया ही वास्तविक दीक्षा है। उन्होंने इस पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि गुरु अपने शिष्य के उत्तरदायित्व का जिम्मेदारी लेते हैं। कब जब शिष्य उनके बताए रास्ते पर चलता है तब। उन्होंने कहा कि कहा कि इस कालखंड में सर्वप्रथम साहब श्री हरीद्रानंद जी ने शिव को अपना गुरु बनकर जगत में अपनी अनुभूति के अनुसार लोगों को शिव का शिष्य होने के लिए प्रेरित किया। इसके लिए साहब श्री के द्वारा तीन सूत्र बताए गए हैं। जिसमें दया, चर्चा और नमः शिवाय शामिल है। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति एक निस्ट होकर मन से प्रत्येक दिन तीनों सूत्र का पालन करता है उसके जीवन में गुरु की दया स्वतः उतरने लगते हैं। उन्होंने कहा कि शिव को जगतगुरु कहा जाता है। इसलिए शिव के शिष्य होने के लिए किसी प्रकार की वर्जित वर्जन का कहीं कोई प्रतिबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि शिव मांस खाने वाले और फल खाने वाले के भी गुरु हो सकते हैं। क्योंकि जगत में आया हुआ प्रत्येक मानव को यह पूरा अधिकार है कि वह शिव को अपना गुरु मानकर उन्हें अपना शिष्य भाव अर्पित कर करें।वही रांची आये रणधीर कुमार ने कहा कि आज जगत में करोड़ों लोग शिव का दया प्रकार अपना जीवन सुखमय शिवमय बना रहे हैं। सिर्फ जरूरत है साहब श्री के बताए तीन सूत्र का प्रत्येक दिन मनसा वाचक कर्म से साथ पालन करने का। इस कार्यक्रम का आयोजन संगीता देवी व शकुंतला देवी ने किया। मंच का संचालन सुबोध कुमार ने किया। मौके पर अर्जुन सिंह, अमरजीत कुमार, इंदु देवी, सुशीला देवी, मालती देवी, कुसुम देवी,विनीता देवी,कलावती देवी,ममता देवी, कुंती देवी,अंजलि देवी,बिंदेश्वर सिंह, गुड्डू चिंगारी सहित सैकड़ो लोगों ने शिव को अपना गुरु बनने पर जोर दिया।




# शिव परिवार एवं हनुमान प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर ध्वजारोपण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। प्रखंड क्षेत्र के मलुक बिगहा गांव में शिव परिवार एवं हनुमान प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय महायज्ञ का देव रेलवे हॉल्ट के समीप स्थित नवनिर्मित मंदिर में आयोजित होगा।
आयोजकों ने बताया कि महायज्ञ का शुभारंभ 4 मई को जल यात्रा, पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश एवं जलाधिवास, 5 मई को वेदी पूजन, अग्नि प्रवेश एवं पुष्पाधिवास, 6 मई को पीठ पूजन, अन्नाधिवास, फलाधिवास एवं संध्याधिवास का कार्यक्रम रखा गया है। 7 मई को मूर्ति स्नपन, नगर भ्रमण, प्राण प्रतिष्ठा एवं हवनात्मक समापन 8 मई को यज्ञ पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ किया जाएगा।
आयोजन समिति ने बताया कि यज्ञ का शुभारंभ के लिये वैदिक मंत्रोच्चार से ध्वजारोपन हुआ। प्रतिदिन शाम में प्रवचन तथा रात में रामलीला किया जाएगा। इस महायज्ञ का आयोजन मलुक बिगहा गांव के सहयोग से किया जा रहा है।



# उमगा तालाब के जीर्णोद्धार की आवश्यकता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के मदनपुर प्रखंड के धार्मिक व ऐतिहासिक स्थल उमगा पहाड़ से सटे पश्चिम उमगा तालाब प्राचीन है। उमगा पहाड़ घूमने वाले पर्यटक तालाब की खूबसूरती देखना नहीं भूलते हैं। बता दें कि तालाब में सालों भर पानी भरा रहता है। सुंदरीकरण की जरूरत है। घाट निर्माण होने से तालाब पर्यटकों को आकर्षित करेगा। धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण इस तालाब पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण इस तालाब की अब भी महत्ता है। यहां चैत एवं कार्तिक में होने वाले छठ पर अर्घ्य देने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगती है। दोपहर से ही श्रद्धालु अर्घ्य देने पहुंचते हैं। प्रखंड के अलावा अन्य प्रखंड व जिले के श्रद्धालु यहां आते हैं। साथ ही बसंत पंचमी के अवसर पर लगने वाले मेले में पहुंचे श्रद्धालुओं ने इसी तालाब में स्नान, पहाड़ स्थित देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना व दर्शन करते हैं। पहाड़ स्थित मां उमंगेश्वरी, सूर्य भगवान, गौरी शंकर मंदिरों में आए दिन पूजा करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। अभी पर्याप्त मात्रा में वर्षा नहीं होने के कारण तालाब पूरा भरा नहीं है। बता दें कि उमगा तालाब प्राचीन राजाओं के जमाने से है। राजा भौरवेंद्र ने अपने शासनकाल में 52 बीघा का तालाब का निर्माण कराया था। तालाब में राजा की रानियों के लिए गुप्त मार्ग बना था। तालाब की बनी सीढ़ियों का अवशेष आज भी देखने को मिलता है।



# पूर्व केंद्रीय मंत्री की जयंती की तैयारी पूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। बुद्धिजीवी चेतना मंच की बैठक कर्पूरी मंच औरंगाबाद में हुई। बैठक की अध्यक्षता राजरूप पाल ने की। बैठक में 9 मार्च को बिहार के युवा स्वंत्रता सेनानी समाज सुधारक, शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षणिक क्रांति करने वाले शिक्षाविद स्व. राम लखन सिंह यादव का जयंती सह सम्मान समारोह व्यापक स्तर पर मनाने की तैयारी की गई। समारोह रामलखन सिंह यादव कॉलेज स्थित सभागार में सोमवार को मनाई जाएगी। जयंती को लेकर आयोजकों के द्वारा सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। जयंती को सफल बनाने में बुद्धिजीवी चेतना मंच के द्वारा लगभग तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जयंती समारोह की जानकारी देते हुए डॉ संतोष कुमार ने बताया कि आयोजन को लेकर दो दिन पूर्व से तैयारी चल रही है। आयोजन में सभी जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों को इस समारोह में भाग लेने को लेकर आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि रामलखन सिंह यादव संयुक्त बिहार में चार मुख्यमंत्री कृष्ण बल्लम सहाय, दरोगा प्रसाद राय, बीपी मंडल एवं जगन्नाथ मिश्र के नेतृत्व में मंत्री बनकर बिहार के विकास के लिए अनुलनीय योगदान दिया जिसके कारण उन्हें लोगों ने शेर ए बिहार की उपाधि से सम्मानित किया। बुद्धिजीवी चेतना की बैठक में जेपी सेनानी अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रदेश संयोजक संजीत यादव, डॉ अजय कुमार, संतोष कुमार सिंह, नवलेश सिंह, रामजन्म सिंह, दिनेश पाल, उपेन्द्र शर्मा, सिद्धेश्वर सिह, श्यामता प्रसाद सिंह, कृष्णा सिंह आदि उपस्थित थे।

# इम्पल्स वैली स्कूल, रतनाम में छठा वार्षिकोत्सव आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। इम्पल्स वैली स्कूल रतनखाप में विद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्यालय परिसर में छठे वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रफीगंज रेलवे इंस्पेक्टर राम सुमेर, राष्ट्रीय जनता दल के युवा प्रखंड अध्यक्ष संतोष यादव, हम पार्टी के जिलाध्यक्ष (अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ) संतोष शर्मा तथा चरकावां पंचायत के उप मुखिया रमेश यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, देशभक्ति कार्यक्रम, नाटक, नृत्य, संगीत तथा विज्ञान प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि राम सुमेर ने कहा कि सुदूर इलाके में संसाधन में भी बच्चे बेहतर कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं और समाज का नाम रोशन कर रहे हैं।



कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के निदेशक विरंजन कुमार अकेला तथा प्रधानाध्यापक शंभु कुमार द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय के अंकिता कुमारी, वरीय शिक्षक पंकज शर्मा तथा अन्य शिक्षकों की उपस्थिति में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विद्यालय के निदेशक द्वारा मुख्य अतिथियों को अंगवस्त्र और डायरी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक संजीत कुमार एवं शिक्षिका अंजली कुमारी ने किया। विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा 4 के छात्र उत्तम कुमार ने चंद्रयान-3 का विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किया, जबकि कक्षा 4 की छात्रा सोनाक्षी कुमारी ने कैपिटल डिटेक्टर का मॉडल बनाया। विज्ञान प्रदर्शनी की तैयारी विद्यालय के शिक्षक दीपक रितेश सर द्वारा करवाई गई। वहीं नृत्य शिक्षक संधीत सर के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने शानदार नृत्य प्रस्तुत किया।

# अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर सेमिनार में महिला सशक्तिकरण पर बल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड मुख्यालय स्थित गौतमबुद्ध भवन में प्रगतिशील लेखक संघ जिला शाखा औरंगाबाद की ओर से अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें सामंती पितृसत्तात्मक समाज में खड़ी स्त्री - सपनों और संघर्षों का बढ़ता आयाम विषय पर बहस के साथ चर्चा किया गया। सेमिनार क संचालन अध्यक्ष अधिवक्ता चन्द्रशेखर सिंह ने किया। जबकि सेमिनार का बतौर मुख्य अतिथि रिटायर्ड प्रो.वशी अहमद व विशिष्ट अतिथि नवेन्दू प्रियदर्शी थे। मुख्य अतिथि वशी अहमद ने समाज में खड़ी स्त्री विषय पर चर्चा करते हुए कहा वर्तमान समय में महिलाओं का कल्पना सभी क्षेत्रों में काफी बढ़ गया है। देखा जाय तो राजनीति क्षेत्र से लेकर आसमान में उड़ान भर रही हैं। उन्होंने कहा बराबरी का अधिकार देने की जरूरत सिर्फ कागज पर सिमट गया है। इसके लिए महिलाओं को आगे आने होगा। का. रामचंद्र सिंह, संजय श्याम, सहित नफिशा खातुन, सोनम कुशवाहा, शिक्षिका सोनी कुमारी, नगीना रमण, ललीता कुमारी, आरती कुमारी, ममता कुमारी, अरुण कुमार रंजन ने विस्तार से महिला सशक्तिकरण पर चर्चा किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष शामिल थे। कार्यक्रम के सफलता पर संघ के सतेन्द्र कुमार व पूर्व प्रमुख नागेश्वर यादव ने आगुंतकों के प्रति आभार जताया।




# छात्रों के गुणात्मक सुधार के लिए शैक्षणिक परिभ्रमण जरूरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। ओबरा प्रखंड के मध्य विद्यालय सोनवर्षा के छात्रों को मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के तहत 45 छात्रों को शैक्षणिक परिभ्रमण पर रवाना किया गया। प्रधानाध्यापक किरण कुमारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानाध्यापक ने कहा कि मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के तहत शैक्षणिक परिभ्रमण से छात्रों को बौद्धिक एवं मानसिक विकास होता है। सरकार द्वारा लिया गया कदम काफी सराहनीय है। शैक्षणिक परिभ्रमण पर छात्र रोहतास गढ़ किला ताराचंडी तुतला भवानी मंदिर व विभिन्न दार्शनिक स्थलों को जानेंगे एवं वहां की धार्मिक स्थानों से रुबरु होंगे। कहा कि सरकार शिक्षा के गुणात्मक सुधार हेतु दृढ़ संकल्पित है। जिसके लिए सरकार द्वारा चलाई गई योजना काफी लाभप्रद साबित हो रही है। समाजसेवी सुमित कुमार ने भी छात्रों को मुख्यमंत्री दर्शन योजना की सभी छात्रों को मंगलमय की कामना की। इस मौके पर गाइड के रूप में शिक्षक शिव प्रकाश कुशवाहा, मंजू कुमारी, संगीता कुमारी, निरंजन कुमार, सुमित कुमार त्रिपाठी, बबन राम सहित शैक्षणिक परिभ्रमण पर रवाना हुए।




# रामनवमी पूजा समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। शहर के ब्लॉक कॉलोनी स्थित शिव मंदिर परिसर में रविवार को रामनवमी पूजा समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें एकम को जलभरी के बाद नवाह परायण महायज्ञ 9 दिन चलेगा। संध्या में प्रवचन का कार्यक्रम अखाड़ा परिसर में होगा। वहीं नवमी को झंडा पूजन के पश्चात भंडारा कार्यक्रम होगा। इसके बाद पैदल संपर्क यात्रा निकाली जाएगी। वहीं दसवीं को शहर में भव्य शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। समिति के संयोजक शशांक शेखर में बताया कि इस वर्ष की रामनवमी यादगार रहेगी। पूरे परिसर को लाइट और भगवा झंडा से भर दिया जाएगा। मुखिया संघ के अध्यक्ष सुजीत सिह ने बताया हर वर्ष रामनवमी का सुंदर आयोजन औरंगाबाद वासियों को देखने को मिल रहा है, उससे और बेहतर करने का प्रयास समिति के द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष शशि भूषण सिह, संरक्षक सुजीत सिह, मुखिया संयोजक शशांक शेखर आशु, कोषाध्यक्ष शशि कुमार, सचिन तिवारी, भोलालाल, राहुल, प्रिंस, जितेंद्र, उमेश, विक्की, रोशन, जुगनू, रजनीश, प्रदीप, पप्पू, रंजन, शुभम, सोनू, विवेक, विशाल, राकेश, रिंटू, गोपाल, आलोक, सचिन सिहा सहित मौजूद रहे।

# दिव्यांग बच्चों के बीच शैक्षणिक व स्वास्थ्य किट का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। शहर के कासमा रोड स्थित वार्ड संख्या 16 में अवस्थित अटमोस्ट पुनर्वास स्वास्थ्य एवं शिक्षा केंद्र के प्रांगण में संस्था द्वारा दिव्यांग बच्चों के बीच शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य किट का निःशुल्क वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष जरूरत वाले बच्चों को शिक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति प्रोत्साहित करना है।
संस्था की ओर से सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता, बहु दिव्यांगता, ऑटिज्म एवं अन्य मानसिक बीमारी से पीड़ित बच्चों को यह किट उपलब्ध कराई गई। किट में बच्चों के उपयोगी शैक्षणिक सामग्री तथा आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी सामग्री शामिल थी। संस्था के अध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि बीपीएल श्रेणी के गरीब परिवारों के बच्चों की प्रतिभा को ग्रामीण स्तर से शहरी स्तर तक विकसित करने के उद्देश्य से लाभुकों की सूची पूर्व से ही तैयार की गई थी। होली पर्व को ध्यान में रखते हुए बच्चों की सुविधा के लिए यह कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया। इस मौके पर संस्था के सदस्यों ने समाज के लोगों से अपील की कि वे ऐसे पुनीत कार्यों में आगे आकर सहयोग करें और दिव्यांग बच्चों का हौसला बढ़ाने में अपनी भागीदारी निभाएं। इसमे सचिव सुनील कुमार दीप, संदीप कुमार, रमेश कुमार सहित अन्य लोग शामिल हुए।




# सूखी पड़ी जलमीनार, पेयजल की समस्या से जूझ रहे मटपा के लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। चैत्र माह के आरंभ में ही सूर्य की तपिश ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। मौसम के प्रकोप से त्रस्त ग्राम पंचायत मटपा के वार्ड संख्या चौदह के निवासियों के समक्ष पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। वार्ड सदस्य प्रतिनिधि फुलेंद्र भुईयां ने बताया कि विगत एक सप्ताह से नल-जल योजना के तहत पानी की सप्लाई ठप्प है। जिससे डेढ़ सौ घर प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में विभाग को सूचना दी गई है लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी समस्या का निष्पादन नहीं हो पाया है। सामुहिक प्रयास से मिस्त्री को बुलाकर जांच कराया गया जिसमें मोटर में तकनीकी समस्या होने की बात सामने आई। ग्रामीणों ने कहा कि उक्त वार्ड में ज्यादातर गरीब मजदूर रहते हैं। अगर जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो समस्या और विकट हो सकती है। उन्होंने जल्द से जल्द समस्या का निष्पादन करने की मांग की है। पीएचडी विभाग के जेई सुभाष कुमार ने बताया कि मामले की जांच कर यथाशीघ्र नल जल की सप्लाई चालू कराई जाएगी।

# रफीगंज में 14 अप्रैल को मनाई जाएगी अंबेडकर जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। प्रखंड मुख्यालय स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर अंबेडकर विचार मंच की बैठक रविवार संध्या 5 बजे आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अंबेडकर जयंती से पूर्व प्रतिमा स्थल का जीर्णोद्धार कराया जाएगा, ताकि कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित किया जा सके। बैठक की अध्यक्षता हरेंद्र कुमार ने की, जबकि संचालन लालदेव पासवान ने किया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने कहा कि बाबा साहेब के विचार समाज को समानता और न्याय का संदेश देते हैं। इसलिए उनकी जयंती को सम्मानपूर्वक मनाना हम सभी का कर्तव्य है।
इस दौरान प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई, रंग-रोगन एवं अन्य आवश्यक मरम्मत कार्य 14 अप्रैल से पहले पूरा कराने का निर्णय लिया गया।इस मौके पर राज कुमार दास, सीधी यादव, हरेंद्र कुमार, परमेश्वर बौद्ध, जितेंद्र पासवान, कमलेश राम, अखिलेश कुमार, अर्जुन पासवान, सिंटू कुमार, किशोर कुमार सीताराम दास बालचंद दास रामाशीष दास सुनील प्रसाद इंद्रजीत राम रंजीत दिनकर लड्डू खान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



# मछली मारने गए युवक की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां**। पकरीबरावां थाना क्षेत्र के बुधौली पंचायत के मंगर चौक निवासी कृष्णा चौरसिया के 28 वर्षीय पुत्र जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू की गला दबाकर हत्या कर दी गई है। पुलिस ने कबला के कुसैया आहर के कीचड़ से उसकी लाश बरामद की है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पकरीबरावां के एसडीपीओ राकेश कुमार भास्कर, पुलिस निरीक्षक प्रशांत कुमार, अपर थानाध्यक्ष स्नेहा कुमारी, एसआई कन्हैया लाल सहित पकरीबरावां, रूपौ, धमौल एवं कौआकोल थाने के पुलिस वहां पहुंचीं। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली कि आहर के कीचड़ में युवक की लाश है। जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली गई है। युवक की लाश कीचड़ में पाया गया है। मृतक के परिवार की ओर से कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। एफएसल की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर जांच कर रही है। घटनास्थल के पास से मिले खून के धब्बे एवं अन्य साक्ष्यों को आधार मानकर वैज्ञानिक अनुसंधान शुरू किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि आवेदन मिलने के बाद अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया है। मृतक के परिवार वालों ने कहा कि गला दबाकर उसकी हत्या की गई है।मृतक मछली मारने की बात कहकर रविवार की सुबह 10 बजे घर से निकला था। काफी देर तक वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी खोज खबर ली। तब यह पता चला कि कबला आहर के छिलका के पास एक शव है। जानकारी के बाद जब परिजन घटनास्थल पर पहुंचे तो अपने पुत्र का शव देखकर बिलख-बिलखकर रोने लगे। चर्चा है कि 20- 25 लोग वहां मछली मार रहे थे। आशंका जताई जा रही है कि मछली मारने को लेकर कोई विवाद हुआ। इसके बाद युवक की गला दबाकर हत्या कर दी गई। युवक के मौत के बाद परिवार वालों का रो- रोकर बुरा हाल है। मृतक के दो छोटे- छोटे बच्चे हैं। मृतक का बड़ा पुत्र प्रिंस 6 वर्ष का है, जबकि छोटा पुत्र गौतम 4 वर्ष का है। मृतक की पत्नी मंजू देवी बेसुध है। परिवार के अन्य सदस्यों का भी बुरा हाल है।

# जदयू नेता जावेद अख्तर द्वारा इफ्तार पार्टी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज**। रविवार को जदयू नेता जावेद अख्तर के द्वारा पवित्र रमजान माह के अवसर पर इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में रोजेदारों एवं स्थानीय लोगों ने भाग लिया। सभी ने एक साथ बैठकर रोजा खोला और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। इफ्तार पार्टी के दौरान जावेद अख्तर ने कहा कि रमजान का महीना आपसी प्रेम, भाईचारा और मानवता का संदेश देता है। इस तरह के आयोजन से समाज में एकता और सौहार्द मजबूत होता है। उन्होंने सभी लोगों से मिलजुल कर रहने तथा क्षेत्र में शांति और भाईचारे को बनाए रखने की अपील की।



कार्यक्रम में कई सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी और देश-प्रदेश में अमन-चैन की दुआ की। इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ. गुलाम शाहिद, जदयू नेता विजय विश्वकर्मा, पूर्व उप चेयरमैन हरेन्द्र कुमार, जिला परिषद सदस्य मो. आशिफ, सुनील कुमार वर्मा, सुनील कुमार सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

# वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं को ले विधायक से मिले राष्ट्रीय महासचिव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव रामायण पांडेय एलौन रविवार को औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिह से मिलकर वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं का समाधान कराने में सहयोग करने की मांग किया। श्री एलौन ने राज्य में वृद्धजन, विधवा व दिव्यांग पेंशन की राशि 11 सौ से बढ़ाकर दो हजार करने, वृद्धापेंशन के लिए केवाईसी गांवो में कैम्प लगाकर कराने तथा बुजुर्गों को स्थानीय स्तर पर त्वरित न्याय के लिए पुलिस थानों में सीनियर सिटीजन सेल का गठन कराने की मांग को विधानसभा में उठाने का आग्रह किया जिस पर विधायक ने वरिष्ठ नागरिकों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।



इस मौके पर प्रो. सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, डा. आरके राणा, पूर्व प्रमुख अम्बिका पांडेय, प्रो. रविन्द्र सिंह, सुरेंद्र मिश्रा, स्वामी अखिलेशानंद, सूरज कुमार पांडेय, भाष्कर प्रकाश, कृष्ण राज सहित अन्य उपस्थित रहे।

# महिला सशक्तिकरण राष्ट्र के विकास की आधारशिला : गिरिराज

## जिला प्रशासन महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा तथा आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कई योजनाओं का क्रियान्वयन कर रहा : डीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय नगर।** सदर प्रखंड के कंकौल स्थित प्रेक्षागृह सह आर्ट गैलरी में महिला एवं बाल विकास निगम, कला एवं संस्कृति विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रविवार को सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित करना तथा महिला सशक्तिकरण के प्रति जन-जागरूकता को और अधिक सुदृढ़ करना था।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि गिरिराज सिंह ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण किसी भी समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, शिक्षा को प्राथमिकता देने तथा समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि आज की महिलाएँ प्रत्येक क्षेत्र में अपनी



प्रतिभा और क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं।जो पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक है।जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने अपने संबोधन में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के योगदान को सम्मानित करने के साथ-साथ उनके अधिकारों, समान अवसरों और गरिमा को सुनिश्चित करने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा तथा आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन कर रहा है। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों, बालिकाओं की शिक्षा, पोषण, कौशल विकास तथा महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने की दिशा में प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी दी।इस अवसर पर शिक्षा, सामाजिक सेवा, स्वास्थ्य, उद्यमिता एवं अन्य विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित महिलाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए अन्य महिलाओं को भी समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के दौरान स्थानीय कलाकारों, छात्राओं एवं महिला समूहों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, आत्मनिर्भरता तथा समाज में महिलाओं की भूमिका को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गया। जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने महिलाओं के सम्मान, समानता और अधिकारों के प्रति समाज में व्यापक जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया तथा महिला सशक्तिकरण को समाज के समग्र विकास के लिए अनिवार्य बताया। इस अवसर पर नगर विधायक कुंदन कुमार, की महापौर श्रीमती पिंकी देवी, उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी सहित विभागों के वरीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, महिला समूहों की प्रतिनिधियाँ तथा बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं।

# महिला दिवस पर जीविका दीदियों की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को नावकोठी प्रखंड के सभी संकुल स्तरीय संघ एवं ग्राम संगठन स्तर पर विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता से जुड़े कई अहम विषयों पर चर्चा की गई।बैठक में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना, महिलाओं के विरुद्ध घरेलू हिंसा, बाल लिंगानुपात तथा बाल विवाह जैसे मुद्दों पर चर्चा करते हुए जीविका दीदियों को जागरूक किया गया।

समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए महिलाओं की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया गया।इस अवसर पर प्रखंड परियोजना प्रबंधक मनोरंजन कुमार ने कहा कि जीविका समूह महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने महिलाओं से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने की अपील की। कार्यक्रम में क्षेत्रीय समन्वयक रूपम कुमारी, सामुदायिक समन्वयक विकास कुमार, रोहित कुमार, दुलारचंद राम, कुंदन कुमार, एमआईएस ललित कुमार, मास्टर बुक कीपर बिंदु कुमारी, सफीना खातून, मीरा कुमारी, जीविका मित्र इंदु, नगमा, रीना सहित बड़ी संख्या में जीविका दीदियां उपस्थित थीं।

## संक्षिप्त समाचार

### तीन वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी (नबिटासं)।** समकालीन अभियान के तहत नावकोठी पुलिस ने अलग अलग गांव से तीन वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। प्रशिक्षु एसडीपीओ सह थानाध्यक्ष अमरजीत तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी रजाकपुर के मुनीलाल पोद्दार का पुत्र मुकेश पोद्दार नालिसी वाद, महेशवाड़ा के दिनेश सिंह का पुत्र साजन कुमार थाना कांड संख्या 50/20 तथा महेशवाड़ा के ही सीताराम सिंह का पुत्र प्रभात कुमार सिंह उर्फ टीफन सिंह थाना कांड संख्या 27/9 का प्राथमिकी नामजद है। ये सब लंबी अवधि से न्यायालय से गैर हाज़िर थे। न्यायालय ने इनके विरूद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इस कार्रवाई में एस आई विश्व जीत कुमार  रंजीत कुमार, पूनम कुमारी साहा,  के साथ सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### पोर्टल पर बच्चों को मिलेगा प्रश्नपत्र

**भगवानपुर (नबिटासं)।** इस बार प्रारंभिक विद्यालय के सभी कक्षा का प्रश्नपत्र ई शिक्षा कोष पर परीक्षा से 45 मिनट पहले उपलब्ध कराया जाएगा। सरकारी स्कूलों में पहली से आठवीं की वार्षिक परीक्षा में यह बदलाव किया गया है।इस बार तीसरी से आठवीं तक के बच्चों के लिए प्रश्नपत्र सह उत्तरपुस्तिका नहीं छपवाई गई है। जवाब लिखने को केवल सादी कॉपियां मिलेगी। इससे पहले केवल पहली और दूसरी कक्षा के बच्चों के लिए ई शिक्षा कोष पर प्रश्नपत्र भेजा जाता था।वार्षिक परीक्षा 12 से 19 मार्च तक होगी। कॉपी का मूल्यांकन 19 से 24 मार्च के बीच पूरा कर लिया जायेगा। उत्तर पुस्तिकाओं की जांच, मूल्यांकन पंजी, प्रगति पत्रक में विद्यार्थियों के परिणाम को संधारित करने का कार्य तथा नामांकन पंजी में छात्र-छात्राओं का नाम 25 मार्च तक पूरा कर लिया जायेगा। 30 मार्च को पीटीएम में रिजल्ट साझा किया जाएगा।

### मानदेय भुगतान को लेकर जलसहिया का समाहरणालय में प्रदर्शन, 7 दिनों का अल्टीमेटम

**गिरिडीह (नबिटासं)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गिरिडीह जिले की सैकड़ों जलसहिया कर्मी अपने बकाया मानदेय के भुगतान की मांग को लेकर उपायुक्त कार्यालय एवं पीएचईडी कार्यालय पहुंचीं। जलसहियाओं ने आरोप लगाया कि एक वर्ष से उनका मानदेय बकाया है, बावजूद इसके विभागीय अधिकारियों द्वारा भुगतान नहीं किया जा रहा है जलसहिया संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि वे कई बार कार्यपालक अभियंता प्रमंडल-1 एवं 2 से मिलकर मानदेय भुगतान की मांग कर चुकी हैं। हर बार उन्हें आश्वासन दिया गया कि होली से पहले भुगतान कर दिया जाएगा, लेकिन होली बीत जाने के बाद भी मानदेय का भुगतान नहीं हुआ। इसके विरोध में जलसहियाओं ने हृथाली बजाओह्व कार्यक्रम के तहत कार्यपालक अभियंता कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया वहां अधिकारियों के समाहरणालय में होने की सूचना मिलने पर सभी जलसहिया उपायुक्त कार्यालय पहुंच गईं और समाहरणालय परिसर में धरने पर बैठ गईं। इस दौरान उपायुक्त के पहुंचने पर महिलाओं और प्रशासन के बीच कुछ देर तक तीखी नोकझोंक भी हुई। जलसहियाओं ने आरोप लगाया कि बिना पूरी जानकारी लिए उन्हें डांटने और धमकाने का प्रयास किया गया, जिसे उन्होंने अपमानजनक बताया प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने निर्णय लिया कि यदि 7 दिनों के भीतर उनका बकाया मानदेय और प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया गया, तो जिला स्तर पर व्यापक बैठक बुलाकर आगे की रणनीति तय की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि अगला कदम उपायुक्त कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना हो सकता है जलसहिया संघ के मुख्य संरक्षक अशोक कुमार सिंह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के दिन महिलाओं की मांगों को सम्मानपूर्वक सुना जाना चाहिए था। उन्होंने आरोप लगाया कि त्योहारों के समय भी मानदेय का भुगतान नहीं होने से जलसहियाओं को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने राज्य सरकार और नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री से मामले की जांच कर बकाया भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की। कार्यक्रम का नेतृत्व महिला संगठन की राज्य अध्यक्ष सितारा परवीन, सरिता देवी और दिव्या देवी संयुक्त रूप से कर रही थीं। इस आंदोलन में गिरिडीह जिले के सभी 13 प्रखंडों से सैकड़ों जलसहिया शामिल हुईं।

### कर्णपुरा (बेंगाबाद) के आटा उत्पादन केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम

**गिरिडीह (नबिटासं)।** बेंगाबाद प्रखंड के कर्णपुरा स्थित आटा उत्पादन केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी तथा विशिष्ट अतिथि उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी मौजूद रहीं। इनके अलावा जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अंजना भारती, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस प्रखंड प्रमुख, जिला प्रबंधक, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, स्थानीय मुखिया सहित बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी ने कहा कि आज की महिलाएं समाज के विकास की मजबूत आधारशिला बन चुकी हैं। स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ परिवार और समाज के उत्थान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने महिलाओं के साहस, परिश्रम और संकल्प की सराहना करते हुए उन्हें शिक्षा, स्वावलंबन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, व्यवसाय, खेल और सामाजिक सेवा सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्त होने से ही समाज और राष्ट्र का समग्र विकास संभव है। उन्होंने आटा उत्पादन केंद्र में कार्यरत महिलाओं की मेहनत और आत्मनिर्भरता की सराहना करते हुए कहा कि यह केंद्र स्थानीय महिलाओं को रोजगार और स्वावलंबन का अवसर प्रदान कर रहा है।जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अंजना भारती ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस नारी शक्ति, सम्मान और समानता का प्रतीक है। यह दिन महिलाओं के योगदान को याद करने और उन्हें सम्मान देने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को उनके अधिकार, स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण से संबंधित विषयों पर जागरूक किया गया। साथ ही सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली कुछ महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। सम्मानित महिलाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

# भाजपा ने जनादेश के साथ किया विश्वासघात : दिवाकर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय नगर।** सदर प्रखंड के नीमाचंदपुरा में रविवार को भाकपा माले का प्रखण्ड सम्मेलन रामानुज सिंह की अध्यक्षता में में हुई। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए जिला सचिव दिवाकर प्रसाद ने कहा देश में मोदी सरकार मजदूरों के मौलिक अधिकार पर हमला तेज कर दिया है। नई श्रम कानून को हथियार बनाकर मजदूरों को कम मजदूरी और 8 घंटे की जगह 12 घंटे काम करवा रही है।यह कार्पोरेट मालिक पक्षीय सत्ता गठजोड़ के जरिए बहुत बड़ा शोषण है।

इसके खिलाफ पानीपत और बरौनी रिफाइनरी में मजदूरों का अनिश्चितकालीन आंदोलन चल रहा है। जिसके साथ हम एकजुटता जाहिर करते हैं।4 श्रमकोड कानून को सरकार रद्द करे आंदोलन पर दमनात्मक कार्रवाई बंद हो। वाजिब मजदूरी और काम का घंटा 8 हो। और उन्होंने ने कहा आर एस एस, बजरंग दल, भाजपा से जुड़े कार्यकर्ता के द्वारा लागातार दलित आदिवासी और अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के साथ हिंसा, हत्या, बलात्कार की घटनाओं को खुलेआम अंजाम दिया जा रहा है। जिससे समाज में असहिष्णुता का माहौल बन रहा है जिससे संविधान -लोकतंत्र कमजोर पर रही है। लोगों से एकजुट होकर संघर्ष तेज करने की अपील की। सम्मेलन से 9 सदस्यीय प्रखंड कमिटी का गठन किया गया।

# सांसद शांभवी चौधरी ने छात्रा की पढ़ाई के लिए दी 50 हजार की राशि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर प्रखंड क्षेत्र के शंकरपुर पंचायत अंतर्गत काजीडुमरा गांव में एक सराहनीय पहल देखने को मिली। क्षेत्र की माननीय सांसद शांभवी चौधरी ने गांव निवासी श्री दिनेश पासवान की बेटी की आगे की पढ़ाई के लिए अपने सौजन्य से 50 हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान की जानकारी के अनुसार, आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण छात्रा की पढ़ाई आगे जारी रखने में परिवार को कठिनाई हो रही थी।

इस बात की जानकारी मिलने पर सांसद शांभवी चौधरी ने संवेदनशीलता दिखाते हुए परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई, ताकि छात्रा अपनी शिक्षा बिना किसी बाधा के जारी रख सके



इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) तरून चौधरी भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे बड़ा माध्यम है और जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में हर संभव सहयोग किया जाए कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि अशोक कुमार सिंह, रोसड़ा सांसद प्रतिनिधि अनीश राज, उपप्रमुख राजेश सिंह, सुंदरम सिंह वंशी, मुरारी चौधरी, अखिलेश गुप्ता, नवीन कुमार सिंह तथा मणिशंकर सिन्हा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे स्थानीय लोगों ने सांसद के इस सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की पहल से जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत मिलती है और बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहन मिलता है। वहीं दिनेश पासवान और उनके परिवार ने सांसद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग उनकी बेटी के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# खुद को सीएम नहीं पीएम समझती हैं ममता : गिरिराज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय नगर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के ऊपर पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा की गई टिप्पणी केंद्रीय मंत्री गीरीराज सिंह ने गहरी नाराजगी रविवार को जताई है।केंद्रीय मंत्री श्री  सिंह ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी को राष्ट्रपति जैसे संवैधानिक पद पर टिप्पणी करने के बजाय अपने कामों और नीतियों पर आत्ममंथन करना चाहिए।मीडिया से बातचीत के दौरान गिरिराज सिंह ने कहा कि ममता बनर्जी खुद को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री नहीं बल्कि प्रधानमंत्री समझती हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में वोट बैंक की राजनीति की जा रही है और अवैध तरीके से बांग्लादेशी घुसपैठियों को नागरिकता देने की कोशिश हो रही है।उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी को रोहिंग्या और बांग्लादेशी मुसलमानों की ज्यादा चिंता है। जबकि राज्य के आम लोगों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गिरिराज सिंह ने दावा किया कि इस बार पश्चिम बंगाल की जनता बदलाव के लिए तैयार है और ममता बनर्जी की सरकार का अंत तय है।केंद्रीय मंत्री ने ममता बनर्जी से कई सवाल भी पूछे। उन्होंने कहा कि क्या पश्चिम बंगाल सरकार ओडिशा की तर्ज पर महिलाओं को 3000 रुपये प्रति माह देगी या नहीं। इसके अलावा उन्होंने पूछा कि क्या राज्य में 26 हजार शिक्षकों की नियुक्ति पारदर्शी तरीके से दोबारा की जाएगी और क्या कर्मचारियों के लिए सातवें वेतन आयोग की सिफारिश लागू की जाएगी।उन्होंने कहा कि अगर राज्य सरकार यह सब नहीं करेगी तो भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर इन सभी योजनाओं को लागू किया जाएगा।वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि अब राहुल गांधी झूठ फैलाने का काम कर रहे हैं और उनकी ब्रेन मैपिंग होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पहले किसानों को भड़काने की कोशिश कर चुके हैं। लेकिन उसमें सफल नहीं हुए और अब देश को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं।भारतीय डेटा को अमेरिका को सौंपने के राहुल गांधी के आरोप को भी उन्होंने पूरी तरह झूठा और बेबुनियाद बताया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के पास अपने आरोपों के समर्थन में कोई सबूत नहीं है।

# इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन ने बढ़ाया महिलाओं का मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन की ओर से एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नव-निर्वाचित गिरिडीह मेयर प्रमिला मेहरा उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की शुरूआत पीडीसी पूनम सहाय ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व पर अपने विचार रखते हुए की। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने घर-परिवार की जिम्मेदारियों को निभाने के साथ-साथ समाज में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। आज की महिला स्वयं को सशक्त बनाते हुए समाज के लिए भी सराहनीय कार्य कर रही है इसके बाद कविता राजगड़िया ने मुख्य अतिथि



को फ्लावर पॉट और बुके देकर सम्मानित किया तथा महिला दिवस के अवसर पर अपने विचार भी व्यक्त किए। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही कई महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। इनमें नर्स के रूप में इशरत और ममता, शिक्षिका के रूप में पिंकी पोद्दार और तन्नू प्रिया, संगीत क्षेत्र में सुरभि दधीच और अंसु जी, महिला उद्यमी के रूप में सविता जी तथा सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में पूनम सहाय को उनके सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। सम्मानित महिलाओं ने अपने संघर्षों और उपलब्धियों के बारे में बताया तथा यह भी साझा किया कि किस प्रकार उन्होंने कठिनाइयों का सामना करते हुए सफलता प्राप्त की। उन्होंने कहा कि इस मंच पर सम्मानित होकर उन्हें बहुत गर्व और खुशी महसूस हो रही है यह कार्यक्रम पीडीसी पूनम सहाय और कविता राजगड़िया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

# महिला दिवस पर जीविका बुक कीपर रंजू को डीएम ने किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र नावकोठी की रंजू कुमारी, जो जीविका में बुक कीपर पद पर कार्यरत हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। उन्हें संकुल स्तरीय संघ की मजबूती तथा मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के सफल क्रियान्वयन में सराहनीय योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया।रंजू कुमारी ने जीविका समूहों को सशक्त बनाने, महिलाओं को संगठित करने और उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उनके प्रयासों से कई महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं तथा सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रही हैं।महिला सशक्तिकरण की दिशा में उनके समर्पण और सक्रिय योगदान को देखते हुए उन्हें यह सम्मान दिया गया। उनकी इस उपलब्धि पर जीविका दीदियों एवं क्षेत्र के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात बताया। उनके इन उपलब्धियों पर प्रखंड के बीपीएम मनोरंजन कुमार, संकुल समन्वयक रोहित कुमार विकास कुमार, कुंदन कुमार आदि ने बधाई दी है।

# अखंड रामधुन संकीर्तन हेतु कलश यात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी ।** प्रखंड के समसा पंचायत के भगवती स्थान बिरला टोला में 72 घंटे का अखंड रामधुनि संकीर्तन को लेकर शोभा कलश यात्रा रविवार को निकाली गयी। शोभा कलश यात्रा में शामिल 231 कुंवारी कन्याओं ने यज्ञ की सफलता के लिए सिर पर कलश धारण कर ग्राम प्रदक्षिणा की। पवित्र सरोवर बूढी गंडक से जलपूरित कलश की पूजा अर्चना के बाद  विभिन्न मार्ग होते हुए पूरे गांव का भ्रमण करते हुए पुनः अष्टयाम स्थल पहुंची।

इस अवसर पर पंडित घनश्याम पाठक ने कहा कि शोभा कलश यात्रा से अष्टयाम यज्ञ के सभी विघ्न बाधाएं दूर होती है। कलश में तीनों लोक के देवता का वास होता है। कलश यात्रियों के वांछित मनोकामना पूरी होती है। इस कलश यात्रा में शामिल सभी कुंवारी कन्याओं का यज्ञ स्थल पर स्वागत किया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अखंड राम धुनी अष्टयाम यज्ञ प्रारंभ हुई। सीताराम संकीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो गया। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए आसपास के एक दर्जन कीर्तन मंडली को आमंत्रित किया गया है। मौके पर व्रती मिन्टु कुमार, पंसस गौतम गोस्वामी, सरपंच बाबु साहेब कुंवर, सुनील पोद्दार, मुकेश कुमार, छोटू कुमार, रंजीत कुमार, अविनाश कुमार, राजेश कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण सक्रिय थे।

# महिला दिवस पर गायत्री शक्तिपीठ में जिला स्तरीय बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को गायत्री शक्तिपीठ, गिरिडीह में जिला स्तरीय बैठक सह महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज में महिलाओं की बढ़ती भूमिका, नारी सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की किया कार्यक्रम की संयोजिका एवं समाजसेवी श्रीमती पूनम बरनवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यदि महिलाएं संकल्प कर लें तो वे समाज में हर प्रकार का सकारात्मक परिवर्तन ला सकती हैं। उन्होंने महिलाओं से सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाने और समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की गायत्री शक्तिपीठ गिरिडीह के मुख्य प्रबंधक श्री कामेश्वर



गई। इस अवसर पर शांतिकुंज के वरिष्ठ कार्यकर्ता उमेश भाई एवं सरिता दीदी की विवाह वर्षगांठ भी सादगीपूर्ण माहौल में मनाई गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम की मेयर प्रमिला मेहरा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में वूमेन कॉलेज की पूर्व प्राचार्या पुष्पा सिन्हा, सुपरवाइजर किरण राज और भाजपा नेत्री ऊषा शर्मा उपस्थित रहीं। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही हैं। समाज और राष्ट्र के विकास में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने महिलाओं को शिक्षित, आत्मनिर्भर और जागरूक बनने का आह्वान सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि आज का समय महिलाओं के सशक्तिकरण का युग है। महिलाएं शिक्षा, समाज सेवा, राजनीति सहित विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़कर समाज के विकास में अहम योगदान दे रही हैं कार्यक्रम को सफल बनाने में सुमन कुमारी, वीणा देवी, शशि बरनवाल, अंकिता सहित कई लोगों का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर महिलाओं को समाज में फैली कुरीतियों, भेदभाव और अन्य सामाजिक समस्याओं के प्रति जागरूक रहने तथा परिवार और समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाएं एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसओएस में महिला दिवस पर कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय नगर।** शहर के सिंघौल स्थित एसओएस चिल्ड्रन विलेज इंडिया द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गिव टू गेन विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ो महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।साथ ही एक समान और समतामूलक समाज के निर्माण का संकल्प लिया।कार्यक्रम के दौरान पीरामल फाउंडेशन की ओर से आरती शर्मा, नेहा सिंह और नव्या एम ने संतुलित और प्रभावशाली ढंग से कार्यक्रम का संचालन किया।



इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आज महिलाएं सशक्त होकर देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और भारत को विकसित बनाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही हैं।उन्होंने कहा कि समाज में वास्तविक समानता और विकास के लिए सामंजस्य और सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। यह किसी एक व्यक्ति का कार्य नहीं है। बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक इस सोच को पहुंचाने और सभी को साथ लेकर चलने की आवश्यकता है। कार्यक्रम एसओएस चिल्ड्रन विलेज इंडिया के प्रांगण में आयोजित किया गया।जिसमें संस्था के सभी सहकर्मियों ने अपनी सक्रिय भागीदारी देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं ने समाज में समानता, सम्मान और सहयोग की भावना को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

# डे-नाइट टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा कायम

## भारतीय महिला टीम को हराया

## एलिसा हीली की शानदार विदाई





**पर्थ, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने महिलाओं के एकमात्र दिन-रात्रि क्रिकेट टेस्ट में अपना दबदबा बरकरार रखते हुए रविवार को तीसरे दिन भारत के खिलाफ 10 विकेट की आसान जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दूसरी पारी में 149 रन पर समेटने के बाद 25 रन के मामूली लक्ष्य को बिना किसी परेशानी के हासिल कर लिया। यह कप्तान एलिसा हीली के लिए शानदार विदाई रही जिन्होंने अपने करियर का अंत एक ऐसे विरोधी पर शानदार जीत के साथ किया जिसके खिलाफ उन्होंने हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया।

### 149 रन पर सिमटी भारत की दूसरी पारी

भारतीय टीम अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 105 रन से आगे खेलते हुए 48.2 ओवर में 149 रन पर सिमट गई जिसमें प्रतिका रावल ने 137 गेंद में 63 रन की पारी खेली। एशले गार्डनर (आठ रन पर दो विकेट) ने स्नेहा राणा (30) और प्रतिका को आउट किया। गार्डनर ने स्नेह को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा। प्रतिका भी इसके बाद ऑफ स्पिनर गार्डनर की गेंद को पुल करने की कोशिश में हवा में लहरा गईं और मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी एनाबेल सदरलैंड ने उनका शानदार कैच लपका जिससे भारतीय पारी का अंत हुआ।

### लूसी ने किया कमाल

ऑस्ट्रेलिया की सबसे सफल गेंदबाज लूसी हैमिल्टन रहीं जिन्होंने 32 रन पर तीन विकेट चटकाए, जबकि सदरलैंड ने 15 और एलेना किंग ने 23 रन पर दो-दो विकेट हासिल किए। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए सिर्फ 25 रन की दरकार थी और सलामी बल्लेबाजों जॉर्जिया वोल (नाबाद 16) और फोबे लिचफील्ड (नाबाद 11) ने 4.3 ओवर में ही बिना विकेट खोए 28 रन बनाकर मेजबान टीम को जीत दिला दी।इससे पूर्व भारत ने पहली पारी में 198 रन बनाए थे जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने सदरलैंड के 129 रन की मदद से 323 रन बनाकर मेजबान टीम को पहली पारी में अहम बढ़त दिलाई थी। मैच के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा, हमने टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज जीतकर अच्छी शुरुआत की लेकिन वनडे और टेस्ट मैच में अच्छा काम जारी नहीं रख सके लेकिन ऑस्ट्रेलिया में पूर्ण सीरीज खेलना एक अच्छा अनुभव था। गुलाबी गेंद का टेस्ट एक अलग चुनौती थी।

# न्यूजीलैंड विमेंस पेसर ली ताहूहू का वनडे क्रिकेट से संन्यास

## व्हाइटफर्न्स की टॉप विकेट टेकर रहीं; कहा- टी-20 वर्ल्ड कप अगला टारगेट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड विमेंस क्रिकेट टीम की अनुभवी तेज गेंदबाज ली ताहूहू ने वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया। 35 साल की ताहूहू ने अपने 15 साल लंबे वनडे करियर पर ब्रेक लगाया। वे टी-20 क्रिकेट खेलना जारी रखेंगी, उन्होंने कहा कि उनका टारगेट इस साल जून में होने वाला वर्ल्ड कप है। न्यूजीलैंड की सबसे सफल वनडे गेंदबाज ताहूहू ने 2011 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू किया था। तब से वे कीवी टीम के बॉलिंग डिपार्टमेंट को लीड कर रही हैं। उन्होंने पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपना आखिरी वनडे खेला। इस मुकाबले में उन्होंने 9 रन देकर 1 विकेट लिया।

### ताहूहू के नाम 3 बड़े रिकॉर्ड्स

- **सबसे ज्यादा विकेट:** वे न्यूजीलैंड की ओर से वनडे में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं। उन्होंने 103 मैचों में 125 विकेट झटके।
- **100 मैचों का क्लब:** वे न्यूजीलैंड की उन चुनिंदा 12 महिला खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्होंने 100 से ज्यादा वनडे मैच खेले।
- **वर्ल्ड कप का अनुभव:** ताहूहू ने अपने करियर में 4 वनडे वर्ल्ड कप (2013, 2017, 2022 और 2025) खेले।

### सपना सच होने जैसा रहा सफर

ताहूहू संन्यास की घोषणा करते हुए ताहूहू भावुक नजर आईं। उन्होंने कहा, 'व्हाइटफर्न्स के लिए वनडे खेलना हमेशा गर्व की बात रही। जब मैंने शुरुआत की थी, तो एक मैच खेलना भी बड़ी बात थी, लेकिन अपने देश के लिए 100 से ज्यादा मैच खेलना मेरे लिए सपने जैसा है। मैं इस सफर की हर याद को संजोकर रखूंगी। '

## ब्रेट ने पांच गेंदों में पांच विकेट लिए: न्यूजीलैंड के डोमेस्टिक टूर्नामेंट में किया कारनामा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के घरेलू टूर्नामेंट प्लंकेट शील्ड में 8 मार्च को सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के ब्रेट रैंडेल नाम के तेज गेंदबाज ने इतिहस रच दिया। सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स और नॉर्दर्न ड्रिस्ट्रिक्ट्स के बीच नेपियर के मैकलीन पार्क में खेले जा रहे मुकाबले में रैंडेल ने पहली पारी में लगातार 5 गेंदों पर 5 विकेट झटक लिए। फर्स्ट क्लास क्रिकेट के इतिहास में पहली बार किसी गेंदबाज ने लगातार पांच गेंदों पर पांच विकेट झटके हैं। इससे पहले आयरलैंड के ऑलराउंडर कर्टिस कैम्फर ने 2021 में एक घरेलू टी-20 मैच में लगातार पांच गेंदों पर पांच विकेट झटके थे। रैंडेल की गेंदबाजी से नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स की टॉप ऑर्डर ढह गई। टीम 9 रन पर 5 विकेट गंवा बैठी, वह भी सिर्फ रैंडेल की पांच गेंदों में। रैंडेल ने अपनी दूसरी ओवर की आखिरी गेंद पर



ओपनर हेनरी कूपर को बोल्ड किया। अगली ओवर की पहली गेंद पर जीत रावल को आउट किया। इसके बाद जो कार्टर को कैच आउट कराकर हैट्रिक पूरी की। चौथा विकेट रॉबर्ट ओ'डॉनेल का रहा, जो स्लिप में कैच हुए। पांचवां विकेट क्रिस्टियन क्लार्क का रहा, जिनका अंदरूनी किनारा लगकर गेंद स्टंप्स से टकरा गई। उस समय रैंडेल के आंकड़े 2.4 ओवर में 2 रन देकर 5 विकेट थे। बाद में रैंडेल ने आठ गेंदों में छह विकेट लेकर एक और रिकॉर्ड बनाया। रैंडेल ने 3.5 ओवर में सात विकेट पूरे किए और 11 ओवर में 25 रन देकर करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (7/25) किया।

## भारतीय ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश ने प्राग अंतर्राष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट में स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो को हराया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश ने कल चेक गणराज्य में आयोजित प्राग अंतर्राष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट के मास्टर्स वर्ग के नौवें और अंतिम दौर में स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो को हराया। भारत के अरविंद चिदंबरम ने अंतिम दौर में चेक गणराज्?य के डेविड नवारा को हराकर 5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल किया। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव 6 अंकों के साथ पहले स्थान पर रहे। चैलेंजर्स वर्ग में, भारत की दिव्या देशमुख ने चेक गणराज्य की हर्बेक स्टेपन को हराकर 5 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। ग्रैंडमास्टर सूर्य शेखर गांगुली 4 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

## अमीलिया ने 44 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा: वनडे में 7 विकेट लिए




**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड विमेंस की कप्तान अमीलिया कर ने रविवार को डुनेडिन के यूनिवर्सिटी ओवल मैदान में इतिहास रच दिया। जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे वनडे में कर ने महज 34 रन देकर 7 विकेट झटके। यह न्यूजीलैंड विमेंस के लिए वनडे क्रिकेट में अब तक की बेस्ट बॉलिंग परफॉर्मेंस है।जैकी लॉर्ड का 1982 में बना रिकॉर्ड तोड़ा अमीलिया कर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 7 विकेट लेकर जैकी लॉर्ड का 44 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। जैकी ने 1982 के विमेंस वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ महज 10 रन देकर 6 विकेट लिए थे। तब से कोई भी कीवी गेंदबाज एक पारी में 7 विकेट नहीं ले पाई थीं।जिम्बाब्वे की पारी 102 रन पर सिमटी न्यूजीलैंड की घातक गेंदबाजी के सामने जिम्बाब्वे की टीम ताश के पत्तों की तरह ढह गई। पूरी टीम 102 रन ही बना पाई। ओपनर केलिस एनध्लोवु ने 12 और विकेटकीपर मोडेस्टर मुपाचिक्वा ने 32 रन बनाकर टीम को 50 के पार पहुंचाया। वहीं औड्रे माज्विशाया ने 13 और तेंदाई माकुशा ने 12 रन बनाकर जिम्बाब्वे को किसी तरह 100 रन के पार कराया। न्यूजीलैंड के लिए मौली पेनफोल्ड ने जिम्बाब्वे के टॉप ऑर्डर को तोड़ते हुए शुरुआती 3 विकेट लिए। इसके बाद कर ने मोर्चा संभाला और एक के बाद एक 7 विकेट लेकर जिम्बाब्वे की कमर तोड़ दी। ब्री इलिंग, रोजमेरी मेयर और नेन्सी पटेल कोई विकेट नहीं ले पाईं। दुनिया की 7वीं गेंदबाज बनीं अमीलिया अमीलिया कर दुनिया की 7वीं ही गेंदबाज बनीं, जिन्होंने एक विमेंस वनडे में 7 विकेट लिए।




## तजिंदरपाल सिंह ने बढ़ाया मान, 20 मीटर से अधिक के थ्रो के साथ गोला फेंक में जीता स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तजिंदरपाल सिंह तूर ने शनिवार को इंडियन ओपन थ्रो प्रतियोगिता के पहले दिन गोला फेंक (शॉट पुट) स्पर्धा में 20 मीटर से अधिक का थ्रो करके स्वर्ण पदक जीता।एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तजिंदरपाल सिंह तूर ने शनिवार को इंडियन ओपन थ्रो प्रतियोगिता के पहले दिन गोला फेंक (शॉट पुट) स्पर्धा में 20 मीटर से अधिक का थ्रो करके स्वर्ण पदक जीता। पंजाब के 31 वर्षीय एथलीट ने सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 20.51 मीटर की दूरी के थ्रो से स्वर्ण पदक जीता।पटियाला स्थित राष्ट्रीय खेल संस्थान परिसर में दो दिवसीय प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद तूर ने कहा, मैं अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हूं। तूर ने दो अन्य प्रयासों (20.02 मीटर और 20.07 मीटर) में भी 20 मीटर का आंकड़ा पार किया जिससे संकेत मिलता है कि उनका प्रशिक्षण सत्र अच्छा चल रहा था। उनके अन्य तीन प्रयास विफल रहे। तूर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 21.17 मीटर जून 2023 में बना था। इस सत्र में उनका मुख्य लक्ष्य जापान के आइची-नागोया एशियाई खेलों में अपने खिताब को बरकरार रखने के लिए साल के अंत तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। पटियाला में शनिवार को आयोजित हैमर थ्रो प्रतियोगिता में रिलायंस का प्रतिनिधित्व करने वाले स्वर्ण पदक विजेता दमनीत सिंह पर भी सबकी निगाहें टिकी थीं।

## ऑल इंग्लैंड ओपन 2026: विक्टर लाई को हराकर लक्ष्य सेन ने कटाया फाइनल का टिकट




**बर्मिंघम, एजेंसी।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने ऑल इंग्लैंड ओपन चैंपियनशिप 2026 के फाइनल में अपनी जगह बना ली है। लक्ष्य दो बार इस टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने पुरुष सिंगल्स के सेमीफाइनल मुकाबले में कनाडा के विक्टर लाई को हराते हुए फाइनल का टिकट हासिल किया। 24 साल के लक्ष्य ने दाहिने पैर के अंगूठे में छालों के बावजूद एक घंटे 37 मिनट तक चले मुकाबले में विक्टर लाई को 21-16, 18-21, 21-15 से मात दी। सेन के मेंटोर प्रकाश पादुकोण 1980 और 1981 में ऑल इंग्लैंड फाइनल में पहुंचे थे, और उन्होंने पहली बार में ही खिताबी मुकाबले में जीत दर्ज की थी। शनिवार को सेन और लाई के बीच हुए सेमीफाइनल मैच में दोनों खिलाड़ियों के स्टैमिना का टेस्ट हुआ, क्योंकि उन्होंने कई रैलियां कीं जो 50 स्ट्रोक से ज्यादा चलीं। सेन की अतिरिक्त गेयर ढूंढने की काबिलियत ने ही भारतीय खिलाड़ी को पहला गेम जीतने में मदद की। लक्ष्य ने पहले गेम को 17-16 से अपने नाम किया। हालांकि, बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडल जीतने वाले पहले कैनेडियन खिलाड़ी लाई ने दूसरे गेम में वापसी की और मिड-गेम के ब्रेक तक 11-7 की बढ़त बना ली।

# मिडिल-ईस्ट तनाव के कारण आईसीसी की दोहा मीटिंग टली

## अब अप्रैल में हो सकती है, नई तारीख अभी तय नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने 25 से 27 मार्च के बीच दोहा (कतर) में होने वाली अपनी बोर्ड और कमेटी मीटिंग को फिलहाल टाल दिया है। अब यह बैठक अप्रैल में होने की संभावना है, हालांकि नई तारीख अभी तय नहीं की गई है। आईसीसी नए तारीख पर विचार कर रहा यह बैठक आईसीसी के गवर्नेंस कैलेंडर का हिस्सा थी, जिसमें बोर्ड डायरेक्टर्स, बोर्ड्स के चीफ एग्जीक्यूटिव, कमेटी सदस्य और सीनियर अधिकारी शामिल होने वाले थे। बैठक में ग्लोबल क्रिकेट से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा होनी थी।

इससे पहले आईसीसी ने 22 फरवरी को घोषणा की थी कि बैठक दोहा में आयोजित होगी, क्योंकि कतर में क्रिकेट के विकास और वहां के खेल इकोसिस्टम के साथ ढ्रुष्ट की साझेदारी तेजी से बढ़ रही है। फिलहाल, आईसीसी नए वेन्यू और तारीख पर विचार कर रहा है। माना जा रहा है कि हालात सामान्य होने पर अप्रैल में यह बैठक कराई जा सकती है।

आईसीसी चेयरमैन जय शाह आज अहमदाबाद में रहेंगे आज टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल अहमदाबाद में खेला जाएगा। इस मौके पर आईसीसी के चेयरमैन जय शाह समेत काउंसिल के कई अधिकारी शहर में मौजूद रह सकते हैं। अहमदाबाद जय शाह का होमटाउन भी है। फाइनल में भारत और न्यूजीलैंड आमने-सामने होंगी। इस वजह से न्यूजीलैंड के चेयरमैन रोजर ट्वोस के भी आज रात नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मौजूद रहने की संभावना है। जंग का आज नौवां दिन अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज नौवां दिन है। इस जंग में अब तक 1483 मौत हुई है। अब तक इजराइल के 1765 लोग घायल हुए हैं। ईरान में अब तक 6,668 सिविल इलाकों को निशाना बनाया गया है। इन हमलों में 5,535 घरों और 1041 दुकानें को नुकसान पहुंचा।



औरंगाबाद विधायक ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मोनिका श्रीवास्तव को किया सम्मानित

# यूपीएससी में शानदार सफलता प्राप्त कर मोनिका ने बढ़ाया जिले का मान : त्रिविक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जब बेटियां अपने सपनों को पंख देती हैं और कठिन परिश्रम के बल पर ऊंचाइयों को छूती हैं तो पूरा समाज गर्व से उनका सम्मान करता है। औरंगाबाद की प्रतिभाशाली बेटी मोनिका श्रीवास्तव ने संघ लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित परीक्षा में 16 वां रैंक लाकर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से जिले में खुशी और गर्व का माहौल है तथा लोग उन्हें लगातार बधाई दे रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह स्वयं मोनिका श्रीवास्तव के आवास पर पहुंचे और उन्हें सम्मानित करते



हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोनिका श्रीवास्तव की सफलता यह सिद्ध करती है कि यदि बेटियों को उचित अवसर, मार्गदर्शन और परिवार का सहयोग मिले तो वे किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। विधायक ने कहा कि मोनिका ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ निश्चय के बल पर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उनकी सफलता से औरंगाबाद जिले के युवाओं विशेषकर बेटियों को एक नई दिशा और प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि मोनिका की यह उपलब्धि पूरे समाज के लिए गर्व की बात है और यह साबित करती है कि छोटे शहरों और गांवों से भी प्रतिभाएं निकलकर देश के सर्वोच्च पदों तक पहुंच सकती हैं। परिवार के सदस्यों ने बताया कि मोनिका बचपन से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और मेहनती रही हैं। उन्होंने अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर परिश्रम किया। लोगों ने कहा कि मोनिका श्रीवास्तव की यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक है। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता।

## दवा खरीदने बाजार निकला अधेड़ लापता

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के बराही बाजार करने निकला एक 48 वर्षीय व्यक्ति के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। मामले से संबंधित परिजनों में थाना में गुमशुदगी से संबंधित सगुनी सिंह के पुत्र अंकुर कुमार ने थाना में एक आवेदन भी दिया है। आवेदन में उल्लेख किया है कि उसके पिता सगुनी सिंह छह मार्च यानी, शुक्रवार की शाम दवा की खरीदारी करने बराही बाजार गए थे। इसके बाद वापस घर नही लौटें। देर शाम होने पर परिजनों को चिंता हुई। इसके बाद खोजबीन करने लगे। काफी खोजबीन के बाद भी उनका पता नही चल सका। सगुनी सिंह के लापता होने के बाद से परिजन काफी चिंतित हैं और आसपास के क्षेत्रों में लगातार उनकी तलाश कर रहे है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि गुमशुदगी मामले से संबंधित आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन के आधार पर खोजबीन की जा रही है।

# दो दिवसीय मां जौहरिया शक्ति महोत्सव 15 से

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर प्रखंड के तेलडीहा गांव में मां जौहरिया शक्ति महोत्सव का भव्य आयोजन 15 एवं 16 मार्च को किया जाएगा। इसको लेकर आयोजन समिति द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, सचिव विपिन कुमार सिंह तथा कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि महोत्सव को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा जा रहा है और कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि 15 मार्च की सुबह मां जौहरिया की विशेष पूजा-अर्चना योग्य आचार्यों के सान्निध्य में वेद मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक की जाएगी। इसके बाद मंच का विधिवत उद्घाटन क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा। संध्या समय स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत



किए जाएंगे जिससे वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण हो जाएगा। इसके साथ ही भक्ति जागरण एवं आकर्षक झांकी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न गांवों की झांकियां भाग लेंगी। 16 मार्च को महोत्सव के दूसरे दिन स्थानीय कलाकारों द्वारा भक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इस अवसर पर विभिन्न महोत्सवों के आयोजकों को सम्मानित भी किया जाएगा। साथ ही झांकी एवं भक्ति जागरण का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि मां जौहरिया शक्ति महोत्सव मनाने का मुख्य उद्देश्य माता की महिमा और गरिमा का व्यापक प्रचार-प्रसार करना है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस पवित्र स्थल से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि यहां माता के दरबार से आज तक कोई भी श्रद्धालु निराश होकर नहीं लौटा है। महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था भी की ध्यान रखा जाएगा।

# पॉक्सो सहित अन्य मामलों में 22 लोगों को भेजा जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए पुलिस ने अपराध के विरुद्ध व्यापक और आक्रामक अभियान चलाया है। बीते 24 घंटों की कार्रवाई में 24 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी आरोपी हत्या प्रयास, शराब जैसे अन्य अपराधों से जुड़े हैं। इस विशेष अभियान का उद्देश्य अपराधियों के पूरे नेटवर्क को तोड़ना, नशा तस्करी पर रोक लगाना और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 22 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। पॉक्सो एक्ट में एक, हत्या के प्रयास में 7, शराब में 3 एवं अन्य शीर्ष कांडों में 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 100 लीटर देसी शराब, एक पिकअप, एक बाइक बरामद एवं साईबर थाना की पुलिस द्वारा 30 हजार रूपये रिकवरी किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1092 वाहनों की जांच की गई जिसमें 44000 रूपये जुर्माना वसूला गया है। इसके अलावा 7 वारंटों का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार, अपराधियों के लिए स्पष्ट संदेश है कि कानून से ऊपर कोई नहीं। जन-सुरक्षा, पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई के संकल्प के साथ पुलिस पूरी प्रतिबद्धता से जिले को सुरक्षित बनाए रखने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

दहेज रहित सामूहिक विवाह में 24 जोड़ों ने थामा एक दूसरे का हाथ

# उल्लास के साथ अपने जीवन साथी का साथ निभाएं : सुशील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** बाबा बासुकीनाथ सेवा समिति के तत्वाधान में रविवार को ठाकुरबारी महाराजगंज में नौवें सामूहिक विवाह समारोह (दहेज रहित) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, वरीय भाजपा नेता सुनील सिंह, समिति के अध्यक्ष वरुण कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष विजेन्द्र चंद्रवंशी ने किया। इस मौके पर चौबीस जोड़े वर-वधू ने एक दूजे का हाथ थामकर दाम्पत्य जीवन की शुरुआत की। इस अवसर पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम के नवदंपती को पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने बधाई



देते हुए कहा कि विवाह सिर्फ दो जोड़ों का मिलन ही नहीं है बल्कि भारतीय संस्कारों का एक जीता जागता उदाहरण भी है। अपने इस संस्कार को सदैव जीवित रखते हुए, जीवन में हर्ष और उल्लास के साथ अपने जीवन साथी का साथ निभाएं। उन्होंने कहा कि जिनके अभिभावक इस बात के लिए चिंतित होते थे कि शादी में खर्च होने वाली इतनी बड़ी रकम कहां से लाएंगे, उनके लिए बाबा बासुकीनाथ सेवा समिति ने पूरे कार्यक्रम को जितने भव्य तरीके से संपन्न किया है वह अभिनंदनीय है। समिति के अध्यक्ष वरुण कुमार उर्फ जबर सिंह ने बताया कि समाज में दहेज प्रथा, बाल विवाह जैसी कुरीतियों को समाप्त करने के उद्देश्य से इस विवाह समारोह का आगाज किया गया है। अब गरीब माता-पिता को बच्चियां बोझ नहीं लगती है। उनके भाई ने कन्यादान की जिम्मेदारी ले रखी है। उन्होंने कहा कि आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। उन्होंने आयोजन में सहयोग करने वाले लोगों के प्रति आभार जताया। समारोह के दौरान समाजसेवी, गणमान्य और स्थानीय लोगों का जमावड़ा लगा रहा। लोगों ने जबर सिंह के इस कृतित्व की सराहना की।

# 14 मार्च को अंबेडकर जयंती मनाएगा एससी-एसटी संघ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रविवार को औरंगाबाद प्रखंड सभागार में अनुसूचित जाति-जनजाति कर्मचारी संघ की एक बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता कोषागार पदाधिकारी सह जिला अध्यक्ष महंत स्वरूप ने की। बैठक का शुभारंभ बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के तेल चित्र पर वरीय उप समाहर्ता जयप्रकाश नारायण द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष महंत स्वरूप ने सभी प्रखंड अध्यक्षों और सचिवों के साथ 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि अंबेडकर जयंती को पूरे जिले में सम्मान और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन पर भी चर्चा की गई। बैठक में मौजूद पदाधिकारियों और सदस्यों ने भी अपने-अपने विचार रखे तथा जयंती समारोह को सफल बनाने के लिए आपसी समन्वय और सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया। इसके साथ ही संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से सदस्यता अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया। इस दौरान तय किया गया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर सदस्यता शुल्क का संग्रह कर जिला इकाई के कोष को सुदृढ़ किया जाएगा। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष अभिजीत राम, जिला सचिव अर्जुन प्रसाद, रामप्रकाश, नंदलाल राम, राजेंद्र कुमार, राकेश, सुरेंद्र राम, प्रमोद कुमार, रवि, बिंदेश्वरी मांझी सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# जांच अभियान से आम जनता में कायम होगा सुरक्षा का भाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले भर में शनिवार की देर रात सघन गश्ती अभियान चलाया गया। पुलिस निरीक्षक अम्बरीश राहुल के निर्देश पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर रात्रि गश्ती, ओ.डी. एवं डायल-112 पर तैनात पुलिस बल की औचक जांच की गई। अभियान के दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने गश्ती दलों की सक्रियता, उपस्थिति एवं सतर्कता का जायजा लिया। साथ ही संबंधित थाना क्षेत्रों में विधि-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। रात्रि के समय असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कई संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष निगरानी रखी गई। इसके अतिरिक्त पुलिस बल द्वारा पैदल गश्ती भी की गई, जिससे आम नागरिकों में सुरक्षा का भाव मजबूत हो सके। बाजार क्षेत्र, मुख्य सड़कों और चौक-चौराहों पर 'रोको-टोको अभियान' चलाते हुए संदिग्ध वाहनों की सघन जांच की गई। वाहन चालकों से कागजात की जांच की गई तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों को सख्त चेतावनी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि रात्रि गश्ती अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा और किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक के अनुसार जिले में अपराध पर नियंत्रण और कानून व्यवस्था की मजबूती के लिए रात्री गश्ती की निरंतर समीक्षा की जा रही है। आम जनता में सुरक्षा का विश्वास कायम रखना और अपराधियों में भय उत्पन्न करना पुलिस का मुख्य उद्देश्य है। आम लोगों से भी अपील की गई कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत डायल-112 पर दें। इस जांच अभियान से पुलिस बल में अनुशासन व जवाबदेही की भावना और मजबूत होगी।

## प्रेमी युगल ने मंदिर में रचायी शादी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** रविवार दोपहर करीब 3 बजे गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंदिर में एक प्रेमी युगल ने शादी कर ली। यह शादी दोनों परिवारों की रजामंदी से संपन्न हुई। प्रेमी युगल की पहचान दाउदपुर गांव निवासी हरिहर साव के पुत्र जीतन कुमार और उसी गांव के तालकेश्वर साहु की पुत्री ज्योति कुमारी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार दोनों के बीच पिछले तीन वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। शुरुआत में शादी को लेकर कई अड़चनें आईं। हालांकि, सामाजिक दबाव के बाद दोनों परिवारों के बीच बातचीत हुई। इसके बाद दोनों परिवार अपने मतभेदों को भुलाकर शादी के लिए सहमत हुए।परिजनों की सहमति मिलने के बाद मंदिर में पूरे रीति-रिवाज के साथ प्रेमी युगल की शादी संपन्न हुई। इस अवसर पर दोनों पक्षों के परिजनों के साथ-साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद थे।

# पैक्स चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में पैक्स चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। कुल 12 पैक्सों में अध्यक्ष और सदस्य पद के लिए 18 मार्च को वोटिंग होगी, जबकि 2 पैक्स निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। नामांकन खत्म होने के बाद अब 10 और 11 मार्च को स्क्रूटनी की जाएगी। 11 मार्च को ही नाम वापसी का अंतिम दिन है। इसके बाद चुनाव चिन्ह आवंटित किया जाएगा। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 18 मार्च को सुबह 7 बजे से शाम 4:30 बजे वोट डाले जाएंगे। वोटिंग खत्म होने के तुरंत बाद संबंधित पैक्सों में ही मतगणना की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। देर रात रिजल्ट घोषित किए जाने की संभावना है। प्रशासन की ओर से चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है। नामांकन प्रक्रिया के दौरान दो पैक्सों में अध्यक्ष पद के लिए केवल एक-एक उम्मीदवार के नामांकन दाखिल करने के कारण उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया है। नवीनगर प्रखंड के तोल पैक्स से उमाकांत सिंह उर्फ टिंकू और मदनपुर प्रखंड के मदनपुर पैक्स से अनुज कुमार सिंह ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया था। इनके अलावा किसी अन्य प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया, जिसके कारण दोनों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। इसके अलावा दोनों पक्ष में प्रबंध करने सदस्य भी निर्विरोध निर्वाचित किया जा चुके हैं। इन दोनों पैक्सों में निर्विरोध चुनाव होने के बाद अब जिले के 12 पैक्सों में अध्यक्ष और सदस्य पद के लिए मतदान कराया जाएगा। इधर, प्रशासन की ओर से चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ निर्वाचन कर्मियों की तैनाती भी सुनिश्चित की जा रही है ताकि चुनाव प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

# विश्व कप के फाइनल में किशन ने 'शान' से की बल्लेबाजी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबला खेला गया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में यह मैच खेला गया। इस मैच में दाउदनगर के लाल ईशान किशन ने शानदार अर्धशतक जड़ा। पूरे वर्ल्डकप के दौरान ईशान का प्रदर्शन जोरदार रहा। ईशान किशन ने 23 गेंदों में अपना अर्धशतक जड़ दिया। ईशान ने 25 गेदों में 54 रन की पारी खेली, जिसमें 4 चौके और 4



छक्के शामिल हैं। बता दें कि न्यूजीलैंड ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। भारतीय टीम ने अपनी प्लेइंग 11 में कोई बदलाव नहीं किया है।

नवीनगर सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट में मनाया गया 55वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

# सुरक्षा केवल जिम्मेदारी नहीं बल्कि संस्कार : एल. के. बेहेरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** एनटीपीसी नवीनगर परियोजना में 55वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत परियोजना प्रमुख एल. के. बेहेरा द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा ध्वज फहराकर की गई। इस अवसर पर परियोजना के अधिकारी, कर्मचारी और श्रमिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सुरक्षा के महत्व को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की थीम 'सुरक्षा बढ़ाने के लिए लोगों को शामिल करना, शिक्षित करना और सशक्त बनाना' रखी गई। इस अवसर पर परियोजना के सुरक्षा विभाग की ओर से कई विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों, श्रमिकों और परियोजना से जुड़े सभी लोगों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सुरक्षित कार्य संस्कृति को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परियोजना प्रमुख एल. के. बेहेरा ने कर्मचारियों



और श्रमिकों से कार्यस्थल पर सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करने और व्यक्तिगत स्तर पर आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि सुरक्षा केवल एक जिम्मेदारी नहीं बल्कि एक संस्कार है, जिसे प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक कार्य व्यवहार का हिस्सा बनाना चाहिए। इस अवसर पर महाप्रबंधक (संचालन एवं अनुरक्षण) अनिल कुमार टी. सी., महाप्रबंधक (परियोजना) राकेश शर्मा सहित अन्य विभागाध्यक्षों और वरिष्ठ अधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कर्मचारियों को सुरक्षा के प्रति सजग रहने और निर्धारित मानकों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही कर्मचारियों और श्रमिकों को सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक रहने और सुरक्षित कार्य वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का उद्देश्य श्रमिकों और कर्मचारियों के बीच सुरक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है ताकि वे सुरक्षित, जिम्मेदार और बेहतर कार्य संस्कृति को अपनाते हुए अपने कार्यों का निर्वहन कर सकें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

# बालू लदा दो ट्रैक्टर और चार ट्रेलर जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के फलस्वरूप खनन विभाग और दाउदनगर पुलिस के संयुक्त कार्रवाई में बालू लदा दो ट्रैक्टर एवं चार ट्रेलर को जब्त किया गया है। पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर दबिश देकर कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार पुलिस की गाड़ी देखते ही चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। इसके बाद पुलिस ने ट्रैक्टर और ट्रेलर को कब्जे में लेकर थाना परिसर में खड़ा कर दिया। बताया जाता है कि खनन विभाग को लगातार सूचना मिल रही थी कि इलाके के कई बालू घाटों पर धड़ल्ले से अवैध उत्खनन किया जा रहा है। इसी सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान चलाया गया। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर और चार ट्रेलर जब्त किए गए हैं। मामले की जानकारी खनन विभाग को दे दी गई है और प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में अवैध खनन और बिना चालान के खनिजों का परिवहन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आने वाले दिनों में इस तरह की छापेमारी और तेज की जाएगी।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मोनिका श्रीवास्तव सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर चहकता आंगन फाउंडेशन द्वारा यूपीएससी परीक्षा में ऑल इंडिया 16वां रैंक प्राप्त कर जिले, राज्य और देश का नाम रोशन करने वाली मोनिका श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर अमित कुमार, चेयरपर्सन सोनू कुमार योगी तथा कुंदन कुमार 'टनटन' ने मोनिका श्रीवास्तव को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा कि उनकी यह उपलब्धि जिले के युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कार्यक्रम के



दौरान संस्था के सदस्यों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर अन्य महिलाओं के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान भी चलाया गया। इस अभियान के तहत महिलाओं को सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया तथा उन्हें व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वास्थ्य और महिलाओं के अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि महिलाओं को सशक्त और जागरूक बनाना समाज के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। चहकता आंगन फाउंडेशन आगे भी इसी प्रकार सामाजिक जागरूकता और महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य करता रहेगा।

सीबीसी (भारत सरकार), बिहार एवं झारखंड सरकार से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद और बोकारो से प्रकाशित
नवबिहार टाइम्स

आवश्यकता

नवबिहार टाइम्स (दैनिक) को निम्नांकित पद व स्थान के लिए संवाददाता/ब्यूरो प्रमुख की आवश्यकता है।

➔ गया और जहानाबाद में ब्यूरो प्रमुख की आवश्यकता है।
➔ दाउदनगर और नवीनगर में संवाददाता की आवश्यकता है।

समाचार लिखने में रुचि और हिन्दी की समझ रखने वाले युवा इस पद के लिए शीघ्र आवेदन करें।

संपर्क : मोबाइल/ह्वाट्सप : 6206165107
ईमेल : nbtimesbihar@gmail.com